नई दिल्ली, मंगलवार 01 जुलाई 2025 ■ आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-06 ■ वर्ष : 29, अंक : 77 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 34 न्यून.22 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



फाइल फोटो

# कल से पांच देशों की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री रियो में ब्रिक्स समिट में भाग लेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बुधवार 2 जुलाई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील, घाना, नामीबिया, अर्जेंटीना और त्रिनिदाद-टोबैगो जैसे पांच देशों की आठ दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें वर्तमान में सबसे ज्यादा चर्चा के केंद्र में ब्राजील जैसा देश बना हुआ है। जिसके रियो डी जेनेरियो शहर में 6 से 7 जुलाई को ब्राजील, रूस, भारत और चीन द्वारा संयुक्त रूप से गठित किए गए 'ब्रिक्स' समूह का 17वां शिखर सम्मेलन ⏩ शेष पेज 5 पर

6 से 7 जुलाई तक रियो डी जेनेरियो में होगा 17 वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

रूस, चीन के राष्ट्रपति सम्मेलन में नहीं होंगे शामिल, 2026 में भारत करेगा ब्रिक्स की अध्यक्षता

घाना, नामीबिया और त्रिनिदाद-टोबैगो की संसद के विशेष सत्रों को संबोधित करेंगे पीएम

### भारत 2026 में करेगा ब्रिक्स की अध्यक्षता

*रवि ने कहा, इस वर्ष ब्राजील में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भाग न लेने की जानकारी सामने आ चुकी है। लेकिन भारतीय प्रधानमंत्री की इस महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन में मौजूदगी भारत द्वारा ब्रिक्स समूह के प्रति प्रदर्शित की जाने वाली सद्भावना को प्रदर्शित करती है। इस वर्ष ब्रिक्स सम्मेलन की थीम 'स्ट्रेंदनिंग ग्लोबल साउथ कॉपरेशन' रखी गई है। भारत अगले साल 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा। उस लिहाज से भी पीएम की यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह पीएम मोदी की ब्राजील की चौथी यात्रा होगी। शिखर सम्मेलन में वह वैश्विक शासन में सुधार, शांति-सुरक्षा (आतंकवाद), ग्लोबल साउथ के एजेंडे, बहुपक्षवाद को मजबूत करने और* ⏩ शेष पेज 5 पर

### तीन दशक बाद होगी घाना की यात्रा

*दमू रवि ने कहा, 2 से 3 जुलाई तक पीएम घाना की यात्रा पर रहेंगे। जो कि तीन दशक से अधिक समय में किसी भारतीय पीएम द्वारा की जाने वाली घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर वह यह यात्रा करेंगे। दोनों शीर्ष नेताओं की बैठक में मुख्य रूप से आर्थिक एजेंडा हावी रहेगा। कुछ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर की संभावना है। बैठक में द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा करने, आर्थिक और ऊर्जा, रक्षा सहयोग व विकास सहयोग साझेदारी को आगे बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की जाएगी। ये यात्रा आपसी संबंधों को मजबूती प्रदान करने और ईसीओडब्ल्यूएएस, अफ्रीकी संघ के साथ भारत की भागीदारी को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगा। 3 से 4 जुलाई तक पीएम मोदी त्रिनिदाद-टोबैगो की यात्रा करेंगे। जिसके लिए उन्हें प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने निमंत्रण दिया है। 1999 के बाद किसी भारतीय पीएम की पहली यात्रा होगी। 2025 में त्रिनिदाद-टोबैगो में प्रवासी भारतीयों के आगमन को 180 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वर्तमान में इस देश की प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति दोनों महिलाएं भारतीय मूल की हैं, वकील हैं और खुद को भारत की बेटियों के रूप में वर्णित करती हैं।*

### अर्जेंटीना, नामीबिया की यात्रा भी होगी खास

*यात्रा के तीसरे पड़ाव के रूप में पीएम 4 से 5 जुलाई तक अर्जेंटीना जाएंगे। प्रधानमंत्री माइली के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें आपसी सहयोग की समीक्षा की जाएगी। रक्षा, कृषि, खनन, तेल, गैस, व्यापार-निवेश जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यात्रा के अंतिम चरण में पीएम 9 जुलाई को नामीबिया पहुंचेंगे। नामीबियाई राष्ट्रपति* ⏩ शेष पेज 5 पर

अमेरिका के विदेश मंत्री के निमंत्रण पर हो रही भारत के विदेश मंत्री की अमेरिका यात्रा

# अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जयशंकर, क्वाड की बैठक में भाग लेंगे



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान तनाव और दुनिया के कई भागों में जारी युद्ध के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर सोमवार से अमेरिका की तीन दिवसीय (30 जून से 2 जुलाई तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि विदेश मंत्री ⏩ शेष पेज 5 पर

### आज होगी क्वाड की बैठक

*मंत्रालय ने बताया कि डॉ.एस.जयशंकर मंगलवार 1 जुलाई को क्वाड समूह (अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया) के विदेश मंत्रियों की बैठक के अगले संस्करण में भाग लेंगे। इससे पहले वह 30 जून को अमेरिका पहुंचने पर न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय में आतंकवाद की मानवीय कीमत (द ह्यूमन कास्ट ऑफ टेरेरिज्म) विषय पर आयोजित की जाने वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। जिसमें दुनियाभर में हुए जघन्य आतंकवाद से जुड़े मामलों के अलावा इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा उठाए गए कदमों पर मुख्य रूप से प्रकाश डाला जाएगा।*

आज से रेलवे किराए में बढोतरी

# अब यात्रियों से रेलवे की कमाई होगी 92 हजार 820 करोड़ रुपये

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भारतीय रेलवे ने यात्री ट्रेन सेवाओं के लिए बेसिक किराए में तर्कसंगत बदलाव करने का निर्णय लिया है, जो आज से पूरे देश में लागू होगा। इस फैसले का उद्देश्य रेलवे की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना और यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है। रेल मंत्रालय के अनुसार, यह बदलाव सीमित यात्रियों पर ही प्रभाव डालेगा और इसका असर सामान्य वर्ग के यात्रियों पर न्यूनतम होगा।

रेलवे ने किराए में मामूली वृद्धि की योजना बनाई है, जो मुख्य रूप से लंबी दूरी की यात्रा और प्रीमियम श्रेणियों पर लागू होगी। किराया वृद्धि का कारण रेल मंत्रालय ने बताया कि प्रीमियम एसी क्लास कुल यात्री राजस्व में 54 फीसदी का योगदान करते हैं, जबकि इनकी यात्री संख्या केवल 4.8 फीसदी है। दूसरी ओर, स्लीपर और जनरल क्लास 37 फीसदी यात्रियों को ढोते हैं, लेकिन इनसे आय अपेक्षाकृत कम है। उपनगरीय सेवाएं केवल 30 फीसदी लागत वसूल करती हैं, जबकि नॉन-एसी यात्रा 39 फीसदी और एसी यात्रा 3.5 फीसदी लाभ देती है। इस असंतुलन को कम करने के लिए किराए को तर्कसंगत बनाना जरूरी था। दिसंबर 2024 में रेलवे पर बनी संसदीय स्थायी समिति ने सिफारिश की थी कि एसी क्लास से प्राप्त राजस्व को उसकी लागत से जोड़ा जाए, ताकि घाटे को कम किया जा सके। हालांकि, समिति ने यह भी जोर दिया कि जनरल क्लास की यात्रा आम लोगों के लिए सस्ती बनी रहनी चाहिए। रेल मंत्रालय का अनुमान है कि इस किराया वृद्धि से वित्त वर्ष 2025-26 की शेष अवधि में 700 करोड़ रुपये और पूरे वित्त वर्ष में 920 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। वर्ष 2024-25 में रेलवे ने 736 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान की थी, जिससे 75,215 करोड़ रुपये की आय हुई थी। वर्ष 2025-26 में यात्री संख्या में वृद्धि के साथ कुल राजस्व 92 हजार 800 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। रेल मंत्रालय का कहना है कि यह कदम रेलवे की आर्थिक सेहत को सुधारने के साथ-साथ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में मदद करेगा।

### साधारण नॉन-एसी क्लास

- 500 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए कोई किराया वृद्धि नहीं
- 501 से 1500 किलोमीटर की दूरी के लिए 5 रुपये की वृद्धि
- 1501 से 2500 किलोमीटर की दूरी के लिए 10 रुपये की वृद्धि
- 2501 से 3000 किलोमीटर की दूरी के लिए 15 रुपये की वृद्धि
- साधारण द्वितीय श्रेणी में प्रति किलोमीटर 0.5 पैसा अतिरिक्त किराया

### मेल/एक्सप्रेस नॉन-एसी ट्रेनें

- इन ट्रेनों में प्रति किलोमीटर 1 पैसा अतिरिक्त किराया देना होगा
- एसी सभी क्लास में प्रति किलोमीटर 2 पैसे की वृद्धि प्रस्तावित है
- उपनगरीय और सीजन टिकटः इनमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा

### रिजर्वेशन और अन्य शुल्क

- रिजर्वेशन शुल्क, सुपरफास्ट सरचार्ज, या अन्य अतिरिक्त शुल्कों में कोई वृद्धि नहीं होगी।

# भूटान की यात्रा पर रवाना हुए सेनाप्रमुख, मजबूत होगा दोनों देशों का रक्षा सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



फाइल फोटो

भूटान में बढ़ते चीन के दखल के बीच सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार से भूटान की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए। यात्रा के दौरान वह भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे। साथ ही रॉयल भूटान की सेना के मुख्य प्रचालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग से भी सेनाप्रमुख की मुलाकात होगी। रक्षा मंत्रालय ने 30 जून को एक बयान में बताया कि सेनाप्रमुख जनरल द्विवेदी भूटान में भारतीय दूतावास, सैन्य प्रशिक्षण दल (आईएमटीआरएटी) और परियोजना दंतक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी विचार-विमर्श करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक, सेनाप्रमुख के इस दौरे का उद्देश्य भारत और भूटान के बीच स्थायी रक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है। उनकी ये यात्रा दोनों मित्र देशों के बीच गहरे और समय की कसौटी ⏩ शेष पेज 5 पर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए नामांकन आज

# देर शाम तक साफ हो जाएगा कि कौन होगा मध्यप्रदेश भाजपा का नया 'बॉस'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भाजपा के राज्य निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही साथ राज्य निर्वाचक मंडल की सूची का प्रकाशन भी कर दिया गया। नामांकन पत्र मंगलवार को शाम



डॉ. नरोत्तम मिश्रा | रामेश्वर शर्मा | सांसद आलोक शर्मा

4.30 से 6.30 के बीच में जमा होंगे। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी भी उसी दिन होगी। इसके ⏩ शेष पेज 5 पर

# तेलंगाना में रामचंद्र होंगे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने सोमवार को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गोशामहल विधायक टी राजा ने पूर्व एमएलसी रामचंद्र राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बनाने की खबरों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़



दी। टी. राजा ने भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने लिखा कि बहुत सारे लोग चुप हैं, इसे उनकी सहमति न समझा जाए। यह लाखों कार्यकर्ताओं के लिए सदमे जैसा है। टी राजा ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### महिला कोच पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के रोहतक केंद्र की राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी (एनबीए) की महिला कोच पर राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग मुक्केबाज ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। नाबालिग के माता-पिता ने एफआईआर कराई है। आरोपी के नाम का खुलासा नहीं हुआ।

पीएम मोदी ने किया आर्थिक मदद का ऐलान

सुबह 8:15 से 9:35 बजे के बीच विस्फोट

# सिगाची फार्मा कंपनी में विस्फोट 12 की मौत, 34 लोग हुए घायल

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पासमैलारम फेज 1 इलाके में सोमवार को एक केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक कर्मचारी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पशम्यलारम औद्योगिक एस्टेट में सिगाची फार्मा कंपनी में जहां विस्फोट हुआ, वहां कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल

■ विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चला




गाड़ियों को लगाया गया। मल्टी जोन 2 के महानिरीक्षक वी सत्यनारायण ने बताया कि छह शव बरामद किए गए हैं। चंदा नगर में इलाज के ⏩ शेष पेज 5 पर

विलमिंगटन घोषणापत्र के तहत लांच किया गया यह मिशन

# क्वाड देशों में बढ़ेगा समुद्री सहयोग, लांच हुआ पहला 'समुद्री पर्यवेक्षक मिशन'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच अमेरिकी की अगुवाई में गठित किए गए चार देशों के क्वाड (अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान समूह ने अपने पहले समुद्री पर्यवेक्षक मिशन को लांच किया है। जिससे समुद्री सहयोग को काफी बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चारों देशों के तटरक्षकबलों के बीच समुद्री सुरक्षा और अंतर संचालनीयता को मजबूती मिलेगी। इस मिशन को विलमिंगटन घोषणापत्र के तहत लांच किया गया है। मिशन के तहत अमेरिकी तटरक्षकबल के जहाज यूएससीजीसी स्ट्रेटटॉन पर चारों देशों के दो



अधिकारी तैनात रहेंगे। जिसमें प्रत्येक देश से महिला अधिकारी भी शामिल हैं।

### गुआम में हैं अमेरिकी जहाज

*वर्तमान में अमेरिका के तटरक्षकबल का यह जहाज गुआम में समुद्री यात्रा पर है। समूह देशों के बीच एक जहाज पर सभी भागीदार देशों के अधिकारियों की साझा नियुक्ति क्वाड समूह द्वारा लिए गए सराहनीय कदम का प्रतीक है। जो समूह तटरक्षकबलों के बीच सहयोग, संयुक्त तैयारी, रणनीतिक समन्वय और जागरूकता के साथ एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी और नियम आधारित हिंद-प्रशांत को लेकर सहयोग प्रदान करेगा। यह मिशन क्वाड के सितंबर 2024 में हुए लीडर्स समिट में प्रस्तुत किए गए दृष्टिकोण पर आधारित है। भारत की* ⏩ शेष पेज 5 पर



## सिंचाई विभाग में 4.6 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

# अभियंता और ठेकेदार अरेस्ट

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण (आईएंडएफसी) विभाग में 4.6 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के आरोप में एक निलंबित कार्यकारी अभियंता और एक निजी ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दोनों आरोपियों ने धोखाधड़ी करते हुए कथित तौर पर ऐसे निर्माण कार्यों के लिए 4.6 करोड़ रुपये से अधिक के भुगतान करवाये जो कभी हुए ही नहीं। ये अनियमितताएं उत्तरी दिल्ली के सिरसपुर गांव में जल निकासी और सड़क परियोजनाओं से संबंधित हैं। इन जल निकासी एवं सड़क परियोजनाओं का काम केवल कागजों पर हुआ। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किये गये लोगों में आईएंडएफसी विभाग के एक निलंबित कार्यकारी अभियंता और एक निजी ठेकेदार शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी फर्जी परियोजनाओं और प्रक्रियागत उल्लंघनों से सरकारी धनराशि के गबन की विस्तृत जांच के बाद की गयी।" यह मामला एक आंतरिक जांच के दौरान सामने आया। जांच के दौरान पता चला कि कार्यों के मौके पर सत्यापन किये बिना कुछ ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया। निष्कर्षों के बाद कदम उठाते हुए एसीबी ने व्यापक जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सिरसपुर गांव में सीमेंट कंक्रीट वाली नालियों और सड़कों के निर्माण के लिए 4.6 करोड़ रुपये से अधिक की सार्वजनिक धनराशि जारी की गई थी। हालांकि, जमीनी निरीक्षण और तकनीकी सत्यापन में प्रस्तावित निर्माण कार्यों का कोई नामो-निशान नहीं मिला। जांच में पता चला कि ठेकेदार द्वारा 2.24 करोड़ रुपये की फर्जी प्रदर्शन बैंक गारंटी प्रस्तुत की गई थी और विभाग द्वारा बिना उचित जांच के उसे स्वीकार कर लिया गया था। एसीबी अधिकारी ने कहा कि फर्जी प्रदर्शन गारंटी स्वीकार करना खरीद मानदंडों का गंभीर उल्लंघन है। यह संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत और घोर लापरवाही का स्पष्ट संकेत है। जांच में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की कार्य नियमावली, सामान्य वित्तीय नियम-2005 और केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का भी कई बार उल्लंघन पाया गया। दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया और उन पर भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम और पूर्ववर्ती भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

## रानी बाग में झपटमारी और वाहन चोरी के आरोप में दंपति गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने बाहरी दिल्ली के रानी बाग इलाके में झपटमारी और वाहन चोरी की कई घटनाओं में कथित रूप से शामिल एक दंपति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार दंपति की पहचान राहुल उर्फ मोटा (30) और उसकी पत्नी के रूप में हुई है, जो पहले दोपहिया वाहन चुराते थे, उनका इस्तेमाल झपटमारी एवं डकैती की वारदातों को अंजाम देने के लिए करते थे और फिर कानून प्रवर्तन एजेंसियों की नजरों से बचने के लिए उन्हें (वाहनों को) लावारिस छोड़ देते थे। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) सचिन शर्मा ने कहा, ₹25 जून को एक महिला ने पुलिस से शिकायत की कि जब वह ऋषि नगर के पास एक एरोबिक्स सेंटर जा रही थी, तब स्कूटर पर सवार एक पुरुष और एक महिला उसके पास आए। गुलाबी सूट पहने और पीछे बैठी महिला ने उसकी सोने की चेन छीन ली और पुरुष स्कूटर को तेजी से भगा ले गया।₹ शर्मा के मुताबिक, रानी बाग पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं ने घटनास्थल और उसके आसपास तथा भागने के संभावित रास्तों पर लगे 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। शर्मा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में दिखा एक स्कूटर महिला के बताए वाहन के विवरण से मेल खाता था। जब हमने वाहन के पंजीकरण नंबर का पता लगाया, तो पता चला कि इसे निहाल विहार से चुराया गया था। उसी दिन (वाहन की) चोरी का मामला दर्ज कराया गया था।₹ शर्मा के अनुसार, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरिये संदिग्धों की का लोकेशन का पता लगाया, जिसके बाद वे नांगलोई पहुंचे। उन्होंने बताया कि एक स्थानीय मुखबिर ने संदिग्धों की पहचान सुल्तानपुरी के रहने वाले राहुल उर्फ मोटा और एक महिला के रूप में की। शर्मा ने बताया कि पुलिस को खुफिया जानकारी मिली कि दोनों उत्तम नगर के हस्तसाल में छिपे हुए हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी के बाद आरोपियों को पकड़ लिया गया।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK_LEY AL2820RMC
REG. NO. RJ52GB0121-YOM- 2023
2) EICHR_VECV EPRO2095XP
ENG. NO. HR38AB4315-YOM -2021
3) TATA MOTORS TATAACE
REG. NO. UP15ET9072-YOM-2020
4) EICHR_VECV EVPRO2049
REG. NO. DL1LAE9327-YOM- 2021
5) TATA MOTORS TATA1812
REG. NO. DL01GE2480-YOM- 2023
6) MAH BOLERO_MAX
REG.NO. UP37AT3787-YOM -2019
7) TATA MOTORS INTRA_V50
REG. NO. UP14LT9779-YOM-2023
8) TATA MOTORS TLP709G
REG. NO. HR55AN6495-YOM-2022
9) TATA MOTORS LP407_BUS
REG. NO. HR55AG1264-YOM-2019
10) TATA MOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAJ4079-YOM-2023
11 ) TATA MOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAM0670-YOM-2023
12) TATA MOTORS LPT1109COP
REG. NO. HR38AE9259-YOM-2023
13) TATA MOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAJ6118-YOM-2023

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com


## राजौरी गार्डन में 'आप' का प्रदर्शन, मंत्री सिरसा को बर्खास्त करने की मांग

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि सिरसा की टिप्पणी उत्तर प्रदेश (उप्र) और बिहार के झुग्गीवासियों के खिलाफ थी। हालांकि, मंत्री सिरसा या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से इन आरोपों पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह विरोध उस बयान के बाद हुआ जिसमें सिरसा ने कहा था, ₹मैं अरविंद केजरीवाल, आतिशी और आम आदमी पार्टी से कहना चाहता हूं कि आप रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के लिए जितना चाहे प्रदर्शन कर लें, लेकिन हम उन्हें इस देश में नहीं रहने देंगे हम ऐसी राजनीति में शामिल नहीं होंगे जो दिल्लीवासियों की जान को खतरे में डालती हो। उन्होंने यह भी कहा कि वे (रोहिंग्या और बांग्लादेशी) हर जगह अपराध करते हैं और उनकी बस्तियां तोड़ी जाएंगी।₹ इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आप विधायक संजय झा ने कहा कि भाजपा पिछले कई दिनों से झुग्गियों को तोड़ रही है और अब मंत्री सिरसा ने वहां रहने वालों को रोहिंग्या कहकर सीमा पार कर दी है। इनमें से ज्यादातर लोग उप्र और बिहार से हैं। पूर्वांचल के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। हम मांग करते हैं कि सिरसा माफी मांगें या मुख्यमंत्री उन्हें बर्खास्त करें।₹ प्रदर्शन में शामिल आप नेता विनय मिश्रा ने कहा कि चुनाव से पहले यही व्यक्ति झुग्गियों में रहकर प्रचार करते थे और अब आप उन्हीं लोगों का अपमान कर रहे हैं। भाजपा की पूर्वांचलियों के प्रति नफरत कोई नई बात नहीं है। उनके इस बयान का असर दिल्ली ही नहीं, बिहार के चुनावों में भी देखने को मिलेगा।₹ आप ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विरोध प्रदर्शन का वीडियो साझा करते हुए लिखा कि ाजपा पूर्वांचल के भाइयों-बहनों को बांग्लादेशी रोहिंग्या कहती आई है। अब मंत्री सिरसा ने फिर से पूर्वांचलियों के खिलाफ नफरत फैलाने वाला बयान दिया है। आज 'आप' के नेताओं, कार्यकर्ताओं और पूर्वांचल समाज ने उनके आवास का घेराव किया।

## आजादपुर मंडी में ओवरलोड ट्रकों का संचालन जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एशिया की सबसें बड़ी आजादपुर फल एवं सब्जी मंडी में ओवरलोड ट्रकों व अन्य वाहनों का संचालन जारी है और इससे सड़क हादसों की संभावना बढ़ रही है। आजादपुर मंडी को लेकर सामाजिक कार्यों के पर कार्य कर रहे कार्यकर्ता निशांत गुलाटी ने बताया है कि ओवरलोडिंग वाहन न केवल सड़कों को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे ट्रकों के संचालन पर रोक लगनी चाहिए जो निर्धारित सीमा से अधिक भार लेकर चल रहे हों। इससे न केवल सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि यातायात भी सुचारु रूप से चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के स्पष्ट और सख्त निर्देशों के बावजूद, राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में ओवरलोड और ओवरहाइट वाहन चलते रहते हैं, जिससे जन सुरक्षा को गंभीर खतरा है और न्यायालय के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। माल परिवहन वाहनों के ऊपर यात्रियों को बैठाने की अवैध प्रथा भी देखी गई है, जिससे खतरे और बढ़ गए हैं। निशांत गुलाटी का कहना है कि हालांकि, न्यायालय के इन स्पष्ट न्यायिक निर्देशों के बावजूद कि जमीनी स्तर पर एक्शन नहीं हो रहा है। मालवाहक खुले ट्रंक और कानूनी ऊँचाई और वजन सीमा से कहीं अधिक भार के साथ काम करना जारी रखते हैं। सब्जियों और फलों के परिवहन के लिए यात्री वाहनों का दुरुपयोग किया जा रहा है। मजदूरों सहित यात्रियों को अभी भी चलती गाड़ियों के ऊपर खतरनाक तरीके से ले जाया जा रहा है। बाजारों और वाणिज्यिक क्षेत्रों के आसपास यातायात की भीड़ और सुरक्षा संबंधी खतरे बने हुए हैं।

## 'एमसीडी 311' ऐप पर शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली




■ सिर्फ खानापूर्ति करके चले जाते हैं सफाई कर्मी

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने वर्ष 2023 के अगस्त माह में दिल्ली को पहले से स्वच्छ, बेहतर बनाने और अन्य नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए 'एमसीडी 311' ऐप लॉच किया थी लेकिन अब इस 'एमसीडी 311' ऐप पर सफाई संबंधी शिकायतों का निदान नहीं हो रहा है जिसके चलते नागरिक परेशान हैं और इस पर भेजी गई शिकायतों के समाधान को सिर्फ खानापूर्ति बता रहे हैं। ग्रामीण इलाकों से ऐसी अनेको शिकायते आ रही हैं और निगम की महापौर हेल्पलाइन नंबर 96430-96430 पर भी यही खानापूर्ति जारी है। नरेला विधानसभा के बुढ़पुर गांव, अलीपुर, सिंघू, टीकरी खुर्द में ऐसी शिकायतें आम हो गई हैं जबकि निगम नेता और प्रशासन सफाई के बेहतर दावे कर रहा है। बुढपुर गांव के ग्रामीण भीषम कुमार ने बताया कि बारिश के दौरान बहुत बुरा हाल हो जाता है। निगम की नालियों की गहराई से सफाई यदि हो जाए तो बारिश में गलियों में पानी की समस्या दूर हो सकती है। नालियों से सिल्ट ही नहीं निकाली गई है। वहीं, अलीपुर में अशोक टोकस का भी ऐसा ही कहना है।

'एमसीडी 311' ऐप पर कई बार शिकायतें की गई हैं लेकिन सफाई कर्मचारी आते है और पन्नी आदि निकालकर फोटो खींचकर समस्या का समाधान 'एमसीडी 311' ऐप पर दिखा देते हैं। बता दें कि दिल्ली वर्ष 2023 में दिल्ली की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने 'एमसीडी 311' ऐप का शुभारंभ किया था जबकि कई वर्ष पहले भाजपा के महापौर रविंद्र कुमार महापौर हेल्पलाइन नंबर 96430-96430 का शुभारंभ किया था लेकिन दोनों ही हेल्पलाइन इन दिनों खानापूर्ति में आगे दिख रही है जबकि सफाई के मामले में पीछे हैं। भले ही निगमायुक्त इन हेल्पलाइन की निगरानी की बात करते हैं लेकिन सफाई उचित तरीके से नहीं हो रही है।

## धीमी गति से चल रहा है नालों की सफाई के बाद का कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

■ कई जगह लग रहा है यातायात जाम, लोग परेशान

दिल्ली में इस मानसून के दौरान जलभराव नहीं हो सके इसके लिए दिल्ली में अनेकों जगह नाले व नालियों की सफाई और सड़क पर होने वाले जलभराव की समस्या को देखते हुए इंटरलॉकिंग टाइल से विकास कार्य जैसे कार्य चल रहे हैं लेकिन ऐसे कार्यों की सुस्त रफ्तार से लोग बहुत परेशान हैं। जानकारी के अनुसार बता दें कि उत्तरी दिल्ली के जहांगीर पुरी से आजादपुर की तरफ जाते समय बड़े नालों से सिल्ट निकालने के लिए नालों का उखाड़ दिया है लेकिन यहां इन दिनों भी सिल्ट साइड में ही पड़ी है और नालों को ढ़कने का कोई कार्य नहीं किया गया है जिसके चलते यहां मार्ग पहले की अपेक्षा अब कम हो गया है और यातायात जाम का कारण बन रहा है।

नरेला विधानसभा में एनएचएआई के साथ बकौली गांव से अलीपुर शनिमंदिर की तरफ से जाते समय मुख्य मार्ग पर जहां करीब दो सौ मीटर में बड़ी मात्रा में जलभराव होता था, यहां इंटर लॉकिंग टाइल के माध्यम से सड़क बनाने का कार्य जारी लेकिन इस कार्य को भी धीमी गति से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इन कार्यों की ऐसे ही गति बनी रही तो लोगों के आवागमन की बहुत दुर्गति होगी। बता दें कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के नेता और आलाधिकारी मानसून में जलभराव नहीं हो, इसकी सफाई को लेकर सकारात्मक दावे कर रहे हैं लेकिन जमीन पर यह दावे उचित नजर नहीं आ रहे हैं।


**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
**खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा-131305**
हरियाणा की राज्य विधायिका के अधिनियम द्वारा स्थापित और यूजीसी एक्ट 1956 की धारा 2 (एफ) और 12(बी) के तहत यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त एक राज्य विश्वविद्यालय

**अधिसूचना**

सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या 201/2023 से 204ए/2023, 207/2023 से 210/2023, 213/2023 से 227/2023, 230/2023, 232/2023, 234 से 238/2023, 240 से 241/2023 और 243/2023 से 246/2023 के तहत विज्ञापित गैर-अध्यापन पदों को प्रशासनिक कारणों की वजह से एतद द्वारा वापिस ले लिया गया है।

सभी आवेदक भुगतान किए गए शुल्क सह आवेदन प्रपत्र के प्रमाण सहित इस सूचना के 60 दिन के अंदर (ऑनलाइन / ऑफलाइन मोड के माध्यम से) रिफंड के लिए आवेदन कर सकते हैं। 60 दिन के पश्चात, शुल्क की वापसी के लिए किसी आग्रह पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदक विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpswomenuniversity.ac.in पर पधार सकते हैं।

संवाद-1239/11/86/2026/36086/सी/88/7 दि. 30.06.25 रजिस्ट्रार



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजीत कुमार पुत्र गया सिंह, निवासी वीपीओ इंजोर, थाना महेंदिया, जिला अरवल, बिहार** एवं वर्तमान पताः **के-203, लाल कुआँ, बदरपुर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 02/2017, U/S 279/337 IPC, अन्तर्गत थाना फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीत कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीत कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 02/2017, U/S 279/337 IPC, अन्तर्गत थाना फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजीत कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री आशीष कुमार मीना**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01 (दक्षिण)**
**कमरा नं. 214,**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/8515/SD/2025(Court Matter)**


### दिल्ली के पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

# डॉ साहिब सिंह के लिए राजनीति सत्ता की दौड़ नहीं, परिवर्तन का माध्यम थी : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



**डॉ साहिब सिंह के शासनकाल में हुआ दिल्ली का समग्र विकास : सचदेवा**

प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि डॉ साहिब सिंह वर्मा द्वारा दिल्ली देहात में किया विकास और उनके शासनकाल में हुआ दिल्ली का समग्र विकास अद्वितीय हैं जिनको हम कभी भूल नहीं सकते हैं। उनके कुशल नेतृत्व और उनके आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। डॉ. साहिब सिंह वर्मा के अधूरे कार्यों और दिल्ली के विकास को लेकर जो उनके सपने थे उसे दिल्ली भाजपा सरकार पूरा करने का काम शुरु कर चुकी है। सचदेवा ने कहा कि डॉ साहिब सिंह वर्मा ऐसे मुख्यमंत्री थे जो हफ्ते में दो-तीन बार सुबह-सुबह ही दौरे पर निकल जाते थे और लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनते थे। यही कारण है कि वह आज भी दिल्ली के लोगों के मन में रचे-बसे हुए हैं।



**जरूरतमंदों को सहायक उपकरण किए वितरित**

प्रवेश वर्मा ने कहा कि पिताजी के लिए राजनीति सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा का साधन थी। जब आज हम इन जरूरतमंदों को सहायक उपकरण दे रहे हैं, तो ऐसा लगता है कि उनकी आत्मा हमारे साथ है और हमें सही राह दिखा रही है। यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने की दिशा में एक संकल्प है। दिव्यांग जनों के लिए भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ने विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया और इस शिविर में दिव्यांगजन भाई-बहनों को एडीआईपी योजना के अंतर्गत और वरिष्ठ नागरिकों को राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि पिताजी के जीवन मूल्यों और सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचे, यही मेरा प्रयास है। जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ लोग इस आयोजन में उपस्थित हुए, वह दर्शाता है कि साहिब सिंह वर्मा आज भी लोगों के हृदय में जीवित हैं।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ साहिब सिंह वर्मा मानते थे कि राजनीति सत्ता की दौड़ नहीं, परिवर्तन का माध्यम होनी चाहिए। दिल्ली सरकार में केबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने सोमवार को दिल्ली देहात के घेवरा मोड़ स्थित स्वाभिमान स्थल पर अपने पिता स्वर्गीय डॉ साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि के बाद यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि उनके पिता जी का योगदान केवल एक राजनेता तक सीमित नहीं था। वे एक शिक्षाविद्, समाज सुधारक, और ऐसे नेता थे जिन्होंने ग्रामीण भारत और नगरीय प्रशासन के बीच सेतु का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज, उनके जाने के वर्षों बाद भी साहिब सिंह वर्मा हर उस गली, हर उस विद्यालय, हर उस किसान, और हर उस नवयुवक के दिल में जीवित हैं जिसे उन्होंने अपने कार्यों, अपनी सोच और अपनी सादगी से कभी छुआ था। प्रवेश ने कहा कि साहिब सिंह ने दिल्ली के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को अपना परिवार माना। इस अवसर पर उन्होंने परिजनों के साथ प्रसाद वितरण किया और पुण्यतिथि पर हवन व प्रार्थना सभा में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले सभी

श्रद्धेयजन व शुभचिंतकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी, योगेन्द्र चंदोलिया एवं बांसुरी स्वराज, हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु सहित भाजपा के कई विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने स्वाभिमान स्थल जाकर हवन किया एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**'देहात के शेर' के नाम से जन-जन के प्रिय बने : प्रवेश**

केबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि मुंडका गांव के एक किसान परिवार से निकलकर साहिब सिंह वर्मा दिल्ली की राजनीति के शीर्ष तक पहुंचे। लेकिन उन्होंने कभी अपनी जड़ों से दूरी नहीं बनाई। वे दिल्ली देहात की आत्मा को साथ लेकर चले और "देहात के शेर" के नाम से जन-जन के प्रिय बने। मुख्यमंत्री रहते हुए भी उन्होंने किसानों, मजदूरों, अध्यापकों और छोटे व्यापारियों के सुख-दुख में बराबरी से भागीदारी निभाई। स्वाभिमान संस्थान ने इस प्रार्थना सभा का आयोजन किया।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | पीटीपीएस में 1×210 एमडब्ल्यू, 2×250 एमडब्ल्यू हेतु ऑटोमेटेड कोल हैंडलिंग प्लांट-पार्ट-ए और पार्ट-बी, हैवी मशीनरी, माशलिंग यार्ड और अन्य सहायक कार्यों के प्रचालन व रखरखाव के लिए वार्षिक दर अनुबंध। | 26.06.2025 28.07.2025 | 8513.37 लाख | www.hpgcl.org.in | 1802566015 xenmtcplg1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36091/I/88/7 दि. 30.06.25

### युवाओं को मिलेगा सरकार के साथ मिलकर काम करने का अवसर

# सीएम रेखा गुप्ता ने 'विकसित दिल्ली मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम' किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को 'विकसित दिल्ली मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम' का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली के युवाओं को दिल्ली सरकार के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। यह इंटर्नशिप युवाओं को शासन की चुनौतियों से परिचित कराएगी और उन्हें समाधानकारी सोच विकसित करने का मंच देगी। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह दिल्ली सरकार की ऐतिहासिक पहल है, जिससे युवाओं को राजधानी का भविष्य गढ़ने में अपनी भूमिका मजबूत करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत 150 होनहार युवाओं का चयन किया जाएगा, जो तीन महीनों तक दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों, वरिष्ठ अधिकारियों और जमीनी परियोजनाओं के साथ प्रत्यक्ष रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रामाणिक बनाया गया है, ताकि श्रेष्ठ युवा नेतृत्व सामने आए। सबसे पहले, ऑनलाइन आवेदन के तहत अभ्यर्थियों की सोच, नेतृत्व क्षमता, नागरिक दृष्टिकोण और प्रशासन की समझ को परखा जाएगा। इसके बाद 300 चयनित अभ्यर्थियों को एक दिवसीय बूट कैंप में आमंत्रित किया जाएगा, जिसमें संवाद, कार्यशालाएं और अंतिम निबंध लेखन के जरिए 150 युवा चुने जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि हर इंटर्न को तीन महीने तक 20,000 रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा, ताकि उनका समर्पण और श्रम सम्मानित हो सके। दिल्ली सरकार का मानना है कि यह केवल इंटर्नशिप नहीं, बल्कि दिल्ली के भविष्य का सह-निर्माण है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम तीन चरणों में युवाओं की यात्रा को आकार देगा। पहले चरण में उन्हें दिल्ली सरकार की संरचना, प्रशासन, नीति-निर्माण और सामाजिक समस्याओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरे चरण में वे 70 विधानसभा क्षेत्रों में फील्डवर्क करेंगे, जहां लोगों से बातचीत कर समस्याएं पहचानेंगे और समाधान तैयार करेंगे। तीसरे चरण में विभागों में उनकी प्रतिनियुक्ति होगी, जहां वे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ काम करके 10 प्रमुख समस्याओं पर नीति-पत्र तैयार करेंगे, जिनमें से शीर्ष 2 पॉलिसी डाक्यूमेंट्स मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार इस कार्यक्रम का एक और महत्वपूर्ण उद्देश्य 'विकसित दिल्ली एम्बेसडर' तैयार करना है। चयनित युवा भविष्य में अपने कॉलेजों, समुदायों और सोशल प्लेटफॉर्म पर विकसित दिल्ली की सोच और नीतियों को आगे बढ़ाएंगे। यह इंटर्नशिप युवाओं को शासन की चुनौतियों से परिचित कराएगी और उन्हें समाधानकारी सोच विकसित करने का मंच देगी।



#### इस पहल से दिल्ली में जन-भागीदारी आधारित शासन को नई दिशा मिलने की है उम्मीद

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस ऐतिहासिक पहल से दिल्ली में जन-भागीदारी आधारित शासन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है, जो न सिर्फ नीति-निर्माण में लोकतांत्रिक सोच को मजबूती देगा, बल्कि युवाओं को सकारात्मक परिवर्तन का वाहक भी बनाएगा। हमारी सरकार का विश्वास है कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से युवा सिर्फ शासन को नजदीक से देखेंगे ही नहीं, बल्कि उसमें बदलाव लाने का अवसर भी पाएंगे। हमारे शहर का हर सपना, हर संघर्ष, हर उम्मीद इंटर्न्स की ऊर्जा से पूरी होगी। मुख्यमंत्री का मानना है कि 'विकसित दिल्ली मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम' से सरकार को भी सीखने का अवसर मिलेगा। दिल्ली सरकार सिर्फ सिखाने को नहीं, सीखने को भी तैयार है। युवा जब अपने नए विचार, साहसिक दृष्टिकोण और रचनात्मक सोच लेकर आएंगे, तो प्रशासन भी उनसे प्रेरणा लेकर खुद को बदलेगा। यह पारस्परिक संवाद लोकतंत्र को और अधिक जीवंत और गतिशील बनाएगा।

#### इंटर्नशिप के जरिए युवा स्मार्ट गवर्नेंस को मजबूती देने में करेंगे सहयोग

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार आज की युवा पीढ़ी तकनीक, डिजिटल क्रांति और वैश्विक सोच के साथ पली-बढ़ी है। ऐसे में इस इंटर्नशिप के जरिए वे डिजिटल समाधान, स्मार्ट गवर्नेंस और डेटा-आधारित नीतियों को भी मजबूती से आगे बढ़ा सकते हैं। इससे न सिर्फ सरकारी प्रक्रियाएं सरल और पारदर्शी बनेंगी, बल्कि जनता का भरोसा भी और गहरा होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं को समावेशिता का भी पाठ पढ़ाया जाएगा। दिल्ली जैसे बहु-विविध और बहु- सांस्कृतिक महानगर में किसी भी नीति का केंद्र समाज के हाशिए पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना होना चाहिए। इंटर्नशिप में शामिल युवाओं को यह समझाया जाएगा कि दिल्ली का विकास तभी सच्चा विकास होगा, जब हर तबके को बराबरी का अवसर मिलेगा।

## मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में किया एमएलए लाउंज का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में नवनिर्मित एमएलए लाउंज का उद्घाटन किया। वर्षों से बंद पड़े इस एमएलए लाउंज में जनप्रतिनिधियों को एक सुसज्जित, शांत और सुविधा-संपन्न वातावरण मिलेगा, जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक कुशलता व प्रभावशीलता से कर सकेंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि पिछली सरकारें संवाद नहीं, अलगाव में विश्वास रखती थी, इसलिए सालों पहले लाउंज बंद कर दिया था। हमारी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन किया है। यह लाउंज विधायकों को अधिकारियों से संवाद, बैठकों के आयोजन और क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान में तेजी लाने में सहयोग करेगा। यह केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि जनसेवा को गति देने का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार के समय विधायकों को मुख्यमंत्री कार्यालय में आने की अनुमति नहीं थी। अधिकारी भी अंदर नहीं जा पाते थे। हाल यह था कि पत्रकारों को भी सचिवालय में आने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस लाउंज को हमने इसलिए सुविधाओं के साथ शुरू किया क्योंकि यह सबकी साझी सरकार है। आज हमारी सरकार में माहौल भी बदला हुआ है। विधायकगण तो मुख्यमंत्री कार्यालय में सीधे प्रवेश कर सकते हैं, अब तो पत्रकार भी मुख्यमंत्री कार्यालय तक जा सकते हैं। जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारी तक, कर्मचारी के अलावा मीडिया भी अब यहां बेहतर महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि एमएलए लाउंज का उद्घाटन हमारी सरकार की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करेगा और बेहतर माहौल देगा। यही फर्क है पिछली सरकार और आज की सरकार में। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का यह कदम विधायकों के कामकाज में पारदर्शिता, सहूलियत और समर्पण को बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह लॉउंज विधायकों के लिए एक ऐसा सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराता है, जहां विधायकगण बैठकर अपने क्षेत्र की समस्याओं पर विचार-विमर्श कर सकें, अधिकारियों से संवाद कर सकें और आवश्यक बैठकों का आयोजन कर सकें। यह लॉउंज विशेष रूप से जनप्रतिनिधियों के कार्यों को अधिक प्रभावी और सुगम बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लॉउंज न केवल कार्य के लिए एक उपयोगी स्थान है, बल्कि यह सुंदर और सुसज्जित भी है, जिससे सभी विधायकों को एक सकारात्मक वातावरण मिलता है।

## सभी विभाग कांवड़ यात्रा की तैयारियां आज से ही करें शुरू : आशीष सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



दिल्ली के सभी विभाग कांवड़ यात्रा की तैयारियां आज मंगलवार से ही शुरू कर दें। यह निर्देश सोमवार को दिल्ली के गृह एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कांवड़ यात्रा-2025 की तैयारियों को लेकर एक विशेष समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कावंड़ यात्रा के प्रभारी मंत्री कपिल मिश्रा, विधायक गण अनिल शर्मा, संजय गोयल, प्रद्यम्न राजपूत के अलावा दिल्ली पुलिस, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग,बिजली वितरण कंपनियां, ऊर्जा विभाग, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, फायर विभाग, शहरी विकास विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि वे संबंधित जिलाधिकारियों के संपर्क में रहते हुए तैयारियों को कल से शुरू करें। सभी 11 जिलों के एडीएम को इसका नोडल अधिकारी बना दिया गया है ताकि कावंड़ समितियों को संबंधित विभागों से सारे कागज पूरे होने पर अनापति प्रमाण पत्र एक ही स्थान पर दी जा सके। आज सुबह 9 बजे से सभी डीएम कार्यालयों में समितियों का पंजीकरण का काम शुरू हो जाएगा। एडीएम सभी नोडल अधिकारी की सूची आज ही जारी कर देंगे ताकि समितियों को कोई परेशानी न हो। बैठक के बाद सूद ने बताया कि 19 जून को की गई बैठक में सभी विभागों को दिए गए निर्देशों के अनुपालन के समीक्षा के लिए यह बैठक रखी गयी थी। दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह निर्णय लिया है कि दिल्ली सरकार 11 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा में सभी श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि बैठक में मंडलीय आयुक्त को निर्देश दिए गए की कावंड़ यात्रा के शुरू होने में अब कम समय रह गया है इसलिए सारी तैयारियां युद्ध स्तर पर पूरी होनी चाहिए। मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार मुख्यमंत्री धार्मिक उत्सव समिति की देखरेख में कांवड़ यात्रा और शिविरो में सुविधाओं की व्यवस्था कर रही है। अब तक लागू टेंडर सिस्टम को समाप्त करके फंड्स अब सीधे डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए कांवड़ समितियों के खातों में हस्तांतरित किए जाएंगे। सूद ने मंडलीय आयुक्त को निर्देश दिये कि वह डीबीटी की प्रक्रिया को भी आज से शुरू करें।

मंत्री सूद ने एमसीडी के अधिकारियों को कांवड़ यात्रा के मार्ग में किसी प्रकार का अतिक्रमण या मलवा आदि न हो इसको सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सूद ने बताया कि कांवड़ यात्रा के समय दिल्ली में प्रवेश करने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सेवा दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे की कावड़ यात्रियों को उनके तयशुदा मार्ग में किसी प्रकार की असुविधा न हो।




गुमशुदा की तलाश

नाम मनोज दोसाद पुत्र स्व० श्री सोहन दोसाद पता L-32, IInd Floor, प्रताप नगर दिल्ली, उम्र 37 वर्ष कद 5'5" इंच रंग गौरा जिसके दोनों हाथ पर टेटू बने हुए है। जिसकी मोटर साईकिल Splendor Black Color जिसका नम्बर HR06AC2897 है। जो घर से दिनांक 28-06-2025 शनिवार सुबह 10:30 बजे निकला उसके बाद से लापता है। तलाश करने वाले को 100000/- रूपये का ईनाम दिया जायेगा। संपर्क करें अतुल -9899093000


## खबर संक्षेप

### एमसीडी ने जल जनित बीमारियों के प्रति किया जागरूक

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के सिविल लाइन जोन के कादीपुर वार्ड में जल जनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया के प्रति जागरूकता के लिए हाल ही में कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम निगम पार्षद मुनेश देवी व निगम अधिकारी बबीता बिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें आरडब्ल्यूए नत्थूपुरा, आरडब्ल्यूए सुशांत विहार, आरडब्ल्यूए आईपी कॉलोनी समेत क्षेत्र के समाजसेवी, स्थानीय निवासी गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में निगम पार्षद मुनेश देवी ने जनता से डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए विभाग के साथ सहयोग करने की अपील की, वही निगम पार्षद प्रतिनिधि राहुल शर्मा ने विगत तीन वर्षों में निगम पार्षद कार्यालय द्वारा किये जाने वाले कार्यो पर प्रकाश डाला और आगामी 45 -60 दिनों में युद्धस्तर पर डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं, निगम अधिकारी बबीता बिष्ठ ने डेंगू, मलेरिया आदि मच्छरों के पनपने, बचाव व सावधानी के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निगम पार्षद प्रतिनिधि राहुल शर्मा, मलेरिया इंस्पेक्टर रामकरण दहिया, चेतन सैनी आदि की भूमिका रही।

### दिल्ली नगर निगम के 240 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 240 कर्मचारी सोमवार को सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पी पी ओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। निगम प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मियों को दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किये। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

## झुग्गीवासियों की आंखों में धूल झोंक रहे हैं केजरीवाल : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



भाजपा द्वारा हजारों झुग्गियों को ध्वस्त करने के बाद अचानक आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल झुग्गी वालों के प्रति सहानूभूति प्रकट करके गरीब लोगों की आंखों में धूल झौंक रहे है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में केजरीवाल को घेरते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद है कि केजरीवाल के दिल्ली की सत्ता में रहते हुए 11 साल से अधिक समय तक झुग्गीवासियों की दुर्दशा और बदहाली की अनदेखी करने के कारण जब दिल्ली के लोगों ने भ्रष्ट आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल कर दिया तब केजरीवाल 4 महीनों तक दिल्ली को बेसहारा छोड़ पंजाब चले गए। अध्यक्ष यादव ने कहा कि जब रेखा गुप्ता सरकार ने भाजपा की बी टीम आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर झुग्गी झौपड़ी बस्तियों पर बुलडोजर चलाकर उजाड़ना शुरु किया तब केजरीवाल ने जानबूझकर चुप्पी साधे रखी जबकि मीडिया के सामने बड़े-बड़े दावे किए और दिल्ली कांग्रेस द्वारा पूछे गए 10 सवालों का जवाब देने से वह भाग रहे हैं।

#### 45 हजार फ्लैट्स के आवंटन की नहीं की परवाह

देवेंद्र यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने न तो 2015 में राजीव रत्न आवास योजना के तहत निर्मित किए गए 45 हजार फ्लैट्स के आवंटन की परवाह की जो झुग्गी वालों के पुनर्वास के लिए बनाए गए थे और न ही उनकी सरकार ने गरीबों के लिए एक भी फ्लैट का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की दिल्ली सरकार द्वारा जे.जे. कलस्टर पर बुलडोजर चलाने की हिम्मत नहीं पड़ती अगर आम आदमी पार्टी की सरकार अदालत के सामने जेजे कलस्टर के ध्वस्तीकरण के मामले को सही ढंग से प्रस्तुत किया होता और वादा किया होता कि गरीबों के पुनर्वास की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

### 'कंसेंट टू एस्टैब्लिश' और 'कंसेंट टू ऑपरेट' की प्रक्रिया शुरू : सिरसा

**नई दिल्ली।** औद्योगिक क्षेत्रों को सुव्यवस्थित करने और प्रदूषण नियंत्रण उपायों को मजबूत करने के लिए, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने दिल्ली के 25 अधिसूचित औद्योगिक क्लस्टरों के लिए 'कंसेंट टू एस्टैब्लिश' और 'कंसेंट टू ऑपरेट' की प्रक्रिया को फिर से शुरू कर दिया है। इस बात की जानकारी दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को दी है। गौरतलब है कि इन क्लस्टरों में मास्टर प्लान, दिल्ली 2021 के तहत रिडेवलपमेंट की अनुमति वर्षों से रुकी हुई थी। लंबे समय से रुकी प्रक्रिया 2023 के बाद शुरू की गई है। इसे उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के नेतृत्व में दोबारा शुरू किया गया है। उद्योग विभाग ने यह बताया है कि पुनर्विकास के लिए नई समय-सीमाएं दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा विचाराधीन हैं और उद्योग क्षेत्रों का पुनर्विकास उसी के अनुसार किया जाएगा। मंत्री सिरसा ने कहा कि यह निर्णय सिर्फ प्रशासनिक अनुमति से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह दिल्ली में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार और सजग उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में एक जरूरी कदम है। 'कंसेंट' के आवेदन प्रक्रिया को फिर से शुरू करके हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी औद्योगिक गतिविधि पर्यावरणीय जांच के बिना न चले।

## मानदंडों को दरकिनार कर भाजपा ने बनाई शिक्षकों की वरिष्ठता सूची : अंकुश नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली




■ तत्काल जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करें महापौर

भाजपा ने अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए मानदंडों को दरकिनार कर वरिष्ठता सूची बना दी और पैसा कमाने के लिए भाजपा ने सारी हदें पार करते हुए अपने लोगों को सेट करने के लिए गंभीर बीमारी से पीड़ति टीचरों का जबरदस्ती तबादला कर दिया, जबकि उन्होंने तबादला करने के लिए आवेदन भी नहीं किया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व एमसीडी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा पर उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अब भाजपा की एमसीडी वरिष्ठता सूची गलत होने के बाद भी उसी के आधार पर टीचरों के प्रमोशन की लिस्ट भी जारी करने जा रही है। महापौर राजा इकबाल से मांग है कि वह वरिष्ठता सूची, प्रमोशन, तबादला नीति और यूनिफॉर्म मामले की तत्काल जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करें।

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि तबादला नीति को नजरअंदाज कर ट्रांसफर करने के खिलाफ शिक्षक यूनियन ने प्रदर्शन किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वरिष्ठता सूची गलत होने के बाद भी भाजपा की एमसीडी उसी के आधार पर शिक्षकों के प्रमोशन की लिस्ट भी जारी करने जा रही है।

#### साढ़े 6 करोड़ के आर्थिक नुकसान के लिए जिम्मेदार कौन

नरेला जोन में 6 करोड़ 60 लाख में 60 हजार बच्चों के लिए खरीदी गई यूनिफॉर्म 10 साल गोदाम में पड़ी रही, जांच रिपोर्ट के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह यूनिफॉर्म 2013-14 में भाजपा शासित एमसीडी ने खरीदी थी। इसमें एक जांच कमेटी बनी और उसने 31 मार्च 2025 को शिक्षा निदेशक को अपनी रिपोर्ट सौंपी और 6 जून 2025 को निदेशक ने उपायुक्त को रिपोर्ट भेजी। अभी तक किसी पर कार्रवाई नहीं हुई है। अधिकारियों को बचाया जा रहा है। 6 करोड़ 60 लाख रुपए के आर्थिक नुकसान के लिए जिम्मेदार कौन है। इसका भुगतान कौन करेगा। शिक्षा विभाग और इसके जोनल अधिकारियों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड सुपर स्पेशियलिटी



अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अस्पताल के विभिन्न विभागों के डॉक्टरों ने न केवल अपने अनुभव सांझा किए, डॉक्टरों की भूमिका और उनके मानसिक स्वास्थ्य की ओर भी ध्यान देने की अपील की। डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि डॉक्टर्स डे केवल सम्मान का अवसर नहीं है।

### सेवानिवृत 4 पुलिसकर्मी का विदाई समारोह

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस परिवार के 4 सदस्यों का विदाई समारोह का आयोजन कार्यालय



पुलिस आयुक्त सेक्टर-21 सी में किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, भलाई निरीक्षक सहित पुलिस आयुक्त कार्यालय के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में फरीदाबाद पुलिस विभाग में सेवा देने वाले इंस्पेक्टर सत्यवान, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, इंस्पेक्टर पलटू खान व राजेश कुमार की सेवानिवृति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई।

### डिलीवरी बॉय की हत्या में आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डिलीवरी बॉय की हत्या के प्रयास के मामले में थाना



बीपीटीपी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना बीपीटीपी में वीर सिंह निवासी हरी विहार, आदर्श नगर फरीदाबाद ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके चाचा का लड़का जो कि डिलीवरी बॉय का काम करता है। 27 जून को ऑर्डर देने केएलजी ब्लॉक बी में गया था। जिस शिकायत पर थाना बीपीटीपी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की मामले में कार्रवाई करते हुए थाना बीपीटीपी की टीम ने नितिन निवासी गांव नीमका फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

## फरीदाबाद में कार्यक्रम का निमंत्रण देने पहुंचे हरियाणा सरकार के मंत्री रंगवा

# महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती का राज्य स्तरीय समारोह 13 जुलाई को भिवानी में होगा आयोजितः रणवीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुषों की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी 13 जुलाई को भिवानी में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रण देने के उद्देश्य से लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा सोमवार को फरीदाबाद पहुंचे। पीडबल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार योजना के तहत समाज के विभिन्न वर्गों के महान संतों और महापुरुषों की जयंती मनाने की परंपरा शुरू की गई है।



### मंत्री का पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया

इस परंपरा के तहत महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती भी पूरे राज्य स्तर पर बड़े पैमाने पर मनाई जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि संत महापुरुष समाज को मार्गदर्शन देने के लिए अवतरित होते हैं। उनका स्मरण और सम्मान करना हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। उन्होंने लोगों से 13 जुलाई को भिवानी पहुंचकर इस ऐतिहासिक समारोह में शामिल होने का आह्वान किया। फरीदाबाद आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों, प्रजापति समाज के गणमान्य लोगों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री गंगवा का पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित सभा में प्रजापति समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्री गंगवा को आश्वासन दिया कि फरीदाबाद जिला से बड़ी संख्या में लोग भिवानी के समारोह में भाग लेंगे। मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत के अनुसार समाज के सभी वर्गों को न्याय और अवसर देने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। सरकार ने युवाओं को मेरिट के आधार पर रोजगार दिए हैं तथा आरक्षित वर्गों के लंबित बैकलॉग को भी भरा जा रहा है, जो पहले की सरकारों में उपेक्षित था। राज्य सरकार द्वारा संत कबीरदास जयंती, महर्षि कश्यप जयंती, भगवान परशुराम जयंती, धन्ना भगत जयंती, महर्षि वाल्मीकि एवं संत रविदास जयंती जैसे कार्यक्रम आयोजित कर संतों और महापुरुषों का सम्मान किया गया है।

## संत गोपाल दास ने दिया फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति को समर्थन

### 11वें दिन भी जारी रही भूख हड़ताल

# फरीदाबाद को 'ए' ग्रेड का ट्रॉमा सेंटर देने की मांग की

### 11 दिन की भूख हड़ताल के बावजूद कोई स्थानीय मंत्री विधायक धरना स्थल पर नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा द्वारा 211 दिनों से दिए जा रहे धरने व 11 दिनों से चल रही भूख हड़ताल से उनका स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज की गई है। रोजाना की तरह सिविल अस्पताल के डाक्टरों द्वारा सतीश चोपड़ा का स्वास्थ्य जांचा गया तथा उन्हें भूख हड़ताल समाप्त करने का भी अनुरोध किया है। चोपड़ा ने पिछले 11 दिनों से भूख का त्याग कर दिया है, केवल चाय व नारियल पानी ले रहे है। बीती सायं हरियाणा के मशहूर अनशनकारी गोभक्त संत गोपालदास भी यहां धरना स्थल पर पहुंचे और सतीश चोपड़ा को समर्थन करते हुए कहा कि सतीश का यह त्याग और तपस्या इतिहास में बेशक लिखी न जाए परंतु प्रत्येक धरने से जुड़े लोगों और शहर वासियों के जहन में रहेगा।



सरकार को अविलंब सतीश चोपड़ा की मांगों पर काम शुरू करवाना चाहिए और शांतिपूर्वक चले रहे धरने को समाप्त करवाना चाहिए। सतीश चोपड़ा ने कहा 211 दिन के धरने व 11 दिन की भूख हड़ताल के बावजूद कोई स्थानीय मंत्री विधायक सक्षम अधिकारी धरना स्थल पर नहीं आया यह इनकी संवेदनहीनता और अहंकार को दर्शाता है यह रवैया लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है व संविधान की हत्या है।

इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर संजय भाटिया व उनकी टीम भी धरने पर उपस्थिति दर्ज करवा रही है। भाटिया ने भी केन्द्र व राज्य सरकार से रेफर मुक्त संघर्ष समिति की मांगों पर गहनता से कार्य करें और हरियाणा के सबसे बड़े औद्योगिक शहर को ए ग्रेड के ट्रोमा सेंटर की सौगात दें। इस अवसर पर विजय दहिया, वीरेंद्र तंवर, सरदार उपकार सिंह, सरदार प्रीतपाल सिंह, एनपी सिंह एडवोकेट, राजेश अहलावत, सुनील कुमार, प्रमोद भड़ाना, भारत भाटिया, सतेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नगर निगम बोर्ड में हंगामा

# बढ़ा टैक्स नहीं लेगा निगम, पार्षदों के विरोध के चलते 'प्रस्ताव निरस्त'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सोमवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक हंगामेदार रही। बैठक में बढ़ा टैक्स नहीं वसूलने के निर्णय लिया गया। पार्षदों व जनप्रतिनिधियों के विरोध के चलते इसे निरस्त कर दिया गया। बैठक में महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम बढ़ा हुआ टैक्स नहीं लेगा। बढ़ा हुआ टैक्स को स्थगित किया जाता है। उन्होंने कहा कि जितना फंड होगा उतना ही विकास होगा। टैक्स पर कर्मचारियों के जवाब देही होगी तय। नीचे के कर्मचारियों की मिली भगत की भी होगी जांच। टैक्स का बिल बनाने के लिए कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने कहा कि निगम को आत्मनिर्भर बनाना होगा। आगे बुलाया जाएगा सदन तभी होगा तय की कितना लगेगा टैक्स इससे पहले नगर निगम सदन में महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में निगम की स्पेशल बोर्ड बैठक शुरू हुई। वंदे मातरम के बाद शुरू हुई निगम सदन में नगर निगम के जरिए बढ़ाए गए संपत्ति कर का मामला गरमाया। निगम की स्पेशल बोर्ड बैठक में निगम पार्षदों ने बढ़े हुए संपत्ति कर का विरोध दर्ज कराया। पार्षदों ने इस मुद्दे पर कड़ी आपत्ति जताई और निगम के इस फैसले को वापस लेने की मांग सनजी8 की। महापौर ने सभी पार्षदों से बड़े हुए टेक्स पर उनकी राय मांगी । बोर्ड बैठक में हंगामे के बीच महापौर और नगर आयुक्त ने पार्षदों को समझाने का प्रयास किया। संपत्ति कर के मुद्दे पर निगम पार्षदों और निगम प्रशासन के बीच तकरार बढ़ती दिख रही है। इस मुद्दे पर आगे क्या कार्रवाई होगी, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। फिलहाल सदन में इस मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा जारी है। महापौर ने सदन में सभी पार्षदों की राय मांगी। पार्षद रुखसाना टैक्स के विरोध में तख्ती लेकर सदन में पहुंची। बैठक में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजित पाल त्यागी, संजीव शर्मा समेत तमाम पार्षद व निगम अधिकारी

# टेलीग्राम टास्क के माध्यम से 84 हजार रुपए की ठगी, 2 पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

टेलीग्राम टास्क के माध्यम से 84 हजार रुपए की ठगी करने के आरोपी खाताधारक सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सैक्टर 25 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि वह 13 मई को इंस्टाग्राम पर सर्फिंग कर रहा था। जहां उसने डेली टास्क के नाम का विज्ञापन देखा जिस पर क्लिक करते ही मैं एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गया। जहां पर ठगों ने टेलीग्राम टास्क के रुप में होटलों को लाईक करने का काम दिया



व टास्क पूरा करने के बाद उसके खाता में 150 रुपए भेजे। जिसके बाद उसे प्रीमियम टास्क ग्रुप में जोड़कर उससे टास्क के नाम पर अलग-अलग ट्रान्जेक्शन के माध्यम से 84,500 रुपए ठगों ने खाता में डलवा लिए तथा जब उसने पैसे वापिस मांगे तो उन्होंने टेलीग्राम ग्रुप बंद कर दिया। जिस पर साइबर थाना एनआईटी में ठगी की धाराओं मे मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना एनआईटी की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए अजय व सुभाष निवासी गांव जरलानी जिला जोधपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया की आरोपी अजय खाताधारक है। जिसने अपना खाता आगे सुभाष को दे दिया था। दोनों आरोपी एक ही गांव के रहने वाले है तथा खेतीबाड़ी का काम करते है। खाते में ठगी के कुल 40 हजार रुपए आए थे। दोनों आरोपियों को न्यायलय में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### हिंदू एकता वाहिनी ने हरियाणा में समान नागरिक संहिता कानून बनाने की मांग रखी

**फरीदाबाद।** हिन्दू एकता वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकम सिंह भाटी एडवोकेट ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में यहां की लोकप्रिय भाजपा सरकार ने पिछले कई वर्षों में अनेकों जन कल्याणकारी निर्णय लिए हैं, जिसका लाभ सीधे जनता को मिल रहा है। हरियाणा प्रदेश के जनमानस की भावनाओं के अनुकूल निम्न बातों पर हरियाणा में कानूनी प्रावधान किए जाने का सुझाव हिन्दू एकता वाहिनी करती है।

## कांवड़ यात्रा मार्ग की तैयारियों का अवलोकन किया

# सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कांवड़ यात्रा के सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सोमवार को संयुक्त रूप से कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ यात्रा मार्ग पर की जा रही तैयारियों का गहन अवलोकन किया और दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस चौकी कादराबाद, कोतवाली मोदीनगर, मुरादनगर स्थित गंगनहर, तथा मेरठ रोड तिराहा स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं संचार प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान यातायात बाधित ना होने पाए। साथ ही कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए हर पड़ाव पर चिकित्सीय सहायता, शुद्ध पेयजल और आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं, अतः सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें एवं प्रत्येक व्यवस्था का स्थलीय परीक्षण समय-समय पर किया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने में कोई दिक्कत न हो।

निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रणविजय सिंह एवं पुलिस विभाग से एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सुरेन्द्र नाथ तिवारी, एडिशनल डीसीपी सच्चिदानंद, एसीपी जियाउद्दीन अहमद, एसीपी ज्ञान प्रकाश राय, एसीपी लिपि नागायच, एसीपी पूनम मिश्रा सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**गाजियाबाद।** खोड़ा में चार वर्ष की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को अदालत ने सुनवाई के बाद 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड के रूप में प्राप्त होने वाली संपूर्ण धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं। विशेष लोक अभियोजक सतीश शर्मा ने बताया कि थाना खोड़ा क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले एक व्यक्ति की चार वर्ष की मासूम बेटी 26 फरवरी 2019 को घर के बाहर खेल रही थी। पड़ोस में रहने वाला राहुल उर्फ छोटू मासूम बच्ची को बहला फुसला कर अपने घर ले गया। इसके बाद बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची ने घर पहुंच कर यह बात अपनी मां को बताई। बच्ची की मां ने 4 मार्च को यह बात बच्ची के पिता को बताई।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडी डिवीजन सिरसा | वाटरकोर्स आउटलेट आरडी 103900/एल एमएमके. डिस्टी. की लाइनिंग हेतु आकलन (एससीओ विस्तार) + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.07.2025 | 3.02 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416047333 xensirsacad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36080/I/88/7 दि. 30.06.25


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा **82 (2)(ii)Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रेहाना पत्नीः रफीक शेख पताः** बी-547, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली **FIR No. 917/2019, U/s 411 IPC,** थानाः उत्तरी रोहिणी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रेहाना** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रेहाना** फरार हो गयी हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 917/2019, U/s 411 IPC,** थानाः उत्तरी रोहिणी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रेहाना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईबानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
कमरा नं 107, पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8343/RD/2025
(Court Matter)


## PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) MARUTIS SUPERCARRY REG. NO. DL1LAH1977-YOM- 2022
2) EICHR_VECV PRO2114CBC ENG. NO. DL1GE0272-YOM-2021
3) EICHR_VECV PRO2114CBC REG. NO. DL1GE0284-YOM-2021
4) TATA MOTORS LPT1916CBC REG. NO. HR74B6861-YOM-2024
5) TATA MOTORS TLP1109FB REG. NO. HR38AG4650-YOM- 2023
6) TATA MOTORS TLP1109FB REG.NO. HR38AG2448-YOM-2023
7) TATA MOTORS TATA1512 REG. NO. HR63E2405-YOM-2022
8) ASHOK_LEY AL_4220 REG. NO. HR58D9849-YOM-2023
9) TATA MOTORS T1918COGD REG. NO. HR38AC8525-YOM-2021
10) TATA MOTORS TLP1109FB REG. NO. DL1MB2163-YOM-2023
11 ) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAJ8565-YOM-2023
12) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAF3095-YOM-2021
13) ASHOK_LEYAL1915GDFB REG. NO. UP84AT6854-YOM-2023
14) ASHOK_LEY AL_3718IL REG. NO. UP15DT0852-YOM- 2017
15) TATA MOTORS TATAACE REG. NO.DL1LAL2956-YOM- 2023

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL-raman.ahuja@kotak.com



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला बरौला रोड से मथेरी (कि.मी. 0.00 से कि.मी. 9.410) (रोड आईडी 24 और 15) तक सम्पर्क सड़क को ऊपर उठाना और पुनर्निर्माण (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत)। | 27.06.2025 07.07.2025 | 94.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में पीएसडी सढ़ौरा (सढ़ौरा निर्वाचन क्षेत्र) के तहत विभिन्न 4 अदद सड़कों को चौड़ा करने और मजबूतीकरण का प्रावधान (आईडी 942, 987, 993, 996) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) + 2 कार्य। | 28.06.2025 08.07.2025 | 1325.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd- naraingarh@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव बगरू कलां में राजकीय चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 03.07.2025 | 25.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प कैथल | 6 अदद रोड का सुधार अर्थात कैथल जिले में कैथल चीका से डेरा दिल्लू राम (आईडी 7011), पापसर ककराला से डेरा बाजीग्राम तक (आईडी 7058), कैथल जिले में सोथा-कंगथली रोड से कैथल-चीका रोड वाया नाहरी पात्री तक (आईडी 10869), कैथल जिले में चीका से काक्योर (रोड आईडी 6997), कैथल जिले में मारकंडा डिस्ट्रीब्यूटरी के साथ-साथ बलबेहरा रोड क्रॉसिंग से खारकां रोड तक रोड (आईडी 12210) और कैथल जिले में एप. रोड से डेरा जस्सा सिंह (आईडी 6985) (ओडीआर) (गुहला निर्वाचन क्षेत्र) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.07.2025 | 1420.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | बाढ़ ऋतु 2025-26 के दौरान विभिन्न बाढ़ स्थलों पर स्थापित इलैक्ट्रो मैकेनिकल उपकरणों का प्रचालन व रखरखाव और देखभाल के लिए हैल्पर / चौकीदार / ऑपरेटर का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 03.07.2025 | 66.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | महेन्द्रगढ़ कैनाल के कि.मी. 15.650 पर पम्प हाउस एमसी-II के लिए सम्प सफाई। | 26.06.2025 02.07.2025 | 3.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हांसी | दयाल सिंह कॉलोनीः- दयाल सिंह कॉलोनी जिला हिसार के लिए स्वतंत्र नहर आधारित जल घर का निर्माण, '350 एमएम आरसीसी एनपी2 इनलेट चैनल, 2 अदद ब्रिक लाइनिंग एस/एस टैंक, रॉ वाटर और स्वच्छ जल हेतु एसएस वेल, 2 अदद आरसीसी स्वच्छ जल टैंक, 4 अदद आरसीसी फिल्टर बैड्स, पम्प चेम्बर, चारदिवारी का निर्माण, डीआई पाइप लाइन्स, वितरण प्रणाली बिछाना, एफएचटीसी आपूर्ति और पंपिंग मशीनरी, विद्युत पैनल, सीआई डीएफ/पीई स्पेशल्स की स्थापना, वितरण प्रणाली समेत 3 माह की ट्रायल अवधि के पश्चात 5 वर्ष के लिए जलघर का प्रचालन व रखरखाव, डीएनआईटी के अनुरूप चालू करना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 26.06.2025 09.07.2025 | 357.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज कैथल | नैना - मुंदरी रोड पर गांव सेगा, सिसमोर, नैना में बस शैल्टर का निर्माण। | 26.06.2025 02.07.2025 | 6.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज कैथल | गांव बरता ब्लॉक कैथल में माना वाला तालाब का विकास, OHRKTLKTL0007BART005. | 28.06.2025 07.07.2025 | 72.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 10 | जिला परिषद अम्बाला | गांव उगाला ब्लॉक बराड़ा - गांव उगाला ब्लॉक बराड़ा, जिला अम्बाला में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 26.06.2025 02.07.2025 | 45.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 11 | सिविल सर्जन रोहतक | जिला रोहतक, हरियाणा के लिए एनटीईपी के तहत ट्यूबरकुलोसिस सम्बन्धित सेवाओं के प्रावधान हेतु पेशेंट प्रोवाइडर सपोर्ट एजेंसी (पीपीएसए) का चयन। | बंद होने की तिथि 09.07.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017551676 dhs.csrtk@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/220/36098/I/88/7 दि. 30.06.25

# अयोध्या में बन रहा भव्य म्यूजियम, जहां डिजिटल गैलरी में दिखेगी रामायण की कहानी

अयोध्या में अब भक्त सिर्फ राम मंदिर ही नहीं, बल्कि इंटरनेशनल राम कथा म्यूजियम में भी प्रभु राम की लीलाओं और हनुमान जी की 7डी डॉक्यूमेंट्री का दर्शन कर सकेंगे।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम नगरी अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब यहां सिर्फ श्रीराम मंदिर के दर्शन-पूजन ही नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम के जीवन और लीलाओं को समझने का अनोखा मौका भी मिलेगा।

दरअसल, अयोध्या में प्रधानमंत्री म्यूजियम (दिल्ली) की तर्ज पर एक भव्य राम कथा संग्रहालय बनने जा रहा है, जहां भक्त डिजिटल तकनीक के जरिए प्रभु श्रीराम की गाथा को करीब से जान सकेंगे। राम मंदिर ट्रस्ट ने अयोध्या में स्थित अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय को सरकार से लीज पर लिया है। अब इस परिसर में ही नया म्यूजियम विकसित किया जा रहा है, जहां 20 डिजिटल गैलरी बनाई जाएंगी। इन गैलरियों में प्रभु श्रीराम की लीलाओं को 10-10 मिनट के एपिसोड के जरिए दिखाया जाएगा। इसके अलावा पूरी दुनिया में श्रीराम की पूजा-अराधना कैसे होती है, उसे भी इस संग्रहालय में दिखाया जाएगा।




## बजरंगबली पर बनेगी 7डी डॉक्यूमेंट्री

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस म्यूजियम में आधुनिक तकनीक का भी पूरा इस्तेमाल किया जा रहा है। आईआईटी मद्रास की ओर से बजरंगबली पर खास 7डी डॉक्यूमेंट्री तैयार की जा रही है, जो आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए भक्त हनुमान जी की गाथा को बेहद रोचक और आधुनिक अंदाज में देख सकेंगे।

### रामायण के सभी रूप होंगे शामिल

अयोध्या राम कथा संग्रहालय में दुनिया भर में प्रचलित अलग-अलग भाषाओं और रूपों में लिखी गई रामायण की झलक भी मिलेगी। भक्त यहां आकर न सिर्फ प्रभु राम की गाथा सुन और देख सकेंगे, बल्कि पढ़ भी सकेंगे। संग्रहालय में यह भी दिखाया जाएगा कि कैसे श्रीराम का जीवन आज भी समाज को संस्कार और प्रेरणा देता है।

## खबर संक्षेप

### भारी बारिश के कारण विद्यालय में घुसा पानी

**रांची।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में भारी बारिश के बाद जलमग्न हुए एक आवासीय विद्यालय में फंसे कम से कम 162 छात्रों को पुलिस ने रविवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। ये सभी छात्र शनिवार रात से स्कूल परिसर में फंसे हुए थे, क्योंकि लगातार बारिश के कारण स्कूल में पानी भर गया था। क्योंकि भारी बारिश से स्कूल परिसर जलमग्न हो गया था।

## पेज एक का शेष

### कल से पांच देशों की...

आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी भारत का नेतृत्व करेंगे। सम्मेलन के दौरान ही ब्राजील, भारत को 2026 में उसके द्वारा की जाने वाली समूह की अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंपेगा। इस विदेश यात्रा के दौरान पीएम को कुछ देशों द्वारा अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी सम्मानित किए जाने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को राजधानी में आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में पीएम मोदी के इस विदेश दौरे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें मंत्रालय में सचिव (ईआर) दमू रवि ने एक प्रश्न के जवाब में बताया, प्रधानमंत्री की इस विदेश यात्रा की शुरुआत 2 जुलाई को घाना से हो जाएगी। लेकिन ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वह 5 से 8 जुलाई तक ब्राजील की यात्रा करेंगे। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने पीएम मोदी को इस यात्रा के लिए निमंत्रण दिया है। प्रधानमंत्री मोदी घाना, नामीबिया और त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद के विशेष सत्रों को भी संबोधित करेंगे। यात्रा में शामिल कुछ देशों द्वारा पीएम को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी सम्मानित किए जाने की संभावना है।

**रियो नहीं जाएंगे रूस, चीन के राष्ट्रपति :** सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, ब्राजील के चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) में शामिल न होने और सम्मेलन के अलावा ब्राजील के राष्ट्रपति द्वारा पीएम मोदी के सम्मान में आयोजित किए जाने वाले राजकीय रात्रिभोज का आयोजन कुछ ऐसी वजह हैं। जिसके चलते चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। उनकी जगह पर चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ब्राजील की यात्रा करेंगे। वहीं, रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इस अहम आयोजन का हिस्सा नहीं बनेंगे। ब्रिक्स में रूस का नेतृत्व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। समूह के दोनों शीर्ष नेताओं की अनुपस्थिति में सम्मेलन के बाद जारी किए जाने वाले लीडर्स डिक्लेरेशन को लेकर फिलहाल सस्पेंस बना हुआ है।

### भारत 2026 में ...

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नैतिक उपयोग, जलवायु कदम, अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य, आर्थिक और वित्तीय मामलों के साथ प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी की समूह के अन्य भागीदार देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें हो सकती हैं। ब्रिक्स सम्मेलन के बाद पीएम मोदी राजकीय यात्रा पर ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचेंगे। जहां वह राष्ट्रपति लूला के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। जिसमें व्यापार, रक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों, साझा हित के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे।

### अर्जेंटीना, नामीबिया ...

डॉ.नदैतवा के निमंत्रण पर यह यात्रा होगी। दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी।

### अमेरिका की तीन...

जयशंकर की इस अमेरिका यात्रा के केंद्र में अमेरिका की अगुवाई वाले चतुष्कोणीय समूह 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की बैठक और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय (यूएन) में आतंकवाद के विषय पर लगाई जाने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाना शामिल है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद भारत-पाक के बीच हुए संघर्षविराम के बाद यह संभवतः पहला मौका होगा। जब जयशंकर अमेरिका की यात्रा करेंगे।

**क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा :** क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक में वाशिंगटन डीसी में मौजूदा साल की शुरुआत में जनवरी महीने में हुई समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में तमाम मुद्दों पर हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा क्वाड नेता क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों खासतौर पर हिंद-प्रशांत से जुड़ी हुई चिंताओं के मामले पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। साथ ही 2025 में भारत की मेजबानी में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन से संबंधित कई जरूरी कदमों पर हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री एक खुले हुए और स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र से जुड़े साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नए प्रस्तावों पर भी चर्चा कर सकते हैं।

### भूटान की यात्रा पर...

पर खरे उतरे संबंधों को प्रतिबिंबित करती है। जो कि एक घनिष्ठ और भरोसेमंद साझेदार के प्रति देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। भारत-भूटान के बीच हुई विकास वार्ता : उधर, इन सबके बीच 30 जून को राजधानी में दोनों देशों के बीच विकास सहयोग वार्ता हुई। जिसमें भारतीय दल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने किया। जबकि भूटानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उनके विदेश सचिव औम पेमा चोडेन ने किया। मंत्रालय ने बताया कि वार्ता में भूटान के विकास का मुद्दा प्रमुखता से शामिल किया गया। भारतीय पक्ष ने भूटान सरकार के विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने में लगातार सहयोग करने का जिक्र किया। इस संबंध में अगली बैठक आपसी सहमति के आधार पर तय की गई तारीख पर भूटान की राजधानी थिम्पू में आयोजित की जाएगी।

### देर शाम तक साफ...

तत्काल बाद नामांकन पत्रों की अंतिम सूची की घोषणा कर दी जाएगी। जरूरी होने पर मतदान बुधवार को कराया जाएगा। परिणाम की घोषणा दोपहर दो बजे की जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर अंदरूनी तौर पर स्थिति लगभग साफ हो गई है। इस बार अध्यक्ष पद पर पार्टी किसी आदिवासी नेता पर दांव आजमाने जा रही है। हालांकि, जिस तरह से दावेदारों की लंबी फेहरिस्त सामने आई है। ऐसे में कुछ भी कहना मुश्किल होगा। दावेदारों में आदिवासी नेता केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके पहले नंबर पर हैं। हालांकि दावेदारों में बैतूल से ही विधायक हेमंत खंडेलवाल का नाम भी सुर्खियों में है। उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पसंद भी माना जा रहा है। पर जिस तरह से केंद्रीय मंत्री उईके ने 21 जून के योग दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मंच साझा किया था, इससे यह साफ हो गया था कि मुख्यमंत्री के साथ उनकी बांडिंग भी काफी अच्छी है। आदिवासी नेताओं में गजेंद्र सिंह पटेल, सुमेर सिंह सोलंकी का नाम भी रेस में शामिल हैं। ब्राह्मण वर्ग के नेताओं में पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, विधायक रामेश्वर शर्मा, जबलपुर सांसद आशीष दुबे, भोपाल सांसद आलोक शर्मा प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में शामिल हैं।

**तो, चुनाव में 379 मतदाता करेंगे मतदान :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में वैसे तो मतदान की नौबत शायद ही आए। चूंकि परंपरा अनुसार अध्यक्ष के लिए किसी एक ही व्यक्ति का नामांकन होना है। उसी के नाम पर अंतिम मुहर लग जाएगी। यह भी हाईकमान से मिले नाम पर ही सब कुछ होता है। बावजूद इसके पार्टी ने भाजपा के 379 मतदाताओं के नामों पर प्रकाशन किया है। यह सभी नेता चुनाव कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। जारी सूची में 4 सांसद और 17 विधायक भी शामिल हैं। सांसदों में मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और वीरेंद्र कुमार खटीक का नाम है। विधायकों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, विजय शाह, तुलसी सिलावट, एदल सिंह कंसाना, अजय बिश्नोई, संपतिया उईके, ओमप्रकाश सकलेचा, संजय पाठक, भूपेंद्र सिंह, गोविंद सिंह राजपूत, नारायण सिंह कुशवाहा और मालिनी गौड़ शामिल हैं।

### तेलंगाना में रामचंद्र...

ने केंद्रीय नेतृत्व से अपील की कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। तेलंगाना में भाजपा अध्यक्ष चुनाव के लिए नामांकन किया जा रहा है। रामचंद्र ने समर्थकों के साथ नामांकन किया है। दूसरे किसी नेता ने अब तक नामांकन नहीं किया है। ऐसे में 1 जुलाई को अध्यक्ष के तौर पर रामचंद्र के नाम का ऐलान किए जाने की संभावना है। राव के नाम पर नाराजगी जाहिर कर रहे टी राजा को 2022 में पार्टी से निलंबित किया था। निलंबन अक्टूबर 2023 में वापस ले लिया गया था। वे तीन बार गोशामहल से विधायक चुने गए हैं। टी. राजा सिंह पर 105 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 18 सांप्रदायिक अपराधों से जुड़े हैं।

### सिगाची फार्मा कंपनी...

दौरान दो लोगों की मौत हो गई। हम 20 मिनट में ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य बचाव दल 10 दमकल गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर जताया। उन्होंने कहा कि घटना से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है और अधिकारियों को फंसे हुए श्रमिकों को बचाने और उन्हें सबसे अच्छा इलाज मुहैया कराने के लिए सभी कदम उठाने का निर्देश दिया।

### गुआम में हैं ...

इसमें भागीदारी उसके सागर विजन को लेकर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। साथ ही हिंद-प्रशांत महासागर में राष्ट्रीय प्रयासों का भी बेहतरीन उदाहरण प्रदर्शित करती है। जिसमें क्षमता विकास, मानवीय पहुंच बढ़ाने, समुद्री कानूनों पर दिया जाने वाला बल शामिल है। क्वाड का यह कदम समूह के तटरक्षकबलों के बीच आपस में हाथ मिलाने जैसा है। जिससे क्षेत्र में आने वाली समुद्री चुनौतियों को लेकर विश्वास को मजबूती मिलेगी, समन्वय और सामूहिक सुदृढ़ता को बढ़ावा मिलेगा।

## चुनाव आयोग ने 24 जून को जारी किए निर्देश

# बिहार में 4.96 करोड़ मतदाताओं को चुनाव आयोग से बड़ी राहत, कोई कागज जमा करने की जरूरत नहीं

चुनाव आयोग ने बिहार की 2003 की मतदाता सूची को वेबसाइट पर जारी कर दिया है, जिसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं की जानकारी है। इससे 'विशेष गहन पुनरीक्षण' में मदद मिलेगी और लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं को अब कोई कागजात जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के करीब 4.96 करोड़ वोटर्स को अब दस्तावेज जमा करने की झंझट से राहत मिल गई है। देश के चुनाव आयोग ने साल 2003 की निर्वाचक नामावलियां अपनी आधिकारिक वेबसाइट https:// voters.eci. gov. in पर अपलोड कर दी हैं। इन सूचियों में वोटर्स की पूरी डिटेल पहले से मौजूद है, जिससे उन्हें या उनके बच्चों को अलग से कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। चुनाव आयोग ने 24 जून को जारी निर्देशों में कहा है कि सीईओ, डीईओ और ईआरओ को 2003 की निर्वाचक नामावलियां सभी बीएलओ को हार्ड कॉपी में उपलब्ध करानी होंगी। साथ ही ये सूचियां ऑनलाइन भी सार्वजनिक की गई हैं। ताकि लोग उन्हें डाउनलोड कर सकें और गणना फॉर्म जमा करते समय दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल कर सकें।

### इन वोटर्स को दस्तावेज देने की जरूरत नहीं




बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत यह कदम अहम माना जा रहा है। आयोग के अनुसार, इससे करीब 60 प्रतिशत वोटर्स को दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें केवल 2003 की सूची में अपना नाम और विवरण सत्यापित कर गणना फॉर्म भरना होगा। इससे वोटर्स और बीएलओ दोनों को कार्य में सुविधा मिलेगी और प्रक्रिया तेज होगी। इसके अलावा जिन लोगों का नाम 2003 की सूची में नहीं है, वो भी अपने माता या पिता के नाम को प्रमाणित करने के लिए इसी सूची के संबंधित अंश का उपयोग कर सकते हैं। ऐसे मामलों में माता-पिता के लिए अलग से दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी। इन वोटर्स को सिर्फ अपने व्यक्तिगत दस्तावेज गणना फॉर्म के साथ जमा करने होंगे।

### पुनरीक्षण क्यों जरूरी?


लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(2)(क) और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 25 के मुताबिक, प्रत्येक चुनाव से पहले निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण अनिवार्य होता है। आयोग पिछले 75 साल से नियमित रूप से वार्षिक, गहन और संक्षिप्त पुनरीक्षण करता आ रहा है। यह पुनरीक्षण जरूरी है क्योंकि मतदाता सूची एक जीवंत दस्तावेज होती है। इसमें मृत्यु, स्थान परिवर्तन, नई उम्र के वोटर्स के नाम जोड़ने जैसे कारणों से लगातार संशोधन होते रहते हैं। संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत, 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के भारतीय नागरिक, जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य निवासी हैं, ही मतदाता बनने के पात्र माने जाते हैं।

## यूडीएफ संगठन ने डॉक्टर्स दिवस पर 'वर्क टू रूल' का आह्वान किया

*मरीजों की देखभाल से समझौता किए बिना मनाएं डॉक्टर्स डे: डॉ अमित व्यास*



**नई दिल्ली।** यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) ने एक जुलाई को डॉक्टर्स दिवस पर 'वर्क टू रूल' का आह्वान किया है। यूडीएफ ने सभी एमबीबीएस और पीजी मेडिकल स्टूडेंट्स से अनुरोध किया है कि मरीजों की देखभाल से कोई समझौता किए बगैर यह दिवस मनाएं। इससे आप भी खुश रहेंगे और मरीजों को भी कोई परेशानी नहीं आएगी। यूडीएफ के चेयरपर्सन व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लक्ष्य मित्तल के अनुसार इस पहल का उद्देश्य स्थापित नियमों के पालन को बढ़ावा देना है। साथ ही, जीवन और काम के बीच स्वस्थ तालमेल स्थापित करना है। यूडीएफ के हरियाणा एवं चंडीगढ़ अध्यक्ष डॉ अमित व्यास ने मेडिकल शिक्षा में नियमों के समुचित अनुपालन पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि रैगिंग विरोधी नियमों को सख्ती से लागू किया जाए। हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। समय पर समुचित स्टाइपेंड का भुगतान किया जाए। 1992 के ड्यूटी घंटे संबंधित नियमों का पूरी शिद्दत के साथ कार्यान्वयन किया जाए। यूडीएफ ने मेडिकल छात्रों के लिए सीखने और काम का निष्पक्ष और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। खासकर हाल के दिनों में मेडिकल स्टूडेंट्स के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताजनक मामले सामने आने के बाद नियमानुसार काम का महत्व बढ़ गया है।





नई दिल्ली, मंगलवार
1 जुलाई 2025
हरिभूमि सहेली





# लव स्कैम इस धोखेबाजी से बचें


कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कौन, कब दोस्त बनकर हमारे साथ खेल खेलने लगे, कुछ पता नहीं। इन जालसाजों के जाल में लड़कियां ही नहीं, मैच्योर महिलाएं भी भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार हो रही हैं। इसलिए अनजाने लोगों से जुड़ने में सजगता बहुत जरूरी है।

आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर स्नेह भरे जुड़ाव के नाम पर हर एज ग्रुप की महिलाएं छलावे का शिकार हो रही हैं। अनदेखे-अनजाने चेहरों के वादों और दावों की जालसाजी उनके जज्बातों के साथ खिलवाड़ ही नहीं करती, आपराधिक घटनाओं का भी कारण बनती है। सोशल मीडिया में प्रेम जताने, मन भटकाने के नाम पर लव स्कैम या रोमांस स्कैम के रूप में होने वाली धोखेबाजी के मामले खूब सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं फाइनेंशियल स्कैम भी हो रहे हैं। ऐसे में सभी वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर महिलाओं का सजग रहना जरूरी है।

**सोची-समझी चालबाजी:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी तरह के शोषण और धोखाधड़ी का खेल खेलने वाले लोग सोच-समझकर जाल बिछाते हैं। गांवों-कस्बों से लेकर मेट्रो सिटीज तक, बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी जालसाजी का शिकार भी हो रही हैं। खासकर इमोशनल जुड़ाव की भूल-भुलैया में हर आयु वर्ग की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हो रही है। पिछले कुछ समय चर्चा में आई 'पिग बुचरिंग स्कैम' की स्ट्रेटेजी में महिलाओं के साथ सोची-समझी चालबाजी से जालसाजी की जा रही है। असल में 'पिग बुचरिंग स्कैम' की धोखाधड़ी को समझने से लिए बूचड़खाने का उदाहरण दिया जाता है। जैसे बाड़े में जानवर को देखभाल के साथ रखते हुए स्नेह-संभाल करने के बाद उसका जीवन छीन लिया जाता है, वैसे ही इस तरह ठगी करने वाले पहले विश्वास जीतने का खेल खेलते हैं। धोखा देने से पहले इस जालसाजी में क्लोज फ्रेंडशिप और प्रेम भरे जुड़ाव का पहलू भी शामिल होता है। झूठे प्रेम के नाम पर पूरी प्लानिंग के साथ ऐसी धोखाधड़ी का खेल खेला जाता है। महिला मित्रों के साथ सधे-सहज ढंग से रिश्ते जोड़कर प्रेम के नाम पर संवाद करते हुए धोखाधड़ी के भंवर में फंसाया जाता है। जिसके चलते बहुत-सी स्त्रियां भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार बन जाती हैं।



**इमोशनल फ्रंट पर धोखा:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाली धोखेबाजी के अधिकतर मामलों में सबसे पहले भरोसा जीतने के लिए दोस्ती और प्रेम का ही सहारा लिया जाता है। फिर फाइनेंशियली ठगने के लिए धमाकेदार रिटर्न का वादा करते हुए पैसे इंवेस्ट करवाए जाते हैं या शारीरिक-मानसिक शोषण के लिए निजी बातें और जानकारियां पूछी जाती हैं। सरहदों की दूरियां मिटाकर दुनिया के हर कोने में बसे लोगों को जोड़ने वाली वर्चुअल दुनिया में जालसाजी का यह रंग-ढंग ग्लोबल लेवल पर विस्तार पा रहा है। यही वजह है कि भावनात्मक दिशाहीनता से जुड़े ठगी के ऐसे मामलों में आभासी दुनिया में विशेष सतर्कता की दरकार है। आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर जाली प्रोफाइल बनाकर भी महिलाओं को प्यार के चंगुल में फंसाया जाता है। कुछ समय पहले दिल्ली के 23 वर्षीय लड़के ने खुद को ब्राजीलियन मॉडल बताकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स बंबल और स्नैपचैट पर 700 लड़कियों से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर अपने जाल में फंसाया। उसने 18 से 30 साल की महिलाओं से मित्रता बढ़ाकर निजी तस्वीरें भेजने के लिए मना लिया। तस्वीरें भेजने वाली लड़कियों और महिलाओं को ब्लैकमेल करने के इरादे से खेले गए खेल में उसने तस्वीरों को इंटरनेट पर वायरल करने या डार्क वेब पर बेचने की धमकी देकर पैसे लिए। समझना कठिन नहीं कि ऐसे मामले भी कहीं ना कहीं महिलाओं के भावनात्मक दोहन से ही जुड़े होते हैं। झूठे प्रेम का जाल बुनकर अंजाम दिए जाते हैं। जरूरी है कि महिलाएं व्यावहारिक धरातल पर सोचें। सोशल मीडिया के आभासी संसार में प्यार के भ्रम भरे उलझाऊ संबंधों के घेरे में ना आएं।

**अनगिनत खामियाजे:** झूठे प्रेम की वर्चुअल धोखाधड़ी असली दुनिया में सब कुछ उजाड़ देती है। इस सोचे-समझे जाल को समय रहते समझ कर इसके जाल में फंसने से पहले संभल जाइए। यह कटु सच है कि मौजूदा दौर में असल दुनिया से लेकर वर्चुअल दुनिया तक, खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत रखना जरूरी हो गया है। यह समझना जरूरी है कि प्रेम यूं तलाशने या आंख बंद कर किसी की बातों में आ जाने से नहीं मिलता। यह फरेब तो महिलाओं से बहुत कुछ छीन लेता है। पैसे ऐंठने से लेकर ब्लैकमेलिंग का भय दिखाने तक, धन, सुकून और संबंधों में खटास आने जैसे अनगिनत नुकसान झेलने पड़ते हैं। जालसाजी के ऐसे मामलों में कई बार ब्लैकमेलिंग पैसे ऐंठने तक ही सीमित नहीं रहती। महिलाओं को शारीरिक शोषण और दूसरे लोगों को ठगने के खेल में शामिल होने के लिए भी मजबूर किया जाता है। यह सच है कि ऑनलाइन संसार से बढ़ती कनेक्टिविटी ने युवतियों-किशोरियों के लिए नहीं, बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए भी मेलजोल का एक नया संसार खोला है। ऐसे में डिजिटल क्रांति से जुड़ा बदलाव पर्सनल फ्रंट पर पहले से कहीं ज्यादा ठहराव और समझ की मांग करता है। सोशल मीडिया और डेटिंग एप्स की डिजिटल दुनिया ने प्रेमपगे गठजोड़ के नए रंग हमारे सामने रखे हैं। रोमांस और ठगी की भाषा बदल दी है। कुछ लोगों के लिए यह जुड़ाव इरादतन खेला गया खेल होता है। दूर बैठे चेहरे गुमराह करने लगते हैं। हर दिन सामने आते धोखेबाजी के किस्से बताते हैं कि अनजान चेहरों से जज्बाती तौर पर जुड़ने के मामले में सजगता बरतनी आवश्यक है।

### ऐसे बचें धोखाधड़ी से

- कभी निजी जीवन की चर्चा ना करें।
- अनजान लोगों के साथ चैटिंग करने से बचें।
- भावनात्मक-पारिवारिक कमजोरियों का जिक्र कभी ना करें।
- तस्वीरें शेयर करते समय अवेयर रहें।
- वर्चुअल फ्रेंड्स से पर्सनली मिलने की जानकारी अपनों को भी दें।
- जालसाजी में फंस जाएं तो फैमिली मेंबर्स को बताने में देरी न करें।
- अपनी या परिजनों की लोकेशन कभी साझा न करें।

# पॉजिटिव सोच के साथ करें हर नए दिन की शुरुआत

अगर आप रोज सुबह पॉजिटिव रहें तो आपका हर दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। हम बता रहे हैं कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय, जो हर सुबह को आशावादी, ऊर्जावान और सार्थक बना सकते हैं।

लाइफस्टाइल

अनीता जैन



हर सुबह हमारे जीवन में एक नया अवसर लेकर आती है- नई ऊर्जा, नई उम्मीद और एक नई दिशा चुनने का संकल्प। जिस प्रकार सूरज हर दिन नई रोशनी के साथ उदित होता है, ठीक वैसे ही हर व्यक्ति को हर सुबह अपने जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश भरने का अवसर मिलता है। जीवन की सफलता और मानसिक शांति इस बात पर निर्भर करती है कि हम दिन की शुरुआत किस भाव, सोच और दृष्टिकोण के साथ करते हैं? अगर सुबह की शुरुआत सकारात्मक विचारों, आत्मविश्वास और आभार की भावना के साथ की जाए तो न केवल वह दिन बल्कि जीवन की दिशा भी बदल सकती है।

**हर सुबह एक वरदान है:** इसमें कोई संदेह नहीं कि हर सुबह हमारे लिए किसी वरदान की तरह होती है। अगर हम इसे मुस्कान, आशा और उद्देश्य के साथ अपनाएं, तो हर दिन सफलता और सुख की ओर पहला कदम बन सकता है। हमारे विचार, हमारी दिनचर्या और हमारी सोच ही अंततः हमारे भविष्य का निर्माण करती है। इसलिए जरूरी है कि हम दिन की शुरुआत सही सोच के साथ करें।

**सुबह जल्दी जगें:** धार्मिक ग्रंथों में ही नहीं स्वास्थ्य शास्त्रों में भी 'ब्रह्म मुहूर्त' में जागने की महत्ता बताई गई है। सुबह जल्दी उठने से हमें स्वयं के साथ कुछ शांत पल बिताने का अवसर मिलता है। दिन भर की भाग-दौड़ से पहले यह समय आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक ऊर्जा को प्राप्त करने का सबसे अच्छा माध्यम है। लेकिन सुबह जल्दी उठकर मोबाइल देखने की बजाय आंख खुलते ही कुछ गहरी सांस लें और ईश्वर को धन्यवाद दें कि उनकी कृपा से आपको एक और दिन मिला है।

**सकारात्मक विचारों को दोहराएं:** दिन की शुरुआत सकारात्मक विचारों से करें। आप अपने लिए कुछ प्रेरणादायक वाक्य दोहरा सकती हैं जैसे- 'आज का दिन मेरे लिए शुभ है।', 'मैं हर परिस्थिति में शांत और संतुलित रहूंगी।', 'हर चुनौती मुझे और बेहतर बनाएगी।', 'हे ईश्वर! मुझसे कोई गलत काम न हो।' ऐसा आत्म-संवाद मन को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भर देता है। धीरे-धीरे यह अभ्यास हमारी सोच को सकारात्मक दिशा देने लगता है।

**कृतज्ञता का भाव रखें:** कई बार हम जो कुछ हमारे पास है, उसकी कद्र नहीं करते और जो नहीं है, उसके लिए दुखी रहते हैं। लेकिन अगर हम हर दिन यह सोचें कि हमारे पास क्या-क्या अच्छा है- जैसे परिवार, स्वास्थ्य, भोजन, घर- तो एक संतोष का भाव उत्पन्न होता है। यह कृतज्ञता जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखने की आदत बनाती है।



### करें ध्यान-प्राणायाम

कुछ मिनटों का ध्यान और प्राणायाम हमारी मानसिक स्थिति को बेहतर करता है। यह शरीर को शुद्ध प्राणवायु प्रदान करता है और मन को शांत करता है। जब मन शांत होता है, तो हम परिस्थितियों को अधिक स्पष्टता और सकारात्मकता के साथ देख पाते हैं। मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और दिन भर के कार्यों में उत्साह बना रहता है।

**सकारात्मक संदेश पढ़ें या सुनें:** अखबार, पुस्तक के किसी सकारात्मक आध्यात्मिक विचार से दिन की शुरुआत करने से मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सुबह-सुबह किसी भी प्रकार की नकारात्मकता से बचते हुए, कोई प्रेरणादायक लेख, जीवनियों का अंश या धार्मिक ग्रंथ का श्लोक पढ़ना सकारात्मकता को बढ़ाता है। इसी तरह सकारात्मक भक्ति गीत या मंत्र भी मन को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**दूसरों को दें शुभकामनाएं:** अपने घरवालों को मुस्कराकर 'सुप्रभात' कहें, छोटे से संदेश से दूसरों का दिन भी बेहतर बनाया जा सकता है। जब हम दूसरों को शुभकामनाएं देते हैं या उनके लिए अच्छा सोचते हैं, तो वही ऊर्जा हमारे जीवन में भी लौटती है।

# शादी के बाद जब बेटा-बहू रहना चाहें अलग

सलाह

नम्रता नदीम

अगर बेटे की शादी के बाद बहू से आपकी नहीं निभ रही है, घर में कलह का माहौल रहता है तो बेहतर यही होगा कि बेटे-बहू को अलग रहने की इजाजत दे दें। यह दोनों के हित में है।



अमित की शादी हुई तो पत्नी नमिता ने कुछ ही महीने बाद अलग रहने का डिसीजन ले लिया। नमिता को शिकायत थी, सास का बिहेवियर बहुत बुरा रहता है। वह बात-बात पर टोकती हैं। नमिता को अपने जीवन में सास की जरा-सी भी दखलअंदाजी पसंद नहीं थी। एक महीने तो किसी तरह नमिता ने सास के साथ एडजस्ट किया, लेकिन दो महीने के बाद ही वह अमित के साथ अलग किराए का घर लेकर रहने लगी।

**बहू को चाहिए आजादी:** यह देखा जा रहा है, नई नवेली दुल्हन जो आजाद ख्याल की होती है, उसे अपने जीवन में सास-ससुर का हस्तक्षेप बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होता। वह उनसे अलग रहना चाहती है। यहां यह समझने वाली बात है कि अगर सास-ससुर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं, घर में उनका ख्याल रखने के लिए दूसरे सदस्य हैं तो उन्हें अपने बेटे के सुखी दांपत्य जीवन के लिए अलग रहने का निर्णय स्वीकार लेना चाहिए। बेटे की शादी के बाद अगर उसकी पत्नी और पैरेंट्स के बीच खींचतान रहती है, घर में कलह का माहौल रहता है, ऐसे में समझदारी यही है कि वे अलग जाकर रहें। शादी के बाद अगर बहू अलग रहना चाह रही है तो माता-पिता दुखी, परेशान न हों। बेटे के घर से अलग रहने में कोई बुराई नहीं है। इसकी चिंता न करें कि कौन क्या कहेगा?

**व्यावहारिक सोच रखें:** बेटे-बहू के अलग रहने की बात से कई लोग असहमत हो सकते हैं। उनका तर्क हो सकता है कि बेटे की शादी हम किसलिए करते हैं, ताकि परिवार में सब लोग मिलकर एक-दूसरे के साथ प्यार से रहें। यह उन घरों के लिए तो सही होता है, जहां बहू का मन सास-ससुर के साथ रहने, उनकी सेवा करने और उनके साथ एडजस्टमेंट करने का होता है। लेकिन जिन लड़कियों की सोच सास-ससुर से अलग घर लेकर पति के साथ रहने की होती है, तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। बहू को सास-ससुर के साथ अगर घर में रहने से तनाव रहता है, बेटे की शादीशुदा जिंदगी पर ही नहीं बल्कि परिवार के बाकी सदस्यों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है, बेटे-बहू इतना कमाते हैं कि वो आराम से बाहर किराए पर घर लेकर रह सकते हैं तो उन्हें अलग रहने की इजाजत दे देनी चाहिए। इस मामले में व्यावहारिक सोच रखें।

**एक-दूसरे को करें सपोर्ट:** अलग रहने पर अगर बेटे-बहू खुश हैं तो आपको भी खामोशी से अपनी खुशी की राह तलाश लेनी चाहिए। इसमें दोनों तरफ से एक-दूसरे को सहयोग देने की भावना होनी चाहिए। अपने सुख-दुख बांटें, सुबह-शाम फोन पर बात करें। जब जरूरी हो, एक-दूसरे को इमोशनल सपोर्ट दें। जब भी एक-दूसरे को उनकी जरूरत हो तो साथ जाकर रहें। इससे संबंध हमेशा बने रहेंगे।

**मदद लेने में न हिचकें:** यह कभी नहीं भूलें कि बेटे और बहू के साथ आपका करीबी रिश्ता है। एक-दूसरे के प्रति अधिकार और कर्तव्य इसमें इनबिल्ट है यानी, माता-पिता के सामने अगर कोई समस्या आती है, तो वे अपने बच्चों से मदद लेने में संकोच न करें और बेटा-बहू को भी अगर माता-पिता के मानसिक या फाइनेंसियल सपोर्ट की जरूरत है तो वे भी उनसे खुल कर कहें। याद रखें, आपने बेटे-बहू को अलग रहने की आजादी दी है, तो इस बदलाव को मन से स्वीकार करें, इसी में सबकी खुशी है।

**रह सकते हैं साथ भी:** जरूरी नहीं बहू-बेटा अपनी आजादी के लिए कहीं दूसरी जगह जाकर रहें। अगर आपको अपने बेटे से या आपके बेटे को आपसे ज्यादा लगाव है तो आप साथ में रह कर भी बेटे-बहू को पूरी आजादी दे सकते हैं।

**बनाए रखें रिश्ता:** बेटे के अलग हो जाने के बाद भी उससे रिश्ते बनाकर रखें। बेटे को पूरा सहयोग दें ताकि वह अपनी पत्नी के साथ अच्छी बॉन्डिंग बना सके। बेटा-बहू अलग रहते हैं, इसके बावजूद सभी लोग समय-समय पर एक-दूसरे से मिलते-जुलते रहें।

# उमस भरी इस गर्मी में बनी रहेगी ग्लोइंग स्किन

स्किन केयर

चेतना झा



मौसम का हर दौर त्वचा और बालों के लिए अलग तरह की केयर की मांग करता है। बारिश के साथ होने वाली उमस भरी गर्मी के इन दिनों के मौसम में भी अपनी स्किन केयर रूटीन को मौसम के अनुकूल करना चाहिए।

**सीटीएम:** सीटीएम यानी क्लीनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड टोनिंग, इस मौसम में त्वचा की देखभाल का मूलमंत्र है। ऐसी गर्मी में स्किन की क्लीनिंग के लिए हल्के जैल क्लींजर और जैल बेस्ड ही मॉयश्चराइजर का उपयोग करें। लाइट मॉयश्चराइजर आपके पोर्स को बंद नहीं करेंगे।

**एसपीएफ रेंज:** इस सीजन में भी घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है, लेकिन सनस्क्रीन का एसपीएफ कितना हो यह जानना भी जरूरी है। यूरोपियन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड वेनेरोलॉजी और अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी की सलाह के अनुसार सनस्क्रीन एसपीएफ 30 से कम नहीं होना चाहिए।

**जब निकले पसीना:** बाहर अधिक समय रहने, अधिक काम करने या वर्कआउट के बाद पसीना आना स्वाभाविक है। पसीना आने से रोम छिद्रों में तेल और गंदगी जाने की आशंका होती है, इसलिए पसीने के बाद त्वचा की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। इससे रोमछिद्र बंद होने से बचाव होता है। पसीने से भीगी ड्रेस को दुबारा पहनने से पहले साफ जरूर करें।

**शावर जरा कम:** अधिक देर पानी में रहने से शरीर का नेचुरल ऑयल कम हो जाता है और स्किन में ड्रायनेस की समस्या आ जाती है। हॉट शावर लेने की आदत से समस्या और बढ़ जाती है। इस मौसम में दो बार से अधिक नहीं नहाएं और दस मिनट से अधिक शावर न लें।

**इनका भी रखें ध्यान:** गर्मियों में अधिक तापमान, पसीने आदि की वजह से रोम छिद्र खुल जाते हैं। बाहर निकलने पर हाथों पर लगी गंदगी, तेल आदि के संपर्क में जब ये खुले रोम छिद्र आते हैं तो एक्ने की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए चेहरे की त्वचा के साथ हाथों की सफाई पर भी खास ध्यान दें। एक्ने की समस्या हो तो सैलिसिलिक एसिड युक्त या यूकेलिप्टस बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। हयालूरोनिक एसिड और ग्लिसरीन युक्त मॉयश्चराइजर लगाएं। टोनर लाइट और हाइड्रेटिंग हो। एसपीएफ 50 का सनस्क्रीन धूप में निकलने से करीब 20-30 मिनट पहले चेहरे और शरीर के दूसरे खुले हिस्से में लगाएं।

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

# ऐसे करें बच्चों की डेंटल केयर

ओरल हेल्थ

संध्या रानी

आप अपने बच्चों की हेल्थ का ध्यान रखने में कोई लापरवाही नहीं बरततीं, लेकिन क्या उनके दांतों की देखभाल भी अच्छी तरह से करती हैं? यहां बताई जा रही बातों को फॉलो करें, इससे बच्चों को कोई डेंटल प्रॉब्लम नहीं होगी।



अधिकतर बच्चों को चॉकलेट, टॉफी, स्वीट्स, कुकीज खाना और कोल्ड ड्रिंक पीना बेहद पसंद होता है। कई पैरेंट्स अपने बच्चों से किसी बात को मनवाने के लिए चॉकलेट या टॉफी देने का लालच बार-बार देते हैं। मेहमान या रिलेटिव्स भी जब घर आते हैं तो ज्यादातर बच्चों के लिए टॉफी, चॉकलेट, केक, कोल्ड ड्रिंक ही लेकर आते हैं। इससे बच्चों में मीठा खाने की लत लग जाती है। ज्यादा मीठा खाने से उनके दांतों में इंफेक्शन हो जाता है, उसमें दर्द रहने लगता है, गम्स में सूजन या दांतों में सड़न भी हो सकती है।

**दांतों में सड़न के कारण:** चॉकलेट, स्वीट्स, कुकीज, टॉफी और कोल्ड ड्रिंक में शुगर की मात्रा अधिक होने के कारण ये सब बच्चों के लिए नुकसानदायक होते हैं। चॉकलेट चिपचिपी होने की वजह से दांतों में फंस जाती है। इससे दांतों में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं, क्योंकि आमतौर पर बच्चे चॉकलेट खाने और कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद पानी से कुल्ला नहीं करते हैं। इससे दांतों में कैविटी और सड़न भी पैदा होने लगती है। चॉकलेट अधिक खाने से दांत की ऊपरी लेयर सॉफ्ट हो जाती है, जिससे कैविटी बनने की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं चॉकलेट अधिक खाने से दांत पीले हो जाते हैं और प्लॉक बन जाता है। कोल्ड ड्रिंक में एसिड होने के कारण दांतों की जड़ों को भी बहुत नुकसान पहुंचता है। यह दांत में कैल्शियम की मात्रा कम कर देता है, जिससे दांतों की सड़न और मसूड़ों में सूजन होने की संभावना बढ़ जाती है। मसूड़े में सूजन की वजह से बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं और दांतों में कीड़े भी लग सकते हैं। इससे दूसरे दांतों में भी कीड़ा लगने का खतरा बढ़ जाता है। जो नए दांत निकलने वाले होते हैं, उस पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इस वजह से नए दांत आड़े-तिरछे निकलते हैं। इसके अलावा अधिक चॉकलेट खाने से बच्चों में चिड़चिड़ापन और नींद की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

**कराएं प्रॉपर डेंटल चेकअप:** अगर बच्चे के दांतों में लंबे समय तक कोई समस्या हो तो जल्द से जल्द दांतों के डॉक्टर के पास जाकर चेकअप और ट्रीटमेंट करवाना चाहिए। समय पर इलाज नहीं किया जाए तो दांतों से जुड़ी बीमारी या सड़न उसके अंदरूनी हिस्से तक पहुंच सकती है। इससे दांत पूरी तरह खराब हो सकते हैं, जिन्हें निकलवाना भी पड़ सकता है।

**पैरेंट्स सावधानी बरतें:** आठ-दस साल से कम उम्र के बच्चे नासमझ होते हैं। उन्हें अच्छे और बुरे का ज्ञान नहीं होता है, तो स्वाभाविक है कि उनके लिए माता-पिता को ही विशेष ध्यान रखना होगा। बच्चों को चॉकलेट खाना पसंद होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाना कितना हार्मफुल हो सकता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं होती है। इस बारे में पैरेंट्स को उन्हें समझाना चाहिए। बच्चों को प्यार से समझाएं कि ज्यादा मीठा और चॉकलेट खाने से आपके दांत खराब हो जाएंगे तो आपको डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाना होगा। आप खाना भी नहीं खा पाएंगे। अगर खाना ठीक तरह से नहीं खाएंगे तो मजबूत कैसे बनेंगे? ऐसा नहीं है कि बच्चों को चॉकलेट और मीठी चीजें बिल्कुल देना ही बंद कर दें। लेकिन मीठा खाने के बाद उनकी दांतों की साफ-सफाई पर भी जरूर ध्यान दें। अपने बच्चे को मिल्क चॉकलेट की जगह डार्क चॉकलेट दें, क्योंकि इसमें शुगर की मात्रा कम होती है। इसके साथ ही बच्चों को दिन में दो बार ब्रश जरूर कराएं। एक बार सुबह और दूसरी बार रात में खाने के बाद।



**(डेंटिस्ट डॉक्टर अमृत कश्यप से बातचीत पर आधारित)**

## सूरत में आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन में सीएम ने कहा, राज्य में एक लाख एकड़ से अधिक लैंड बैंक, 340 से अधिक इंडस्ट्रियल पार्क

**मुख्यमंत्री ने सूरत में विभिन्न उद्योग घरानों के उद्योगपतियों से की वन-टू-वन चर्चा**

# मप्र में निवेश और उद्योग के लिए उद्योगपति इच्छुक सरकार उपलब्ध कराएगी सभी आवश्यक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विभिन्न उद्योग घरानों के उद्योगपतियों ने भी वन-टू-वन चर्चा कर मप्र के विभिन्न हिस्सों में निवेश करने और उद्योग स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को मप्र में उद्योग लगाने के लिए स्वागत किया और कहा कि सरकार उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मप्र में निवेश के अवसरों पर होटल मैरियट सूरत में आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन में बोल रहे थे। उन्होंने इन्टरैक्टिव सेशन का दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन किया। सूरत में आयोजित 'इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' संवाद सत्र में उद्योग जगत के 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सूरत में इंटरेक्टिव सेशन आयोजित करने के लिए जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी), साउथ गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स और मेटाक्सिल के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंटकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

### स्मृति चिन्ह भेंटकर डॉ. यादव को दिया धन्यवाद

**खास बातें**

- मप्र की इंडस्ट्रियल पॉलिसी और लॉजिस्टिक नेटवर्क देश में सर्वश्रेष्ठ
- उपलब्ध करया जाता है उपयुक्त ईको-सिस्टम
- मप्र में उद्योग लगाने के लिए सीएम ने किया स्वागत



### शानदार ईको-सिटम और निवेश फ्रेंडली वातावरण युक्त आदर्श स्थल है मप्र

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश संवर्धन के लिए देश विदेश में कई कार्यक्रम किए है और अभी तक लगभग एक लाख किमी की यात्रा की गई है। मप्र देश के केंद्र में स्थित सबसे खूबसूरत और संभावनाओं से परिपूर्ण राज्य है, जो हर प्रकार के उद्योग के लिए उपयुक्त ईको-सिस्टम उपलब्ध कराता है। राज्य में एक लाख एकड़ से अधिक लैंड बैंक, 340 से अधिक इंडस्ट्रियल पार्क और हर सेक्टर के लिए विशेषीकृत क्लस्टर विकसित किए गए हैं। इसमें आईटी पार्क, फूड प्रोसेसिंग, गारमेंट्स, प्लास्टिक, टेक्सटाइल और फार्मा पार्क शामिल हैं। यहां की इंडस्ट्रियल पॉलिसी और लॉजिस्टिक नेटवर्क देश में सर्वश्रेष्ठ हैं, जिससे न केवल मैन्युफैक्चरिंग बल्कि निर्यात के लिए भी मजबूत आधार प्राप्त होता है।

### गुजरात के उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश के अपने औद्योगिक अनुभव साझा किए

गुजरात की प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों ने मप्र में अपने औद्योगिक अनुभव साझा किए। मिलेनियम बेबी केयर और केयर फिट इंडस्ट्रीज के ऑनर एवं फाउंडर राम प्रकाश बेरिया ने मप्र में अपने उद्योग स्थापना एवं संचालन के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2016 से मप्र में कार्य कर रहा हूं। इस दौरान मैंने महसूस किया है कि यहां का औद्योगिक वातावरण बेहद सकारात्मक, सहयोगपूर्ण और नीति-समर्थ है। मप्र में निवेश के अवसरों पर होटल मैरियट सूरत में आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन में प्रमुख कंपनियों के चेयरमैन, सीईओ व कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए। बेबी केयर के ओनर बेरिया ने कहा कि राज्य सरकार ने सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम को प्रभावी बनाया है। उन्होंने बताया कि कंपनी मिलेनियम बेबी केयर लिमिटेड ने इंदौर में 400 करोड़ रुपए का निवेश किया है। वर्तमान में 200 करोड़ रुपए की एक्सपेंशन प्रक्रिया चल रही है। इसके अतिरिक्त, हमारे ग्रुप की अन्य कंपनियां भी राज्य में 600 करोड़ रुपए के नए निवेश की योजना पर कार्य कर रही हैं।



**मध्यप्रदेश उद्योग के लिए विश्वसनीय स्थान**



वेलस्पन वर्ल्ड के ग्रुप प्रेसिडेंट चिंतन ठाकर ने मप्र को उद्योग के लिए विश्वसनीय स्थान बताया और लॉजिस्टिक व एमएसएमई नीति की सराहना की। टोरेंट पावर के डायरेक्टर जिगेश भाई मेहता ने राज्य में उत्कृष्ट अधोसंरचना और प्रशासनिक सक्रियता की सराहना की। एसआरके ग्रुप के अध्यक्ष गोविन्दभाई धोलकिया ने कहा कि गुजरात के कई उद्योगपति मप्र को अपना दूसरा घर मानते हैं और यहां निवेश को लेकर उन्हें पूरी सहूलियत, पारदर्शिता और भरोसा मिलता है।

### नीति ने उद्यमिता को दी नई गति

राज्य की एमएसएमई नीति और लॉजिस्टिक्स पॉलिसी ने उद्यमिता को नई गति दी है। नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस-वे कनेक्टिविटी, 1000 मिलियन क्यूबिक मीटर जल आपूर्ति क्षमता, निर्बाध पॉवर की सप्लाई और 10 से 40 प्रतिशत तक की सब्सिडी राज्य को निवेशकों के लिए आकर्षक बनाती है। गुजरात के सूरत जैसे औद्योगिक शहरों के निवेशकों ने मध्यप्रदेश को अपनी दूसरी कर्मभूमि के रूप में अपनाया है। लैंड अलॉटमेंट की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी, तेज और हेजल-फ्री है, जिससे निवेशकों को बिना किसी रुकावट के प्रोजेक्ट शुरू करने का अवसर मिलता है।

### पीएम मित्र पार्क का शुभारंभ दो माह में

मध्यप्रदेश के धार में प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अप्रैल (पीएम मित्र) पार्क का शुभारंभ अगले दो माह में प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। यह पार्क 2 हजार एकड़ में 2 हजार करोड़ रुपए के निवेश के साथ प्लग एंड प्ले सुविधा, सोलर प्लांट, सेंट्रलाइज्ड स्टीम बॉयलर के साथ स्थापित किया जा रहा है।

### मप्र की औद्योगिक विकास दर को गति देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

*औद्योगिक समूहों से जुड़ाव, प्रदेश में निवेश को सुगम बनाने और रोजगार के अवसरों के सृजन के लिए सूरत में हो रहा है इंटरएक्टिव सेशन*



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की कृषि विकास दर के समान औद्योगिक विकास दर को आगे बढ़ाने के लिए के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। इसी उद्देश्य से उद्योग व्यापार और निवेश गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर समिट आयोजित करने और देश-विदेश के प्रमुख औद्योगिक व्यापारिक केंद्रों से संपर्क का क्रम जारी है। राज्य सरकार की इस पहल का प्रदेश को लाभ भी मिल रहा है। इसी क्रम में रविवार को सूरत में मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर इंटरएक्टिव सेशन हुआ। यह आयोजन उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 अभियान की श्रृंखला में बेंगलुरु के बाद दूसरा बड़ा संवाद है। क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक समूह से जुड़ाव बढ़ाना और प्रदेश में रोजगार के अवसर सृजित करना तथा निवेश को सुगम बनाना इस अभियान का उद्देश्य है। सूरत देश का प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र है। वहां के उद्योग व्यापार जगत के सहयोग से प्रदेश में निवेश गतिविधियों को प्रोत्साहन मिले, इस उद्देश्य से वहां समिट आयोजित किया गया है। राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार के लिए हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री ने सूरत प्रस्थान से पहले मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

## युवक पर चढ़ा दी बुलेरो एक मृत और दो गंभीर

**बेमेतरा।** रविवार देर रात करीब नौ बजे बेमेतरा जिले में हत्या का मामला सामने आया है, जहां आरोपी युवक ने फोर व्हीलर बुलेरो को एक व्यक्ति के ऊपर चढ़ा दी। इस वारदात में एक की मौत व दो गंभीर रूप से घायल है। मामला नगर पंचायत साजा का है। साजा थाना से मिली जानकारी अनुसार मृतक रतनू नेताम के ऊपर आरोपी मालवेंद्र बनर्जी ने अपनी बुलेरो गाड़ी चढ़ा दी। यह वारदात साजा कोदवा मेन रोड वर्मा पेट्रोल पंप के पास हुई। इसी जगह पर मौजूद मृतक के साथी मूलचंद उर्फ शंकर यादव, नरेश निषाद गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खां ने प्रदीप सरदाना को घर जाकर दी पत्रकारिता की स्वर्ण जयंती की बधाई



**नयी दिल्ली ।** सुप्रसिद्ध लेखक, पत्रकार और कवि श्री प्रदीप सरदाना के पत्रकारिता में 50 शानदार वर्ष पूर्ण होने पर, बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खां ने उन्हें घर जाकर बधाई दी। हाल ही में नयी दिल्ली में 'प्रदीप सरदाना की पत्रकारिता में अर्ध शताब्दी' का एक भव्य स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, सांसद मनोज तिवारी और प्रतिभा आडवाणी के साथ सुप्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना पदमविभूषण सोनल मानसिंह एवं वयोवृद्ध पत्रकार-साहित्यकार पदमश्री शीला झुनझुनवाला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। लेकिन उस दिन अपनी अन्य व्यस्तताओं के चलते राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खां, 'आधारशिला' द्वारा आयोजित इस समारोह में नहीं आ सके थे। इसीलिए उन्होंने श्री प्रदीप सरदाना के पूर्वी दिल्ली आवास जाकर उन्हें अपनी बधाई देकर सम्मानित किया।

राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद खां साहब ने कहा कि मैं प्रदीप सरदाना जी को उनकी अब तक की 50 वर्ष की शानदार, गौरवपूर्ण पत्रकारिता यात्रा पर अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ। साथ ही कामना करता हूँ कि वह स्वस्थ रहें और आगे भी कई बरसों तक पत्रकारिता में सक्रिय रहकर देश और समाज को जागरूक करते रहें।उधर श्री प्रदीप सरदाना ने इस अवसर पर कहा-''मेरा यह सौभाग्य है कि महामहिम राज्यपाल आरिफ़ साहब मुझे बधाई देने के लिए मेरे घर तक आए। यह सब उनकी सादगी और महानता दर्शाता है। वह इतने उच्च पद पर आसीन होने के बावजूद ज़मीन से जुड़े हैं और पुराने संबंध निभाने के साथ पत्रकारों,साहित्यकारों और कलाकारों को सम्मान देने में अग्रणी रहते हैं। उनके मेरे घर आगमन से मेरा और मेरे काम का सम्मान तो बढ़ा ही है, साथ ही पत्रकारिता में मेरी स्वर्ण जयंती की उपलब्धि का आनंद और सुख दोहरा हो गया। मुझे इससे नयी ऊर्जा मिली है। मैं इसके लिए उनका सदैव कृतज्ञ रहूँगा।''7

## नेशनल एचीवर एक्सीलेंसी अवॉर्ड 2025 से फिल्म एवं टी.वी कलाकार गिरीश थापर को सम्मानित किया



**मुंबई।** शहर में कला, फैशन और सामाजिक सरोकारों को समर्पित एक भव्य समारोह का आयोजन मुंबई के प्रतिष्ठित मेयर हॉल में किया गया।इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मेरठ के कलाकार गिरीश थापर को फ़िल्मि अभिनेत्री स्नेहा उल्लाह द्वारा नेशनल एचीवर एक्सीलेंसी अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन कुशल एंटरटेनमेंट की ओर से अंजलि पटेल ओर शैलेश पटेल द्वारा किया गया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नितिन, पुत्र जय कुमार, निवासी मकान संख्या 655, डी, बीएच ब्लॉक, शालीमार बाग, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 481/22 भा.द.सं. की धारा 25/54/54 आर्म्स एक्ट, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 481/22 भा.द.सं. की धारा 25/54/54 आर्म्स एक्ट, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नितिन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ईब्बानी अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, उत्तर पश्चिम**
**कमरा नं.107, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
DP/8337/RD/2025



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडीए डिवीजन रोहतक | कटेसरा माइनर (विस्तार) के ओ/एल आरडी 22060/एल के डब्ल्यू/सी की लाइनिंग हेतु आकलन + 3 कार्य। | 27.06.2025 07.07.2025 | 2.12 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9650044885 xenrohtakcad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36079/I/88/7 दि. 30.06.25



**पीजीइन्विट PGInvIT**

**यूनिटधारकों के लिए चौथी वार्षिक बैठक की सूचना**

एतद्द्वारा **सूचना** दी जाती है कि सेबी द्वारा जारी मास्टर परिपत्र सं. सेबी/एचओ/डीडीएचएस-पीओडी-2/पी/सीआईआर/2024/44 दिनांक 15 मई, 2024 के साथ पठित सेबी (इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स) विनियम, 2014 के अनुपालन में पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ("पीजीइन्विट") की चौथी वार्षिक बैठक **("एएम") गुरुवार, 24 जुलाई, 2025** को सुबह **11:00 बजे (IST)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग **("वीसी")**/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स **("ओएवीएम")** के माध्यम से आयोजित की जाएगी जिसमें वार्षिक बैठक के नोटिस में निर्धारित विषयों पर विचार विमर्श किया जायेगा।

**यूनिटधारकों को सूचित किया जाता है कि:**

1. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट **("वार्षिक रिपोर्ट")** के साथ चौथी एएम की सूचना **("नोटिस") सोमवार, जून 30, 2025** को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन यूनिटधारकों को भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते डिपोजिटरी के पास पंजीकृत थे।
2. पावरग्रिड ऊंचाहार ट्रांसमिशन लिमिटेड ने पीजीइन्विट के इंवेस्टमेंट मैनेजर होने के नाते, एएम के दौरान ई-वोटिंग और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एएम में भागीदारी के लिए, रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा वोटिंग सुविधा देने के उद्देश्य से पीजीइन्विट के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, मैसर्स केफिन टेक्नोलॅजिज लिमिटेड **("केफिनटेक")**, की सेवाएं ली हैं।
3. नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट पीजीइन्विट की वेबसाइट **www.pginvit.in**, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **("एनएसई") www.nseindia.com** और बीएसई लिमिटेड **("बीएसई") www.bseindia.com** की वेबसाइट के प्रासंगिक अनुभाग और ई-वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट यथा केफिनटेक **https://evoting.kfintech.com** पर उपलब्ध है।
4. कट-ऑफ तारीख यानी **गुरुवार, जुलाई 17, 2025 ("कट-ऑफ तिथि)** पर यूनिट रखने वाले यूनिटधारक रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से या एएम में भागीदारी और वोटिंग के लिए मतदान करने के लिए पात्र होंगे और कोई व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि को यूनिटधारक नहीं है, उन्हें इस नोटिस को केवल सूचना उद्देश्यों के लिए समझना चाहिए। यूनिटधारकों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तिथि के अनुसार पीजीइन्विट की इकाई पूंजी की उनकी यूनिट के अनुपात में होंगे।
5. रिमोट ई-वोटिंग **सोमवार, जुलाई 21, 2025 प्रातः 09:00 बजे (आईएसटी)** शुरू होगी और **बुधवार, जुलाई 23, 2025, सायं 05:00 बजे (आईएसटी)** समाप्त होगी। इसके बाद रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल मतदान के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
6. कोई भी व्यक्ति जो पीजीइन्विट की यूनिट्स का अधिग्रहण करता है और नोटिस के प्रेषण के बाद पीजीइन्विट का यूनिट्धारक बन जाता है और कट-ऑफ तिथि के अनुसार यूनिट रखता है, वह **evoting@kfintech.com** पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है या टोल फ्री नंबर **1800-309-4001** पर केफिनटेक से संपर्क कर सकता है।
7. यूनिटधारक जो वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एएम में मौजूद हैं और एएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, वे ई- वोटिंग के माध्यम से एएम के दौरान वीसी प्लेटफार्म के माध्यम से केफिनटेक द्वारा प्रदान की गई वोटिंग प्रणाली से अपना वोट डाल सकते हैं।
8. एएम से पूर्व रिमोट ई- वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले यूनिटधारक एएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन दोबारा वोट डालने के पात्र नहीं होंगे।
9. सीएस सविता ज्योति, मैसर्स सविता ज्योति एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, हैदराबाद को निवेश प्रबंधक द्वारा रिमोट ई- वोटिंग प्रक्रिया तथा एएम के दौरान ई- वोटिंग को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।
10. बैठक से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग/बैठक के दौरान ई- वोटिंग अथवा बैठक में वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से शामिल होने की विस्तृत प्रक्रिया के निर्देश नोटिस में उल्लेखित है। ई-वोटिंग सुविधा के संदर्भ में कोई भी पूछताछ/शिकायत के लिए कृपया **einward.ris@kfintech.com / evoting@kfintech.com** पर ई-मेल करें या **1800-309-4001** पर संपर्क करें।
11. जिन यूनिटधारकों के ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उनको पीजीइन्विट के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट-केफिनटेक, द्वारा जहाँ मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, उस पर एसएमएस भेजे जा रहे हैं।
12. यूनिटधारक अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों से सम्पर्क कर उनके द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार ई-मेल पते, मोबाइल नंबर, स्थायी खाता संख्या (पैन) और बैंक खाते के विवरण को पंजीकृत / अपडेट करें।

कृते **पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (पीजीइन्विट)**
**बोर्ड के आदेशानुसार**
**पावरग्रिड ऊंचाहार ट्रांसमिशन लिमिटेड**
**(पीजीइन्विट के इंवेस्टमेंट मैनेजर के रुप में)**
हस्ता./-
**श्वेतांक कुमार**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**

दिनांक: जून 30, 2025
स्थान: गुरुग्राम

**पावरग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट**
(भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के साथ पंजीकृत इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट)
पंजीकरण संख्या: IN/InvIT/20-21/0016
व्यवसाय का मूल स्थान: प्लॉट नं. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001, हरियाणा
अनुपालन अधिकारी: श्वेतांक कुमार
फोन: +91 124 282 3177; ई-मेल: investors@pginvit.in; वेबसाइट: www.pginvit.in

PG/CC/Notice/PGInvIT-20/Advt-24/25-26/Beautex


# पाठशाला रत्न से सम्मानित हुए वरिष्ठ पत्रकार सुशील श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



राजनीति की पाठशाला के आठवें स्थापना दिवस पर आज 30 जून को कांस्टीट्यूशन क्लब दिल्ली में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया. इस शुभ अवसर वरिष्ठ पत्रकार सुशील श्रीवास्तव को पाठशाला रत्न से सम्मानित किया गया !

कार्यक्रम में कई दिग्गज शामिल हुए. राजनीति की पाठशाला के संस्थापक व कार्यक्रम संयोजक अजय पांडेय ने कहा पिछले आठ सालों से राजनीति की पाठशाला ने बेहतर कार्य किया है व कई मुकाम हासिल किया है यह मंच भारत के संविधान, लोकतंत्र और नागरिक चेतना को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निरंतर कार्यरत रहा है ! राजनीति की पाठशाला अपनी यात्रा को न केवल याद कर रही है बल्कि आने वाले वर्षों के लिए संविधान-प्रेरित जनसंगठन के रुप में अपने संकल्प को भी दोहरा रही है - एक ऐसा भारत जहां पर हर नागरिक संविधान का जानकार और लोकतंत्र का प्रहरी हो ! समारोह में पाठशाला रत्न अवार्ड से वरिष्ठ पत्रकार सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य कई विभूतियों को सम्मानित किया गया


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के अधिकार क्षेत्र के तहत मौजूदा पारम्परिक स्ट्रीट लाइट्स को बदलना, नई एलईडी स्ट्रीट लाइट्स और सीसीएमएस की स्थापना। | 25.06.2025 24.07.2025 | 3322 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में त्रुटि जिम्मेवारी अवधि में से स्ट्रीट लाइट्स का प्रचालन और रखरखाव। | 25.06.2025 08.07.2025 | 275.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में वार्ड नं. 1 से 22 में स्थित मौजूदा शौचालय 113 अदद (98 अदद सार्वजनिक शौचालय, 9 अदद कार्यालय शौचालय और 6 अदद चलायमान शौचालय) का रखरखाव, मरम्मत, पुनरोद्धार और उपयुक्त देखरेख का प्रावधान (एक वर्ष हेतु अनुमानित लागत) (पुनः आमंत्रण)। | 28.06.2025 14.07.2025 | 136.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक से नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, प्रसंस्करण स्थल / डम्प साइट जोन-1 तक परिवहन के लिए मशीनरी को किराये पर लेना (पुनः आमंत्रण)। | 27.06.2025 04.07.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 5 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक से नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, प्रसंस्करण स्थल / डम्प साइट जोन-2 तक परिवहन के लिए मशीनरी को किराये पर लेना (पुनः आमंत्रण)। | 27.06.2025 04.07.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 6 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक से नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, प्रसंस्करण स्थल / डम्प साइट जोन-3 तक परिवहन के लिए मशीनरी को किराये पर लेना (पुनः आमंत्रण)। | 27.06.2025 04.07.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 7 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक से नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, प्रसंस्करण स्थल / डम्प साइट जोन-4 तक परिवहन के लिए मशीनरी को किराये पर लेना (पुनः आमंत्रण)। | 27.06.2025 04.07.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 8 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक से नगरीय ठोस कचरे का घर-घर से संग्रहण, प्रसंस्करण स्थल / डम्प साइट जोन-5 तक परिवहन के लिए मशीनरी को किराये पर लेना (पुनः आमंत्रण)। | 27.06.2025 04.07.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/160/36075/I/88/7 दि. 30.06.25

## चिंतन

# उद्योग क्षेत्र की गति पर फोकस बढ़ाना जरूरी

सरकार को उद्योग क्षेत्र पर खास ध्यान देना चाहिए। महीने दर महीने जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में लगातार गिरावट देखी जा रही है। चालू वित्त वर्ष में ही अप्रैल के बाद अब मई में भी आईआईपी में गिरावट दर्ज की गई है। आईआईपी मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2 प्रतिशत पर है। विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों ने कमजोर प्रदर्शन किया है। रिजर्व बैंक ने उद्योग क्षेत्र की दिक्कतों को देखते हुए और महंगाई के नियंत्रण में रहने से नीतिगत दर रेपो रेट में तीसरी बार कटौती की है। इसके पीछे एक तर्क यह भी था कि रेपो रेट में कमी होने से उद्योग जगत को सस्ते कर्ज के रूप में लाभ मिलेगा, लेकिन आईआईपी के आंकड़े बता रहे हैं कि कर्ज सस्ते होने के बावजूद उद्योग क्षेत्र की गति सुस्त ही है। आईआईपी के जरिये मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बीते वर्ष 2024 के मई माह में 6.3 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। इससे पहले, अगस्त, 2024 में आईआईपी में सबसे कम वृद्धि दर्ज की गयी थी। उस समय वृद्धि दर स्थिर रही थी। वित्त वर्ष 2025-26 में पहले दो माह (अप्रैल-मई) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर केवल 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 5.7 प्रतिशत थी। जून तिमाही के पहले दो महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीमी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि के लिए अच्छा संकेत नहीं है। जीडीपी में अहम स्थान रखने वाले और रोजगार सृजन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले उद्योग क्षेत्र को लंबे समय से नीतिगत स्थिरता का सामना करना पड़ रहा है। चाहे अगले चरण के आर्थिक सुधार की बात हो या विभिन्न देशों के साथ व्यापार समझौते की बात हो, रुपये का प्रदर्शन हो, प्रगति बहुत धीमी है। जीएसटी, विमुद्रीकरण और कोरोना से टूटे उद्योग क्षेत्र को पीएलआई जैसे प्रोत्साहन स्कीम भर से बूस्ट नहीं मिल रहा है। मेक इन इंडिया अभियान उद्योग क्षेत्र में जान नहीं फूंक पा रहा है। मोबाइल, ऑटो निर्माण क्षेत्र में भारत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन भारत के कोर इंडस्ट्री सेक्टर खनन, बिजली, विनिर्माण (मेनुफैक्चरिंग सेक्टर) उम्मीद के अनुरूप ग्रोथ नहीं कर रहे हैं। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में देश का राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 0.8 प्रतिशत रहा। चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का अनुमान है कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत रहेगा। आंकड़े को देखें तो अनुमान के हिसाब से लक्ष्य नियंत्रित नहीं है। भारत का व्यापार घाटा भी काफी असंतुलित है, जिसमें निर्यात से अधिक आयात है। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में कहा गया है कि मूल्य स्थिरता की तरह वित्तीय स्थिरता भी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी है। दोनों ही स्तर पर भारतीय उद्योग क्षेत्र उथलपुथल का सामना कर रहे हैं। कर सुधार के साथ नए निवेश के लिए प्रोत्साहन माहौल बनाना होगा। बड़े उद्यमियों के साथ लघु व मध्यम उद्यमियों को भी बढ़ावा देना होगा, देश में औद्योगिक विकास को गति का माहौल बनाना होगा, हाल के वर्षों में सरकार बजटरी स्तर पर उद्योग क्षेत्र से डिफोकस हुई है, जिससे औद्योगिक व वित्तीय नियामकीय सुधारों में सुस्ती आई है। उद्योग पर फोकस हो।

# डॉक्टरों का सफेद कोट बेदाग रहे



'डॉक्टर्स डे'

डॉ. संजय शुक्ला

डॉक्टर यानि चिकित्सक को 'गॉड ऑफ अर्थ' यानि धरती का भगवान कहा गया है। डॉक्टरों को भगवान का दर्जा देने के पीछे वास्तविकता उसके मरीजों के प्रति करूणा, सहानुभूति, संवेदनशीलता, परोपकार, बीमार को निरोग तथा मौत के मुंह में गए व्यक्ति की ज्ञान, कौशल और दक्षता से उसकी जीवनरक्षा करने की ईश्वरीय क्षमता है। व्यवसायिक नैतिक मूल्यों के अवमूल्यन के वर्तमान दौर में आज डॉक्टरी पेशा ही एक ऐसा पेशा है जिसकी सर्वोच्च सामाजिक प्रतिष्ठा है। भारत में पौराणिक काल से लेकर आधुनिक दौर में वैद्यों, हकीमों और डॉक्टरों का व्यवसायिक नजरिए से सम्मानजनक स्थान रहा है। देश के महान चिकित्सक डॉ. बिधानचंद्र राय जिनका जन्मदिन 1 जुलाई है की स्मृति में भारत में प्रतिवर्ष 'डॉक्टर्स डे' मनाया जाता है। डॉ. राय की ख्याति केवल उच्च शिक्षा प्राप्त मेडिकल टीचर और डॉक्टर के तौर पर ही नहीं थी बल्कि उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में बतौर सेनानी असहयोग आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

डॉ. बिधानचंद्र राय आगे चलकर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी बने तथा उन्हें देश के सर्वोच्च अलंकरण 'भारत रत्न' से नवाजा गया। गौरतलब है कि दुनिया का पहला डॉक्टर्स डे 30 मार्च 1933 में जॉर्जिया में मनाया गया अनेक देशों में यह दिवस अलग-अलग तिथियों में मनाया जाता है। दरअसल दुनिया भर में डॉक्टर्स डे मनाने के पीछे एकमात्र उद्देश्य चिकित्सकों के प्रति नागरिकों द्वारा सम्मान और कृतज्ञता ज्ञापन है। इसके इतर स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते निजीकरण और लचर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के चलते चिकित्सा जैसा पवित्र पेशा अब अनेक विसंगतियों से जूझने लगा है। बाजारवाद और कार्पोरेट घरानों के भारी निवेश के चलते चिकित्सा का क्षेत्र सेवा की जगह कमाई का जरिया बन रहा है फलस्वरूप डॉक्टरों के सफेद कोट यानि एप्रन पर दाग के छींटें पड़ने लगे हैं जो चिंताजनक है। गौरतलब है कि भारत जैसे कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश में स्वास्थ्य का क्षेत्र शहरी और ग्रामीण तथा अमीर व गरीब के बीच में बंटा हुआ है। खस्ताहाल सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच देश की दो तिहाई आबादी आज भी सरकारी अस्पतालों पर निर्भर है जहां डॉक्टरों सहित अन्य संसाधनों की भारी कमी है। दूसरी ओर पांच सितारा अस्पताल हैं जहां डॉक्टर कार्पोरेट घरानों के मुलाजिम हैं लेकिन इन अस्पतालों में किसी भी प्रकार के व्यवस्थागत चूक का ठीकरा इन्हीं डॉक्टरों पर फूटता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जारी असमानताओं और विसंगतियों के कारण अब डॉक्टर और मरीज के बीच भरोसे का डोर लगातार कमजोर हो रहा है फलस्वरूप चिकित्सक और मरीज के परिजनों के बीच हिंसक झड़पों की खबरें आम हो चुकी है। हालांकि सभ्य समाज में ऐसे संघर्ष को कदापि स्वीकार नहीं किया जा लिहाजा आज जरूरत डॉक्टर और मरीज के बीच बढ़ रहे अविश्वास को खत्म करने की जरूरत है इसके लिए समाज और चिकित्सक बिरादरी के बीच संवाद के फासले को कम करना होगा। एक दौर वह भी था जब चिकित्सा और शिक्षा को केवल सेवा का क्षेत्र माना जाता था लेकिन वर्तमान परिवेश में इन दोनों क्षेत्रों ने कॉर्पोरेट यानि व्यवसाय का शक्ल अख्तियार कर लिया है फलस्वरूप समाज और मरीजों के नजर में डॉक्टर की छवि व्यापारी अथवा 'लुटेरे' की बनने लगी जो उचित नहीं है क्योंकि इन संस्थानों में डॉक्टर सिर्फ एक पेशेवर व्यक्ति है जबकि प्रबंधन से उसे कुछ लेना-देना नहीं है। हालांकि छोटे नर्सिंग होम जिनका संचालन खुद डॉक्टर करते हैं वहां के बारे में कई बार मरीजों से अनाप-शनाप फीस लेने और स्मार्ट कार्ड घोटाले की खबरें सामने आई है लिहाजा चिकित्सक बिरादरी को इस दिशा में आत्ममंथन की भी जरूरत है।

विडंबना है कि नैतिक मूल्यों के अवमूल्यन के वर्तमान दौर में चिकित्सा जैसा मुकद्दस पेशा भी इससे अछूता नहीं है। बीते कुछ सालों में निजी अस्पतालों के डॉक्टरों द्वारा अनावश्यक गर्भाशय निकालने, गैरजरूरी सर्जरी करने, धोखेबाजी करके किडनी निकालने, हृदय के धमनियों की सर्जरी के दौरान लगने वाले "स्टेंट" अथवा एंजियोप्लास्टी में घपला करने, लिंग परीक्षण अथवा एबॉर्शन में पैसे ऐंठने, स्मार्ट कार्ड घोटाले में संलिप्तता और पैसों के भुगतान के आड़ में शव को बंधक बनाने जैसी खबरें सामने आई है। आज आमधारणा यह बनती जा रही है डॉक्टर अपने कमीशन और अस्पतालों के भारी-भरकम खर्च जुटाने के लिए मरीजों की गैर जरूरी जांच कराते हैं अथवा भर्ती रखते हैं। इसी प्रकार यह भी धारणा है कि डॉक्टर दवा कंपनियों से मिलने वाले उपहार या सैर-सपाटे के ऐवज में मरीजों को सस्ती दवाओं की जगह महंगे ब्रांडेड दवाएं लिखते हैं।हालांकि चिकित्सकों से संबंधित उपरोक्त खबरें और धारणाओं में अर्धसत्य है क्योंकि आज भी अधिकांश चिकित्सक अपने पेशे और



प्रतिष्ठा के प्रति संजीदा हैं। महज चंद डॉक्टरों के अनैतिक गतिविधियों के चलते समूचे चिकित्सक समुदाय को कठघरे में खड़ा नहीं किया जा सकता। डॉक्टर अपने मरीजों के सेहत और जिंदगी के प्रति कितना फिक्रमंद हैं? इसका उदाहरण हमने बीते वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान देखा जब पूरी दुनिया अपने घरों में तालेबंद थी तब यही चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ दिन-रात हजारों मरीजों की सांसों की डोर थामने अपनी जान को दांव पर लगा रहे थे। इस महामारी से संक्रमितों के उपचार के दौरान जहां देश के हजारों डॉक्टर और सहकर्मी कोरोना से संक्रमित हुए वहीं लगभग 1000 डॉक्टरों की मौत इस महामारी से हुई। हमें यह भी याद रखना होगा कि उस त्रासदी के दौर में समाज का एक वर्ग जहां डॉक्टरों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसा रहा था वहीं दूसरी ओर कुछ लोग उन थूक रहे थे या फिर पत्थर और गाली बरसा रहे थे। दरअसल डॉक्टर की जिंदगी में ऐसे क्षण बार - बार आते हैं जब कोई मरीज जिंदगी के लिए निर्णायक संघर्ष करते रहता है तब यह संघर्ष अकेले मरीज का ही नहीं होता है बल्कि इस संघर्ष का अहम हिस्सा उस डॉक्टर का होता है जो मरीज की जिंदगी के लिए खुद जद्दोजहद कर रहा होता है। बीमार को बीमारी और मौत के मुंह से लौटाकर उसे सेहतमंद बनाने और जिंदगी बचाने के असली मायने एक डॉक्टर से बेहतर कोई नहीं जान सकता। सच्चाई यह है कि हर डॉक्टर मरीज की जान बचाने और उसे तंदुरुस्त रखने की हरसंभव कोशिश करता है ऐसे में यदि किसी मरीज के साथ अनहोनी हो जाए तो चिकित्सक को दोषी ठहराना कतई उचित नहीं है। लेकिन अपवाद स्वरूप सच्चाई यह भी है कि कुछ मामलों में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की लापरवाही और उदासीनता भी सामने आई है जिसके चलते मरीजों को अपने जान से हाथ धोना पड़ा है। अलबत्ता चिकित्सक संगठनों की भी जवाबदेही है कि वह चिकित्सा पेशे की धूमिल होती साख के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं ताकि इस पेशे की पहचान सफेद कोट दागदार होने से बचे। विचारणीय है कि आखिरकार काम के दबाव और असुरक्षा के बीच डॉक्टर कैसे काम करते होंगे? अहम मसला यह भी कि जिसके जिम्मे लोगों के जान की सलामती है उसके खुद के जान- माल की सुरक्षा के लिए सरकार या प्रशासन के पास अब तक कोई भी प्रभावी कानून या सुरक्षा के प्रबंध नहीं है।

बहरहाल डॉक्टरी पेशे की धूमिल होती छवि और इस पेशे पर उठ रही उंगलियों के मद्देनजर यह भी विचारणीय है कि आखिरकार डॉक्टर भी समाज का ही हिस्सा है तथा उसकी भी पारिवारिक जिम्मेदारी और जरूरतें हैं लिहाजा नैतिकता और परोपकार की अपेक्षा इसी बिरादरी से क्यों? आखिरकार वर्तमान भौतिकवादी दौर में डॉक्टरों को भी पैसों की जरूरत है लेकिन इन पैसों की कमाई के तरीकों पर जरूर बहस होना चाहिए क्योंकि यह सीधे तौर पर व्यक्ति के सेहत से जुड़ा मसला है। यदि कोई चिकित्सक अपनी योग्यता और कौशल के बल पर इस पेशे की शुचिता और शपथ के मर्यादा में पैसा कमाता है तो यह कतई अनैतिक नहीं है। इसके उलट यदि कोई चिकित्सक अपने पेशे को ऐनकेन प्रकारेण कमाई का जरिया तथा मरीज को एक ग्राहक समझे तो यह चिकित्सा के बुनियादी उसूलों के सर्वथा विपरीत है।अलबत्ता डॉक्टरों की नयी पीढ़ी की जवाबदेही है कि वे 'व्हाइट कोट सेरेमनी' में लेने वाले शपथ के प्रति प्रतिबद्ध हों आखिरकार उनका यह कोट करूणा, परोपकार,स्वच्छता, व्यावसायिकता और विश्वास का प्रतिनिधित्व करता है। बहरहाल 'डॉक्टर्स-डे' की सार्थकता तब है जब चिकित्सक अपनी सामाजिक और व्यवसायिक दायित्वों के प्रति संवेदनशील हो ताकि इस पेशे की शुचिता और सम्मान की रक्षा संभव हो सके। समाज से भी अपेक्षा है कि वह चिकित्सकों के प्रति संवेदनशील बनें आखिरकार ईश्वर भले ही हमें जीवन देता है लेकिन गंभीर बीमारियों और दुर्घटनाओं के दौरान जीवन की रक्षा तो डॉक्टर ही करता है।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस


मुनीष भाटिया



# सेवा और गुणवत्ता से सशक्त हो देश की स्वास्थ्य व्यवस्था

हर वर्ष एक जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के रूप में चुना गया है। डॉ. रॉय ने चिकित्सा और राजनीति दोनों क्षेत्रों में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया, जो न केवल पेशेवर उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि देश सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति उनके समर्पण को भी दर्शाता है। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची सेवा सीमाओं और पेशेवर सीमाओं से परे होती है। यह विशेष दिन केवल एक औपचारिक स्मरण नहीं है, बल्कि यह उन अनगिनत डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करने का अवसर है, जो दिन-रात बिना थके मानव सेवा में रत रहते हैं। किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की सफलता में यदि कोई सबसे स्थायी और संवेदनशील स्तंभ है, तो वह डॉक्टर ही हैं। आज के दौर में जब चिकित्सा के क्षेत्र में युवाओं का रुझान तेजी से बढ़ रहा है, तो यह दर्शाता है कि करियर के साथ-साथ सेवा भाव भी उनमें कितना गहरा है। नीट जैसी कठिनतम परीक्षाओं में लाखों की तादाद में अभ्यर्थियों का भाग लेना इसी का सूचक है। यह रुझान एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है, जहां युवा सिर्फ आर्थिक लाभ के बजाय मानवता की सेवा को भी महत्व दे रहे हैं। इसके अलावा, मेडिकल के क्षेत्र में भी कॉलेजों की संख्या में वृद्धि हुई है, किंतु उनमें प्रवेश ले रहे अभ्यर्थियों की गुणवत्ता पर ध्यान देना आज बेहद जरूरी हो चला है। मेडिकल संस्थानों को केवल मुनाफ़ा कमाने के उद्देश्य से लाखों-करोड़ों की फीस लेने पर नियंत्रण आवश्यक है ताकि एक उज्ज्वल भविष्य के साथ गरीब का बच्चा भी चिकित्सक बनने के अपने सपने को पूरा कर सके। यह सुनिश्चित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि चिकित्सा शिक्षा सभी वर्गों के लिए सुलभ हो। साथ ही, चिकित्सा संस्थानों पर भी कड़ी निगरानी ज़रूरी है कि कहीं वे केवल मुनाफ़ा बनाने के उद्देश्य में ही तो नहीं लगे हैं, कहीं उनके द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा की गुणवत्ता में समझौता तो नहीं हो रहा। दुर्भाग्य से, नीट परीक्षा में धांधलेबाजी की खबरें चिंताजनक हैं। यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित तरीकों से चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश पा जाता है, तो यह सोचने का विषय है कि ऐसे भावी चिकित्सक किस तरह का सेवाभाव रखेंगे। भ्रष्टाचार के माध्यम से प्रवेश पाने वाले व्यक्तियों में इन मूलभूत गुणों की कमी होने की आशंका रहती है, जो अंततः रोगी की देखभाल और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक गंभीर खतरा बन सकता है। भ्रष्ट आचरण पर कठोर निगरानी और त्वरित कार्रवाई की सख्त आवश्यकता है। चिकित्सा शिक्षा की नींव को कमजोर करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। कड़े नियम, पारदर्शी प्रक्रियाएं और सख्त दंड प्रणाली लागू करके ही हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि चिकित्सा के क्षेत्र में केवल योग्य और सेवा-भाव से प्रेरित व्यक्ति ही प्रवेश पाएं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे नैतिक मूल्यों और पेशेवर मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। तभी चिकित्सक दिवस की सही मायनों में सार्थकता सिद्ध हो सकती है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे नैतिक मूल्यों और पेशेवर मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। तभी चिकित्सक दिवस की सही मायनों में सार्थकता सिद्ध हो सकती है। चिकित्सक केवल एक पेशेवर नहीं होता, वह कई रूपों में सेवा करता है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि क्या हम डॉक्टरों को वह सम्मान और सुविधाएं दे रहे हैं, जिसकी वे अधिकारी हैं? हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी सेवा भावना का शोषण न हो, बल्कि उसे सम्मान और सहयोग मिले। चिकित्सा केवल एक करियर विकल्प नहीं है, यह एक जीवन-दर्शन है। यह उन लोगों का मार्ग है जो जीवन को केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीने का माध्यम मानते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो सेवा, सहानुभूति और समर्पण से परिपूर्ण है। चिकित्सकों को भी यह याद रखना होगा कि उनका पेशा एक महान सेवा है। उन्हें मरीज के साथ अपने व्यवहार में 'अपनत्व' और संवेदनशीलता को कायम रखना चाहिए। पिछले कुछ दिनों से चिकित्सकों के दुर्व्यवहार की खबरें, जिसमें परिजनों द्वारा 'गलत इलाज' के नाम पर आरोप लगाए गए हैं, चिंता का विषय हैं। चिकित्सकों को यह समझना होगा कि उपचार की सफलता में वैज्ञानिक कौशल के साथ मानवीय स्पर्श और सहानुभूति का भी उतना ही महत्व है। एक विनम्र और संवेदनशील व्यवहार मरीज के डर को कम करता है और उसके ठीक होने की प्रक्रिया में भी मदद करता है। पारदर्शिता, स्पष्ट संवाद और रोगियों के प्रति सम्मान एक स्वस्थ चिकित्सा संबंध की नींव है।

# बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित

**दर्शन**

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो।

# एक दिन का पुण्य ही क्यूँ



संकलित

**प्रेरणा**

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बेईमानी का धन

आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसका विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? - **विवेक शर्मा, दुर्ग**

## ट्रेंड

### युवाओं को लाभ होगा



मेरा भारत 2.0!। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम राष्ट्र निर्माण को गति देने के लिए युवा शक्ति को डिजिटल उपकरणों से लैस कर रहे हैं। इस परिवर्तनकारी उन्नयन से मेरे भारत मंच पर पंजीकृत 1.76 करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ होगा।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### भविष्य में निवेश



मैंने स्पेन में विकास के लिए वित्तपोषण पर चौथे सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन दान के बारे में नहीं है। यह सम्मान के जीवन को बहाल करने के बारे में है। यह उस भविष्य में निवेश करने के बारे में है जिसे हम मिलकर बनाना चाहते हैं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### पहले मूल्यों को सीखें



बहुत अच्छा। अगर हम व्यापार से पहले मूल्यों को सीखें। अगर भगवान से पहले माता-पिता के प्रति कृतज्ञ होना सीखें। जीवन खुशहाल होगा। यदि हम शिक्षा से पहले संस्कार, भगवान से पहले माता-पिता को जान लें तो जीवन सरल हो जाएगा।

-किरण बेदी, पूर्व उप राज्यपाल

### आपा खोने से मदद नहीं मिलती



काम पर बिताए अपने सभी सालों में, मैंने कभी किसी पर चिल्लाया नहीं और मुझे इस बात पर गर्व है। बेशक, मेरे पास क्रोध, निराशा और हताशा के क्षण भी आए हैं। लेकिन मैंने सीखा है कि अपना आपा खोने से कोई मदद नहीं मिलती।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# चीन ने जापान के सीफुड से आयात प्रतिबंध हटाया



**बीजिंग।** चीन ने सुनामी से नष्ट हुए फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र से थोड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल छोड़े जाने को लेकर लगभग दो साल के प्रतिबंध के बाद जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटा लिया है। सीमा शुल्क एजेंसी की ओर से जारी एक नोटिस में कहा गया है कि रविवार को प्रतिबंध हटा लिया गया है और जापान के अधिकतर हिस्सों से आयात फिर से शुरू हो जाएगा। अगस्त 2023 में लगाया गया यह प्रतिबंध जापान के मत्स्य उद्योग के लिए बड़ा झटका था। जापानी सीफूड के लिए सबसे बड़ा विदेशी बाजार चीन का है। जापान अपने सीफूड का 20 फीसदी से अधिक हिस्सा चीन को निर्यात करता है। फुकुशिमा स्थित परमाणु संयंत्र 2011 में एक भूकंप के बाद आई भीषण सुनामी से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। कई वर्षों की बहस के बाद, परमाणु ऊर्जा संयंत्र कंपनी को सरकार से यह अनुमति मिल गई कि वह इस अपशिष्ट जल को समुद्र में धीरे-धीरे छोड़े, बशर्ते कि पहले इसे शोधित कर लिया जाए ताकि अधिकतर रेडियोधर्मी तत्वों को हटा दिया जाए। चीन ने इससे असहमति जतायी थी और यह कहते हुए सीफूड के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था कि रेडियोधर्मी जल को समुद्र में छोड़े जाने से मत्स्य उद्योग और तटीय समुदाय खतरे में आ जाएगा।

## ऑफ बीट

# शहरों की वजह से बढ़ रहा धरती का तापमान



जलवायु परिवर्तन से निपटने में शहरों की केंद्रीय भूमिका होती है। वे 67 से 72 प्रतिशत ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कर रहे हैं जो पृथ्वी को गर्म कर रही हैं। साथ ही, शहरों में 'ग्लोबल वार्मिंग' (वैश्विम तापमान वृद्धि) का खतरा भी बढ़ रहा है। बाढ़, आग और सूखा स्वास्थ्य और सुरक्षा पर असर डालकर घरों और व्यवसायों की बीमा की लागत से लेकर सब कुछ प्रभावित कर रहे हैं। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो वहां 90 प्रतिशत लोग शहरी क्षेत्रों में रहते हैं। पूरी दुनिया में शहरों में चार अरब से अधिक लोग रहते हैं। हमारा नया अध्ययन शहरों के निर्माण और प्रबंधन में जलवायु परिवर्तन पर ध्यान देने के लिए 16 प्राथमिकता वाली कार्रवाइयों को चिह्नित करता है। हमारे शहरों को डिजाइन, उनका निर्माण और प्रबंधन करते समय जलवायु परिवर्तन एक प्रमुख विचार होना चाहिए। उत्पन्न होने वाले उत्सर्जन को कम से कम किया जाना चाहिए और अंततः समाप्त किया जाना चाहिए। हमें ऐसे स्थानों पर और ऐसे तरीकों से निर्माण करना चाहिए, जो जलवायु जोखिम को कम करें। लेकिन हमारे शहरों के निर्माण पर नियंत्रण वाली नीतियां इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाती हैं। तीन स्थानीय सरकारी क्षेत्रों के एक हालिया अध्ययन में अनुकूलन और शमन पर केवल सीमित कार्रवाई होने का पता चला है।

### सीएम नायब सैनी ने दिए निर्देश

## अनटैप्ड सीवरेज व औद्योगिक अपशिष्ट जल ड्रेन में न डालें



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में कहीं भी अनटैप्ड सीवरेज या औद्योगिक अपशिष्ट जल ड्रेन में प्रवाहित न हो, इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा ऐसे सभी स्थानों की पहचान कर प्रभावी उपाय किए जाएं, ताकि गंदे पानी को ड्रेनों में गिरने से पूरी तरह रोका जा सके। प्रारंभिक चरण में अंबाला, कुरुक्षेत्र एवं यमुनानगर जिलों में इस दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आगामी तीन माह के भीतर इन जिलों में उल्लेखनीय सुधार किया जाए। मुख्यमंत्री आज यहां बजट घोषणाओं की प्रगति के बारे में बुलाई गई एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बजट घोषणाओं में किए गए सभी वादों को समय पर पूरा किया जाए ताकि प्रदेशवासियों को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि नायब सिंह सैनी, जिनके पास वित्त मंत्री का दायित्व भी है, ने इस वर्ष मार्च में आयोजित विधानसभा सत्र के दौरान वर्ष 2025-26 के लिए राज्य बजट में कई घोषणाएं की थीं। अरावली क्षेत्र में बनने वाली जंगल सफारी की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां ऐसे जानवर रखें जाएं जो मानवता के लिए हानिकारक न हों। जंगल सफारी केंद्रीय जू अथॉरिटी के नियमों के तहत स्थापित की जाए। साथ ही मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए वहां ऐसे पौधों के बीज डाले जाएं जो प्राकृतिक रूप से उगकर स्थिर हो सकें। उन्होंने पर्यावरण एवं वन विभाग की अन्य घोषणाओं की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पर्यटन एवं विरासत विभाग की घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तीज-त्योहार, मेले और उत्सवों पर जनभागीदारी बढ़ाने के लिए इस वर्ष बजट में 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पर्यटन एवं विरासत विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ समन्वय कर ऐसे सभी मेलों का आयोजन सुनिश्चित करे, ताकि प्रदेश के सभी वर्गों में उत्साह एवं उल्लास की भावना का संचार हो सके।

## एमओयू का रन-वे तैयार, बिहार के छः हवाई अड्डे से चुनावी जहाज उड़ाने की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा का चुनाव दस्तक दे रहा है। नवम्बर में चुनाव प्रस्तावित है। चुनावी बेला में बिहार की जदयू, भाजपा सरकार को छोटे शहरों में हवाई अड्डे की याद आई। एमओयू तैयार हुआ। डबल इंजन का फायदा मिला, एमओयू पर दस्तखत भी हो गया। कायदे से अब इसका राजनीतिक लाभ लिया जायेगा। पटना हवाई अड्डे की खराब हालत अब जाकर सुधरती हुई दिख रही है, फिर भी अन्य राजधानियों के बनिस्पत अभी पटना हवाई अड्डा उस स्तर का नहीं माना जाता है। अब कहा जा रहा है छोटे, मंझोले शहरों से भी जहाज उड़ाएंगे।

दिल्ली स्थित बिहार निवास में एक ऐतिहासिक



कदम के तहत बिहार सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच छह नए क्षेत्रीय हवाई अड्डों के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा तथा दिल्ली स्थित बिहार के रेजीडेंट कमिश्नर कुंदन कुमार उपस्थित रहे। बिहार के डायरेक्टर सिविल एविएशन निलेश देवरे ने ऑथोरिटी के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हाल ही में संपन्न राज्य कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई थी। इसके तहत मधुबनी, बिरपुर (सुपौल), मुंगेर, वाल्मीकि नगर (पश्चिम चंपारण), मुजफ्फरपुर और सहरसा में छोटे हवाई अड्डों के निर्माण की योजना है। इन परियोजनाओं के पहले चरण के लिए 150 करोड़ की प्रारंभिक राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें प्रत्येक हवाई अड्डे के लिए 25 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा, यह समझौता बिहार में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल है। यह राज्य की यातायात संरचना को मजबूती देगा, विकास और निवेश के नए द्वार भी खोलेगा।

**पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे**

रेजीडेंट कमिश्नर कुंदन कुमार ने कहा, "नई दिल्ली में बिहार निवास एक संवाद और समन्वय का केंद्र बन रहा है। यह समझौता बिहार की क्षेत्रीय हवाई सेवा को नई ऊंचाई देने वाला है और इसके माध्यम से केंद्र व राज्य के बीच सहकार्य को नई गति मिलेगी।" यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत दृष्टिकोण और भारत सरकार की उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य किफायती हवाई यात्रा के माध्यम से अनुपयुक्त क्षेत्रों को जोड़ना है। भारत अगले पांच वर्षों में 50 और हवाई अड्डे जोड़ने की योजना बना रहा है, जिससे 2047 तक कुल 350 से अधिक हवाई अड्डों का लक्ष्य रखा गया है। इन योजना वाले हवाई अड्डों पर 19-सीटर विमान संचालित होंगे, जो बिहार के दूरदराज क्षेत्रों तक हवाई यात्रा की पहुँच में महत्वपूर्ण सुधार करेंगे। यह पहल राज्य में समावेशी विकास को बल देगी। खासकर उन जिलों को जिनमें अब तक हवाई सुविधाएं नहीं थीं, वहां पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। भविष्य में और भी हवाई अड्डों के निर्माण के लिए आवश्यक बजट आवंटन किया जाएगा।

### सीएम नायब ने जंगल सफारी परियोजना की समीक्षा की

## कहा, पिंजौर के यादवेन्द्र गार्डन की विरासत को संजोते हुए इसे और अधिक सुंदर बनाया जाए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अरावली क्षेत्र में बनने वाली जंगल सफारी की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि वहां ऐसे जानवर रखें जाएं जो मानवता के लिए हानिकारक न हों। जंगल सफारी केंद्रीय जू अथॉरिटी के नियमों के तहत स्थापित की जाए। साथ ही मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए वहां ऐसे पौधों के बीज डाले जाएं जो प्राकृतिक रूप से उगकर स्थिर हो सकें। उन्होंने पर्यावरण एवं वन विभाग की अन्य घोषणाओं की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं की प्रगति के बारे में बुलाई गई एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

सीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में कहीं भी अनटैप्ड सीवरेज या औद्योगिक अपशिष्ट जल ड्रेन में प्रवाहित न हो, इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा ऐसे सभी स्थानों की पहचान कर प्रभावी उपाय किए जाएं, ताकि गंदे पानी को ड्रेनों में गिरने से पूरी तरह रोका जा सके।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने रामपुर में किसानों से 'चौपाल पर चर्चा' की, कहा-

**'लैब टू लैंड' विजन के साथ वैज्ञानिकों ने किसानों से सीधा संवाद**

## मृदा स्वास्थ्य जांच के लिए आधुनिकतम तकनीक को प्रचारित करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश के मोगा ढाबा, रामपुर में किसानों से संवाद किया। 'चौपाल पर चर्चा' के दौरान विभिन्न नवाचारों, समस्याओं और भावी नीतियों को लेकर विस्तारपूर्वक बातचीत की। चौहान ने कहा कि करीब 60 हजार गांवों में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत वैज्ञानिकों ने गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद किया। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार देखने को मिला जब इतनी बड़ी संख्या में 'लैब टू लैंड' विजन के साथ वैज्ञानिकों ने किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि अब अनुसंधान खेत और किसानों की समस्याओं व जरूरतों के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मृदा में पोषक तत्वों की जांच होनी जरूरी है। सरकार मृदा स्वास्थ्य की जांच को लेकर बहुत गंभीर है। अब ऐसी आधुनिकतम तकनीके उपलब्ध है, जिनके जरिए मृदा की जांच के बाद परिणाम के लिए बहुत लंबा इंतजार करने की आवश्यकता नही पड़ती। जांच के बाद 15 मिनट के अंदर नतीजे मिल जाते है। उन्होंने किसानों से प्रमुख फसलों चावल, गेहूं और गन्ने के संबंध में शोध के लिए किसानों से सुझाव मांगे।

### भाजपा ने वक्फ बोर्ड बिल को कूड़ेदान में फेंकने वाले तेजस्वी के बयान की कड़ी आलोचना की

## भाजपा-जदयू और एनडीए समाजवाद के पक्ष में खड़े हैं जबकि राजद और सपा जैसे दल मुल्ला मौलवी के नमाजवाद के पक्ष में : त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि गाँधी मैदान, पटना में एक रैली में तेजस्वी यादव सहित इंडी गठबंधन के नेताओं ने जिस तरह वक्फ कानूनों के खिलाफ देश में शरिया क़ानून थोपने की बात कही है, वह संविधान पर हमला तो है ही, साथ ही बिहार के दलितों और पिछड़ों का हक़ मारने की साजिश भी है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव द्वारा संसद से पारित वक्फ बोर्ड बिल को कूड़ेदान में फेंकने वाले बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान में शरिया के एक दर्जन प्रावधनों को अपने शासन में पिछले दरवाजे से लागू करने वाले विपक्षी दल अगर संविधान को शरिया स्क्रिप्ट बनाना चाहते हैं तो भाजपा यह भी कभी नहीं होने देगी। भाजपा-जदयू और एनडीए समाजवाद के पक्ष में खड़े हैं जबकि राजद और सपा जैसे दल मुल्ला मौलवी के नमाजवाद के पक्ष में हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे दुर्दांत काले अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण हुए। लेकिन बहुत दुख की बात है कि कल पटना के उसी गांधी मैदान में जहां आपातकाल के दौरान संविधान की रक्षा और सम्मान के लिए जान की परवाह किए बगैर लाखों लोग एकत्र हुए थे, वहीं एक ऐसी रैली आयोजित हुई जिसमें इंडी गठबंधन के बिहार के आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने संसद से पारित वक्फ बोर्ड बिल को कूड़ेदान में फेंकने की बात कही। ये बहुत गंभीर विषय है। यह उस वक्फ बोर्ड बिल के बारे में कहा गया है जो भारत की संसद के दोनों सदनों से पारित है, उच्च न्यायालयों के अनेक आदेश जिसके पक्ष में है और जो उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि तेजस्वी यादव सहित इंडी गठबंधन के आरजेडी नेता न तो संसद का सम्मान करते हैं और न न्यायपालिका का और वोट बैंक की चाहत में ये लोग संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की 50 वर्ष पुरानी मानसिकता से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि जहां तक धार्मिक पक्ष की बात है तो समाजवाद का चोला पहने इन राजद और सपा जैसे दलों को बताना चाहिए कि समाजवाद तो संपत्ति और धन के बराबर बंटवारे और गरीब को अधिक हिस्सा देने के लिए कहता है। तो, फिर ये लोग किस समाजवाद के तहत चाहते हैं कि वक्फ की हजारों एकड़ जमीन पर चंद मुल्ला मौलवियों का कब्जा होना चाहिए? ये एक सोची समझी मानसिकता, समाजवाद के विचार के बिल्कुल विरुद्ध है।

### ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा हादसा मामला

## कांग्रेस बोली- भगदड़ के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार, सीएम दें इस्तीफा


हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान मची भगदड़ के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन माझी, उपमुख्यमंत्री और कानून मंत्री का इस्तीफा मांगा है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी सांसद सप्तगिरि उलाका और पार्टी नेता अरबिंद दास ने रथ यात्रा के दौरान हुई भगदड़ को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 700 से अधिक लोग घायल हुए और 7 लोगों की मृत्यु हुई है, लेकिन सरकार ने अभी तक मृत्यु के आंकड़ों को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। सप्तगिरि उलाका ने कहा कि इस बार रथ यात्रा विलंब और अव्यवस्था का शिकार हुई। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से नंदीघोष रथ के केवल एक मीटर चलने के बाद शाम साढ़े सात बजे रुक जाने का उल्लेख किया, जिससे रथ यात्रा की पारंपरिक प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। इस बार लगभग 5 हजार पास बांटे गए थे, जबकि सामान्यतः यह संख्या 200-300 के बीच होती है। ये पास विधायकों और सांसदों सहित कई लोगों को दिए गए। यही कारण था कि रथ यात्रा की गति धीमी पड़ गई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या रथ यात्रा अडानी के कारण रोकी गई थी?

कांग्रेस सांसद ने कहा कि रथ यात्रा के समापन के समय पुलिस का कोई भी कर्मी मौके पर मौजूद नहीं था। पुलिस और प्रशासन का ध्यान केवल मंत्रियों, विधायकों और अन्य वीआईपी लोगों की सुरक्षा पर केंद्रित था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने रथ यात्रा जैसे पवित्र पर्व को इवेंट मैनेजमेंट में बदल दिया। यह दुखद है कि उड़िया अस्मिता के नाम पर सत्ता में आई सरकार प्रभु जगन्नाथ और उनके भक्तों का सम्मान नहीं कर पाई। उन्होंने पिछले साल भगवान बलभद्र की मूर्ति गिरने की घटना का भी जिक्र किया, जिसकी जांच आज तक नहीं हुई है।

वहीं अरबिंद दास ने प्रदेश के कानून मंत्री के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह कैसा तर्क है कि भगवान स्वयं चाहते थे कि रथ न चले। उन्होंने कहा कि अब तक मंदिर प्रबंधन समिति का गठन नहीं हुआ। अब तक किसी भी शासक या सरकार ने ओडिशा के लोगों को इस तरह की शर्मिंदगी, अपमान और लज्जा में नहीं डाला।

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मृतकों के परिवारों को 50 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 25 लाख रुपये की मदद दी जाए। वर्तमान जज की निगरानी में न्यायिक जांच कराई जाए और इस भगदड़ के लिए जिम्मेदार सभी व्यक्तियों को जेल भेजा जाए।



## खबर संक्षेप

### सोना और चांदी में आई 200 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव सोमवार को 200 रुपये घटकर 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव शुक्रवार को 97,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। सोने के भाव में गिरावट जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का 150 रुपये घटकर 97,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

### बैंक कर्ज वृद्धि धीमी पड़कर 4.9 प्रतिशत पर: आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को कहा कि 30 मई को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज वृद्धि में नरमी रही। इस दौरान उद्योग को बैंक कर्ज में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 8.9 प्रतिशत रही थी। आरबीआई ने 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से प्राप्त सूचना के आधार पर मई, 2025 के लिए बैंक ऋण पर आंकड़े जारी किये हैं। यह कर्ज सभी वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिये गये कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत है।

### आइनॉक्स नियो ने स्काईपावर सोलर का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी की इकाई आईनॉक्स नियो एनर्जीज ने 265 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर स्काईपावर सोलर इंडिया का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा, स्काईपावर सोलर इंडिया के खंड में मध्य प्रदेश में स्थित 50 मेगावाट (एसी)/57.5 मेगावाट (डीसी) की सौर ऊर्जा परिसंपत्तियां शामिल हैं। इसमें कहा गया, इस लेनदेन में परिसंपत्ति का उद्यम मूल्य करीब 265 करोड़ रुपये आंका गया है। आइनॉक्स क्लीन एनर्जी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भारत सक्सेना ने कहा, महत्वपूर्ण बात यह है कि यह अधिग्रहण समूह के मूल्यांकन ढांचे के अंतर्गत है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## दोनों देशों के बीच बातचीत महत्वपूर्ण चरण में

# भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में कृषि मुद्दों पर अपना रुख किया कड़ा

- भारतीय दल बातचीत को लेकर वाशिंगटन में है
- दोनों पक्ष समझौते को नौ जुलाई से पहले देंगे अंतिम रूप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने अमेरिकी के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत में कृषि से संबंधित मुद्दों पर अपना रुख कड़ा किया है। इसके साथ, दोनों देशों के बीच बातचीत महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गयी है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में भारतीय दल अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत को लेकर वाशिंगटन में है।

बातचीत को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय दल अभी वहां कुछ और समय रुक सकता है। दोनों पक्ष समझौते को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। ऐसा नहीं होने पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क अमल में आ जाएगा। शुल्क को अप्रैल में नौ जुलाई तक के लिए टाल दिया गया था। अधिकारी ने कहा, ''यदि प्रस्तावित व्यापार वार्ता विफल हो जाती है, तो 26 प्रतिशत शुल्क फिर से लागू हो जाएगा।''

### पहले ही यात्रा को तीन दिन बढ़ाया गया

भारतीय अधिकारियों की अमेरिकी यात्रा को पहले ही तीन दिन बढ़ाकर 30 जून तक कर दिया गया है। पहले प्रतिनिधिमंडल को दो दिन रुकना था। वार्ता 26 जून को शुरू हुई थी। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने घरेलू निर्यातकों और उद्योग को सूचित किया है कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए बातचीत जारी है। इसके और भी चरण होंगे।

### ऐसा नहीं होने पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क अमल में आ जाएगा

*अमेरिका का 10 प्रतिशत मूल शुल्क अभी भी लागू*

*उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिन के लिए टाल दिया गया। हालांकि, अमेरिका का 10 प्रतिशत मूल शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट की मांग कर रहा है। अमेरिका कृषि और डेयरी दोनों क्षेत्रों में शुल्क छूट की मांग कर रहा है।*



*अमेरिका इन वस्तुओं पर शुल्क रियायत चाहता है : अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन, शराब, पेट्रोरसायन उत्पादों, डेयरी तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, बादाम तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। वहीं भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क छूट की मांग कर रहा है।*

### भारत ने अब तक डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला

भारत के लिए इन क्षेत्रों में अमेरिका को शुल्क छूट देना कठिन और चुनौतीपूर्ण है। इसका कारण यह है कि भारतीय किसान आजीविका के लिए खेती में लगे हैं और उनके जोत का आकार काफी छोटा है। इसलिए, ये क्षेत्र राजनीतिक रूप से बहुत संवेदनशील हैं। भारत ने अबतक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है।

### भारत का वस्तु निर्यात 17.25 अरब डॉलर हुआ

वार्ता के लिए अमेरिकी दल पांच से 11 जून तक भारत आया था। आने वाले दिनों में वार्ता ऑनलाइन और भौतिक रूप दोनों तरह से जारी रहेगी। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई अवधि में अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात 21.78 प्रतिशत बढ़कर 17.25 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 25.8 प्रतिशत बढ़कर 8.87 अरब डॉलर रहा।

### अंतरिम व्यापार समझौते के लिए प्रयास

दोनों देश इस साल सितंबर-अक्टूबर तक प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए बातचीत पूरी करने की भी कोशिश कर रहे हैं। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुना से अधिक करके 2030 तक 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है। वे प्रथम चरण से पहले, अंतरिम व्यापार समझौते के लिए प्रयास कर रहे हैं।



### सांसद राधामोहन सिंह के साथ पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र में चल रहे रेल परियोजनाओं की प्रगति पर की एक समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** हाजीपुर मोतिहारी में आज 28.06.2025 को माननीय सांसद श्री राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चल रही विभिन्न रेल परियोजनाओं पर गहन चर्चा की गयी। इस बैठक में माननीय गन्ना उद्योग मंत्री, बिहार श्री कृष्ण नंदन पासवान, माननीय विधायक श्री प्रमोद कुमार एवं श्याम बाबू यादव तथा रेलवे की ओर से महाप्रबंधक सहित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण / उत्तर) श्री राम जन्म, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (आरएसपी) श्री सुरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री आर. आर. प्रसाद, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती इंदू रानी दूबे, मंडल रेल प्रबंधक, समस्तीपुर श्री विनय श्रीवास्तव सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए माननीय सांसद श्री राधा मोहन सिंह ने पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत के परिचालन हेतु माननीय प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री जी को धन्यवाद दिया।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सुविधाजनक आवागमन हेतु अप्रैल से जून माह तक स्पेशल ट्रेनों द्वारा लगाए गए 5486 फेरे

**नई दिल्ली।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनके सुविधाजनक आवागमन के उद्देश्य से कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। यात्रियों को आरामदायक तरीके से उनके गंतव्य स्थानों तक पहुंचाना पूर्व मध्य रेल की प्राथमिकता में शामिल रही है। इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान (अप्रैल से जून माह तक) पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से प्रारंभ/समाप्त होने/गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों द्वारा 5486 फेरे लगाए गए जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में स्पेशल ट्रेनों 2131 फेरे लगाए गए थे। इस प्रकार इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अप्रैल से जून माह तक पिछले वर्ष के इसी अवधि की तुलना लगभग ढाई गुणा अधिक फेरे लगाए गए। इसके साथ ही 11 जोड़ी वंदे भारत, 02 जोड़ी अमृत भारत एवं 01 जोड़ी नमो भारत का भी नियमित परिचालन प्रारंभ किया गया है। साथ ही यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव भी प्रदान किये गए हैं। नियमित ट्रेनों के अलावा ढाई गुणा अधिक स्पेशल ट्रेनों के फेरों के बावजूद भी समय पालन में सुधार ही दर्ज हुआ है। पिछले वर्ष जून माह में समय पालन जो 81.7 प्रतिशत था वो बढ़कर इस वर्ष जून माह में 82.66 प्रतिशत हो गया है।



### पीएनजी ज्वेलर्स ने नए ब्रांड 'लाइटस्टाइल' के साथ हाय-ग्रोथ वाले हल्के आभूषण सेगमेंट में किया प्रवेश

**नई दिल्ली।** सराफी उद्योग में 192 वर्षों की विरासत और विश्वासार्हता रहे भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड / हाऊस में से एक पीएनजी ज्वेलर्स ने आज पुणे में अपने समकालीन सब-ब्रांड लाइट स्टाइल बाय पीएनजी के शुरू करने की घोषणा की. यह लॉन्च पीएनजी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यह हर रोज पहनने के लिए हल्के, डिज़ाइन-फ़ॉरवर्ड आकर्षक आभूषणों के माध्यम से आभूषण खरीदारों की अगली पीढ़ी से जुड़ता है.18 कैरेट और 22 कैरेट सोने में तैयार लाइट स्टाइल 25-40 वर्ष की आधुनिक, स्टाइल के प्रति सजग महिलाओं के लिए तैयार किया गया है, जो आभूषणों का चयन न केवल परंपरा या उपहार के लिए करती हैं, बल्कि अपनी शैली के विस्तार के रूप में भी करती हैं. वर्कमीटिंग्स और कॅज्युअलआउटिंग्ज से लेकर प्री-फेस्टिवगेट- टुगेदर्स और छोटे –मोटे समारोहों तक, लाइट स्टाइल प्रतिभावान, न्यूनतम पीसेस प्रस्तुत करता है, जिसमें परिष्कार और सहजता का मिश्रण है. 22 जून 2025 को पुणे के खराडी और वाकड में लाइट स्टाइल के दो स्टोर शुरू किए जाएंगे, जिनका उद्घाटन प्रसिद्ध अभिनेत्री सई ताम्हण करके हाथों से किया जाएगा।भारत में हल्के वजन के बढ़िया आभूषणों के बाजार में तेजी देखी गई है, जो सोने की बढ़ती कीमतों, प्राथमिक आभूषण खरीदारों के रूप में महिलाओं की उभरती भूमिका और समकालीन जीवन शैली के अनुकूल व्यावहारिक, डिजाइन से समृद्ध आभूषणों की बढ़ती चाहत के कारण संभव हो पाया है।

### बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 452 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 452 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 121 अंक की गिरावट आई। हाल की तेजी के बाद मुख्य रूप से बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में पूरे कारोबार के दौरान गिरावट रही और अंत में यह 452.44 अंक के नुकसान के साथ 83,606.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 576.77 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी 120.75 अंक की गिरावट के साथ 25,517.05 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''पिछले सप्ताह मजबूत वैश्विक संकेतों और घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीद के कारण बाजार में तेजी देखने को मिली थी। हालांकि, मुनाफावसूली से मानक सूचकांकों में गिरावट आई। तापसे ने कहा, ''निवेशकों का ध्यान अमेरिका सरकार के साथ व्यापार समझौते पर होगा, क्योंकि इसकी अंतिम तिथि नजदीक आ रही है। भारत को अभी समझौते को अंतिम रूप देना बाकी है...। हालांकि, उतार-चढ़ाव बना रहेगा, लेकिन भारत की मजबूत वृद्धि संभावनाएं गिरावट पर अंकुश लगा सकती है।'' एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की-225 और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में नुकसान में थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।

### गलगोटियास विश्वविद्यालय के आईओएस डेवलपमेंट सेंटर ने विकसित किया 'सखी'




**नोएडा।** गलगोटियास विश्वविद्यालय के दो बी.टेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्रों करण कुमार और अर्पिता गुप्ता ने विश्वविद्यालय के पहले आईओएस डेवलपमेंट बूटकैंप के दौरान 'सखी' ऐप का विचार प्रस्तुत किया। उनका उद्देश्य सिर्फ एक ऐप बनाना नहीं था, बल्कि ऐसा समाधान तैयार करना था जो महिलाओं को उनकी व्यस्त दिनचर्या में स्वास्थ्य और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद करे। देखभाल को कोड में शामिल करनाडॉ. ध्रुव गलगोटिया (सीईओ, गलगोटियास विश्वविद्यालय) के दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरित होकर, विश्वविद्यालय इनोवेशन के ज़रिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले टैलेंट को पोषित करता है। इसी सोच से प्रेरित होकर, करण और अर्पिता ने 'सखी' को महिलाओं के लिए एक संवेदनशील, सशक्त और व्यक्तिगत साथी के रूप में डिजाइन किया है।



### महाप्रबंधक द्वारा राजेन्द्र नगर कोचिंग कम्पलेक्स का निरीक्षण

**नई दिल्ली।** महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल श्री छत्रसाल सिंह द्वारा राजेन्द्रनगर कोचिंग कम्पलेक्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा कोचिंग कम्पलेक्स में कोचों के रख-रखाव पर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान एलएचबी रैक के पावर कार के रख-रखाव पर विशेष चर्चा की गयी। एचएचबी रैक में पावर कार कोच एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है जिससे पूरे रैक को जरूरी पावर की सप्लाई होती है। .पावर कार कोच सही ढ़ग से कार्य कर रहा या नहीं इसके लिए इसका 'निर्धारित डी-चेक' 06 वर्षों में एक बार किया जाता है। वर्तमान में पावर कार का डी-चेक हरनौत वर्क्सशॉप में किया जाता है जहां पहले से ही काफी कोचों के पीओएच/आईओएच कार्य का दबाव है।

उक्त कार्य को सुगमता से करने के उद्देश्य से राजेन्द्रनगर कोचिंग कम्पलेक्स में ही पावर कार के डी-चेक की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। राजेन्द्रनगर कोचिंग कम्पलेक्स में यह सुविधा उपलब्ध हो जाने से 03 से 04 दिनों में ही पावर कार का रख-रखाव अर्थात डी-चेक किया जा सकेगा जिसमें वर्तमान में काफी समय लग जाता था। इससे पावर कार कोच कोच की उपलब्धता बढ़ जाएगी।



सतत विकास और जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में, पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेड ने व्हाई वेस्ट वेडनसडे फाउंडेशन (डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूएफ), सेलस्मार्ट बाय अटेरो और एनएसएस - कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज (सीवीएस) के साथ मिलकर एक रीसाइकिल मेला का सफलतापूर्वक आयोजन किया - जो एक सहभागी जागरूकता और संग्रह अभियान है जो व्यक्तियों को परिपत्र समाधानों से जोड़ता है।

## मई माह में आईआईपी गिर कर 1.2 प्रतिशत

# औद्योगिक उत्पादन नौ महीने के निचले स्तर पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2 प्रतिशत पर रही है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के जरिये मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बीते वर्ष 2024 के मई माह में 6.3 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, ''मानसून के जल्दी आने से खनन क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और बिजली की मांग में कमी आई है। इस वजह से आईआईपी के इन दोनों उप-क्षेत्रों में मई में गिरावट आई है, जबकि विनिर्माण में वृद्धि धीमी रही है।''

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में समीक्षाधीन महीने में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि मई, 2024 में इसमें 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन मई, 2025 में 2.4 प्रतिशत घटा, जबकि एक साल पहले इसमें 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। पूंजीगत वस्तु खंड में वृद्धि दर्ज : नायर ने कहा कि जून तिमाही के पहले दो महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीमी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के आधार पर, पूंजीगत वस्तु खंड में वृद्धि मई, 2025 में 14.1 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी माह में में 2.6 प्रतिशत थी।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

पत्र सं. 128-W-269-O.E.T.-04-NRCH-2025-26 दिनांक : 30.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक / एडमिन, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e–निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए केंद्रीय अस्पताल का वार्षिक जोन कार्य। | रु. 11999997.97 | रु. 210000/- | 12 माह | 25.07.2025 |

सुचनाः निविदा रेलवे की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 25.07.2025 15:00 बजे तक ही भरी जाएगी।

1970/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** – भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** – धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन–भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** – कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।


## शब्द पहेली - 5914




**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5913 का हल**





# टी-20 क्रिकेट: कप्तान के तौर पर विराट सहित इन बल्लेबाजों ने लगाए हैं सर्वाधिक शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 क्रिकेट में शतक लगाना बल्लेबाजों के लिए उपलब्धि माना जाता है। आम तौर पर इस सीमित ओवर प्रारूप में बल्लेबाजों के ऊपर तेजी से रन बनाने का दबाव होता है और ऐसे में बल्लेबाज व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स की परवाह नहीं करते हैं। हाल ही में फाफ डु प्लेसिस ने टेक्सास सुपर किंग्स की कप्तानी करते हुए टी-20 लीग में शतक लगाया। इस बीच टी-20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### फाफ डु प्लेसिस (8 शतक)

डु प्लेसिस ने मेजर लीग क्रिकेट के 21वें मैच में 53 गेंदों में नाबाद 103 रन बनाए। उनकी शतकीय पारी की बदौलत टेक्सास ने 223/4 का स्कोर बनाया और एमआई न्यूयॉर्क को 39 रन से हराया। बतौर कप्तान यह डु प्लेसिस का टी-20 क्रिकेट में 8वां शतक लगाया। वह टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले कप्तान बने हैं। उन्होंने अपने टी-20 करियर में 11,500 से अधिक रन बनाए हैं।



### विराट कोहली और जेम्स विंस (5-5 शतक)

इस सूची में भारत के विराट कोहली और इंग्लैंड के जेम्स विंस कप्तानी करते हुए टी-20 में 5-5 शतक लगा चुके हैं। विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आरसीबी की कप्तानी करते हुए 5 शतक लगाए थे। कोहली टी-20 क्रिकेट में 13,500 से अधिक रन बना चुके हैं। वहीं, विंस ने टी-20 क्रिकेट में 12,000 से अधिक रन बनाए हुए हैं, जिसमें 7 शतक भी शामिल हैं।



### बाबर आजम (7 शतक)

बाबर आजम का टी-20 क्रिकेट करियर शानदार रहा है। वह अपने टी-20 करियर में अब तक 11,000 से अधिक रन बना चुके हैं, जिसमें 11 शतक शामिल हैं। इस बीच बाबर ने 7 शतक टी-20 क्रिकेट में कप्तानी करते हुए बनाए हैं। बाबर पाकिस्तान की टी-20 लीग पाकिस्तान सुपर लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह पीएसएल में 2 शतक भी अपने नाम कर चुके हैं।



### माइकल क्लिंगर (7 शतक)

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज माइकल क्लिंगर ने अपने टी-20 क्रिकेट करियर में कुल 8 शतक लगाए थे। उन्होंने 7 शतक विटैलिटी ब्लास्ट टी-20 टूर्नामेंट में कप्तानी करते हुए लगाए थे। क्लिंगर ने अपने टी-20 क्रिकेट करियर में 206 मैच खेले, जिसमें 34.45 की औसत और 123.08 की स्ट्राइक रेट के साथ 5,960 रन बनाए थे। नाबाद 126 रन उनका सर्वोच्च टी-20 स्कोर रहा है।

## खबर संक्षेप



### जर्मन मास्टर्स गोल्फ में वाणी संयुक्त छठें पर

**हैमबर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने अमूंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में निराशाजनक तीसरे दौर के बाद शानदार वापसी करते हुए अंतिम दौर में दो अंडर 71 के स्कोर के साथ अपने अभियान को संयुक्त छठे स्थान के साथ खत्म किया। वाणी अक्टूबर 2022 के बाद एलईटी (लेडीज यूरोपीय टूर) पर पहली बार शीर्ष 10 में रही है। उन्होंने इससे पहले हीरो महिला इंडियन ओपन में संयुक्त आठवां स्थान हासिल किया था। मौजूदा सत्र में अपना तीसरा टूर्नामेंट खेल रहीं वाणी ने इस सप्ताह 72, 70, 76, 71 के स्कोर के साथ कुल तीन अंडर का स्कोर बनाया। भारत की दीक्षा डागर भी संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में रही। दीक्षा ने चौथे दिन एक ओवर 74 का कार्ड खेला। शुरुआती दो दिनों में 69, 73 का कार्ड खेलने के बाद दीक्षा शीर्ष पांच में थी लेकिन तीसरे और चौथे दौर में 74, 74 के कार्ड के बाद वह संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी।

### केशव महाराज के 200 टेस्ट विकेट, बने पहले दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में केशव महाराज ने इतिहास रच दिया है। वह अपनी टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले स्पिन गेंदबाज बने हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए उनसे पहले ये उपलब्धि 8 गेंदबाजों ने हासिल की है, लेकिन वो सभी तेज गेंदबाज थे। महाराज से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिन गेंदबाज ह्यू टेफील्ड रहे। इस पूर्व गेंदबाज ने 1949 से 1960 के बीच दक्षिण अफ्रीका की टीम का प्रतिनिधित्व किया। उस दौरान उन्होंने 37 टेस्ट मुकाबलों की 61 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 25.91 की औसत से कुल 170 विकेट झटके। टेफील्ड ने 14 बार 5 विकेट हॉल लिए, जबकि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 9/113 का रहा।

### ओलिवर विंबलडन के दूसरे दौर में

**लंदन।** ब्रिटेन के 21 वर्ष के क्वालीफायर ओलिवर टारवेट ने विंबलडन के जरिये ग्रैंडस्लैम पदार्पण में सीधे सेटों में जीत दर्ज की । विश्व रैंकिंग में 733वें स्थान पर काबिज टारवेट ने स्विटजरलैंड के लिएंड्रो रीडी को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। अब दूसरे दौर में उनका सामना गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज या फेबियो फोगनिनी से हो सकता है । कॉलेज में टारवेट को हाल ही में लगातार दूसरे साल वेस्ट कोस्ट कांफरेंस प्लेयर आफ द ईयर चुना गया था।



## इंग्लैंड बनाम भारत : दूसरा टेस्ट मैच कल से

# बुमराह नहीं तो कौन संभालेगा टीम इंडिया की तेज गेंदबाजी, अर्श या आकाश ...?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 2 जुलाई से सीरीज का दूसरा टेस्ट खेलना है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस मुकाबले से आराम दिए जाने की प्रबल संभावना है। दरअसल, वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए भारतीय टीम बुमराह को दूसरे टेस्ट से आराम दे सकती है। कोच गौतम गंभीर भी संकेत दे चुके हैं। इस बीच बुमराह की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम में मौजूद अन्य तेज गेंदबाजी विकल्पों में अर्शदीप और आकाशदीप हैं जिन्हें तेज गेंदबाजी की कमान मिल सकती है।



### पहले टेस्ट में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन

सीरीज के पहले टेस्ट में बुमराह ने पहली पारी में 83 रन देते हुए 5 विकेट लिए थे। वह दूसरी पारी में कोई विकेट नहीं ले सके थे। प्रसिद्ध कृष्णा हेडिंग्ले टेस्ट में बेहद महंगे साबित हुए थे। उन्होंने पहली पारी में 128 रन देते हुए 3 विकेट लिए, जबकि दूसरी पारी में 92 रन देते हुए 2 विकेट चटकाए थे। मोहम्मद सिराज ने कुल 2 विकेट (2/122 और 0/51) लिए थे।

### आकाशदीप सिंह

आकाशदीप ने भारत की ओर से 7 टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 35.20 की औसत के साथ 15 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83 रन देते हुए 3 विकेट लेना रहा। उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 38 मैच खेले हैं, जिसमें 24.19 की औसत के साथ 128 विकेट लिए हैं। इस बीच वह 5 पारियों में 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। वह घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### अर्शदीप सिंह

अर्शदीप ने अब तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने 21 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें 30.37 की औसत के साथ 66 विकेट लिए हैं। इस बीच उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए हैं। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में उन्होंने 250 रन बनाए हैं। वह इंग्लैंड दौरे पर मौजूद भारतीय टीम में इकलौते बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिल सकता है।



### इंग्लैंड ने घोषित की प्लेइंग 11, बढ़ा आर्चर का इंतजार

भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू होने जा रहे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने प्लेइंग 11 घोषित कर दी। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है जबकि प्रशंसकों को जोफ्रा आर्चर की वापसी के लिए इंतजार करना होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मुकाबला एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस मैच के लिए इंग्लैंड ने बिना किसी बदलाव के प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इसमें जोफ्रा आर्चर को शामिल नहीं किया गया है। आर्चर सोमवार को पारिवारिक समस्या के कारण अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बन पाए थे। ईसीबी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया था कि वह मंगलवार को टीम से जुड़ सकते हैं।

**दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11**
जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

## यूएस ओपन सुपर 300

# आयुष शेट्टी ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर जीता पहला खिताब




एजेंसी ▶▶| मआयोवा (अमेरिका)

उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया, जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

## महिला मुक्केबाजी

# निकहत, लवलीना और नीतू ने फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

विश्व चैंपियन निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहेन, नीतू घंघास और स्वीटी बूरा एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपने अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में पहुंच गई । दो बार की विश्व चैंपियन जरीन ने वी लक्ष्या को 5-0 से हराया। अब फाइनल में वह ज्योति (आरएसपीबी) से खेलेंगी । टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बोरगोहेन ने उत्तर प्रदेश की स्नेहा को 75 किलो फाइनल में पहले दौर में मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर हराया । राष्ट्रमंडल खेल 2022 की स्वर्ण पदक विजेता नीतू ने रेलवे की मंजू रानी को हराकर 48 किलो फाइनल में जगह बनाई । अब उसका सामना चंचल से होगा । स्वीटी ने 80 किलो सेमीफाइनल में अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) की बबीता बिष्ट को 5-0 से हराया । अब उनका सामना आरएसपीबी की अल्फिया पठान से होगा ।





### अंकुशिता ने अमिता को 5-0 से दी मात

पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (टॉप्स) ने 65 किलो वर्ग में अमिता कुंडु (एआईपी) को 5-0 से मात दी । अब वह आरएसपीबी की शशि से खेलेंगी, जिन्होंने तेलंगाना की यशी शर्मा को 5-0 से हराया । प्रीति (टॉप्स) और तनु (एसएससीबी) ने 54 किलो के फाइनल में जगह बनाई जबकि बी चानू (आरएसपीबी) और कमलजीत कौर गिल (एआईपी) 57 किलो का फाइनल खेलेंगी । साइ की रितिका और एआईपी की शिवानी तोमर 80 प्लस वर्ग का फाइनल खेलेंगी ।

### अजहर महमूद बने पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कार्यवाहक कोच



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद को अपनी टेस्ट टीम का मुख्य कोच (कार्यवाहक) नियुक्त किया है। वह आकिब जावेद की जगह लेंगे। बता दें कि जावेद पिछले साल जेसन गिलेस्पी के इस्तीफा के बाद इस जिम्मेदारी को संभाल रहे थे। पीसीबी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, महमूद अपने मौजूदा अनुबंध की समाप्ति तक इस पद पर बने रहेंगे।

#### बोर्ड ने जारी किया बयान

पीसीबी ने महमूद को कोच बनाने को लेकर कहा, खेल को लेकर के उनकी गहरी समझ, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और इंग्लिश काउंटी क्रिकेट की सफलता, उन्हें इस पद के लिए असाधारण रूप से उपयुक्त बनाती है। बोर्ड को विश्वास है कि अजहर के मार्गदर्शन में टेस्ट टीम वैश्विक मंच पर ताकत, अनुशासन और प्रदर्शन में आगे बढ़ती रहेगी।

**पाकिस्तान से 21 टेस्ट खेल चुके हैं महमूद**
महमूद पाकिस्तान क्रिकेट टीम से 21 टेस्ट खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 39 विकेट लिए थे। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में 3 शतकों की मदद से 900 रन बनाए थे। महमूद ने 143 वनडे में 39.13 की औसत के साथ 123 विकेट चटकाए थे।

# महिला क्रिकेट टी20: विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत, हरमनप्रीत की वापसी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया, जिसका बाद में भारतीय गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था, जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं।



## सैमी को लेवल-1 अपराध का दोषी पाया गया, लगा 15 फीसदी जुर्माना

# वेस्टइंडीज कोच सैमी को अंपायर के खिलाफ बोलना पड़ा महंगा

एजेंसी ▶▶| बारबाडोस

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में जुर्माना लगाया गया है।

सैमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बारबाडोस में खेले जा रहे पहले टेस्ट के दौरान तीसरे अंपायर ऐड्रियन होल्डस्टॉक के फैसलों पर खुलकर नाराजगी जताई थी। दरअसल, दूसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 विवादास्पद फैसले आए, जिनसे सैमी नाराज थे। अंपायरिंग पर उनकी सार्वजनिक टिप्पणी को आईसीसी ने नियमों का उल्लंघन माना और कार्रवाई की।

### सैमी पर लगा बड़ा जुर्माना

आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.7 के उल्लंघन के चलते सैमी पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह अनुच्छेद अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर या किसी से संबंधित सार्वजनिक आलोचना पर लागू होता है। सैमी को लेवल-1 अपराध का दोषी पाया गया है और उनके अनुशासन रिकॉर्ड में 1 डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध है। उन्होंने मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ द्वारा दिए गए दंड को स्वीकार कर लिया है।

### कप्तान पर नहीं लगा कोई जुर्माना

मैच के बाद वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेस ने भी अंपायरिंग फैसलों की आलोचना की थी, लेकिन अब तक उनके खिलाफ किसी कार्रवाई का जिक्र नहीं हुआ है। तीसरे अंपायर रहे होल्डस्टॉक ग्रेनेडा और जमैका में होने वाले अगले 2 टेस्ट मुकाबलों में भी मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे। वहीं, टीवी अंपायर की जिम्मेदारी नितिन मेनन और रिचर्ड केटलबरो के बीच बांटी जाएगी। पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की टीम को 159 रनों से हार मिली थी।



### क्या है पूरा मामला?

पहला मामला चेज के आउट होने का था। पैट कमिंस की गेंद उनके पैड्स पर लगी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दिया। डीआरएस में स्पाइक्स दिखे, जिससे अंदरूनी किनारे को लेकर संदेह बना रहा। शाई होप ब्यू वेबस्टर की गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी को कैच थमा बैठे थे। हालांकि, रिप्ले में दिखा कि गेंद कैरी के दस्तानों में जाने से पहले जमीन छू रही थी। मामला थर्ड अंपायर के पास गया, लेकिन ऑन-फील्ड अंपायर का फैसला बरकरार रहा।

**सैमी ने अंपायरों को लेकर क्या कहा था?**
सैमी ने कहा था, हम बस ये समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर फैसला लेने की प्रक्रिया क्या है? हम सिर्फ चाहते हैं कि फैसलों में स्थिरता हो। मैंने खासतौर पर इस अंपायर के साथ यह मुद्दा पहले भी इंग्लैंड दौरे पर महसूस किया। ये काफी निराशाजनक है। मैं सिर्फ फैसलों में निरंतरता चाहता हूं। कोई नहीं चाहता कि उसे अंपायरों को लेकर शंका हो, लेकिन जब एक के बाद एक फैसले एकतरफा लगें तो सवाल उठते हैं।

पहाड़ी राज्यों में बारिश से तबाही

# हिमाचल और उत्तराखंड में दरके पहाड़, शिमला में 5 मंजिला बिल्डिंग गिरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सभी राज्यों में मानसून पहुंच गया है। बीते 24 घंटे से पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। हिमाचल प्रदेश में रविवार से ही तेज बारिश हो रही है। इसके चलते 5 जुलाई तक प्रदेश में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

लैंडस्लाइड के चलते प्रदेशभर की 285 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। पिछले 10 दिनों में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है। हिमाचल के मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलौट की भुभु जोत टनल के पास सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इससे टनल के अंदर 5 घंटे तक कई गाड़ियां फंसी रहीं। अलर्ट के चलते हिमाचल के 4 जिलों में स्कूल बंद हैं।


शिमला के भट्टाकुफर में 5 मंजिला बिल्डिंग ढह

### चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे बंद

हिमाचल प्रदेश में कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर सोलन के सलोगड़ा के पास लैंडस्लाइड हुआ।
सोनल में अर्की-शालाघाट मार्ग पर लैंडस्लाइड हुआ है। पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा नीचे खड़ी गाड़ियां के ठीक सामने गिरा। सोलन में चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे बंद है। शिमला के भट्टाकुफर 5 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। बीती रात इमारत खाली कर दी गई थी। फोरलेन कटिंग की वजह से नींव कमजोर हो गई थी।



### मजदूरों की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

*उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते कई जिलों में स्कूल बंद हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है। रविवार को उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिलाई बैंड के पास एक होटल ढह गया। हादसे में 29 मजदूर लापता थे, जिनमें से 20 को बचा लिया गया है। 2 मजदूरों की मौत हुई है। लापता 7 लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर गोचर बंदखंड के पास लैंडस्लाइड हुआ है। मलबा सड़क पर आ गया। लैंडस्लाइड के बाद बदरीनाथ जाने वाले रोड पर कई किलोमीटर का लंबा जाम लग गया है।*

सलाल डैम के 12 गेट खुले

### जम्मू के रियासी में निरंतर बारिश जारी



जम्मू-कश्मीर के रियासी में निरंतर बारिश जारी है। भारी बारिश के चिनाब नदी का जलस्तर बढ़ गया। इसके बाद सलाल डैम के 12 गेट खोल दिए गए हैं। वहीं, रामबन में बगलिहार डैम के 3 गेट खोले गए है।

### चार धाम यात्रा पर लगा प्रतिबंध हटा

*चार धाम यात्रा पर रविवार को 24 घंटे का प्रतिबंध लगाया गया था, जिसे अब हटा लिया गया है। यात्रा एक बार फिर शुरू हो गई है। मौसम की स्थिति के अनुसार वाहनों को रोकने या आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जिलों के प्रशासन को हाई अलर्ट पर रखा गया है और बचाव और राहत दल सक्रिय कर दिए गए हैं।*

### बालासोर और मयूरभंज में बाढ़ का पानी घुसा लोगों को निकाला

*नॉर्थ ओडिशा में प्रमुख नदियों के उफान पर होने के कारण राज्य सरकार ने निचले इलाकों से लोगों को निकालना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार ने बालासोर और मयूरभंज के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, क्योंकि सुवर्णरेखा, बुधबलंग, जलाका और सोनो जैसी नदियों में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बालासोर तथा मयूरभंज जिलों में बचाव एवं राहत अभियान शुरू कर दिया है। बालासोर में अब तक 35 ग्राम पंचायतें बाढ़ से प्रभावित हुई हैं। विभाग का कहना है कि सुवर्णरेखा का पानी और ज्यादा इलाकों में जा सकता है। सोमवार सुबह तक बालासोर में 1,138 लोगों को निकाला जा चुका है।*

खबर संक्षेप

### ट्रंप और नेतन्याहू के खिलाफ फतवा जारी



**तेहरान।** ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ फतवा जारी किया गया है। ईरान के शीर्ष शिया धर्मगुरु अयातुल्ला नासर मकरम शिराजी की ओर से जारी फतवे में दोनों को खुदा का दुश्मन बताते हुए अपनी गलतियों पर पछतावा कराने के लिए कहा गया है। फतवे में दुनियाभर के सभी मुसलमानों से कहा गया है कि वे दोनों का कोई सहयोग या समर्थन न करें।

### पाकिस्तान में दो आतंकी हमलों में 5 की मौत



**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकवाद की दो अलग-अलग घटनाओं में दो सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय शांति समिति के तीन सदस्यों सहित कम से कम पांच लोग मारे गए। दोनों घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत लक्की मरवात जिले में हुईं। पहली घटना में, एक गश्ती वाहन को निशाना बनाकर सड़क के किनारे किए गए बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। शाहब खेल क्षेत्र में अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

डीआरडीओ तैयार कर रही अग्नि-5 मिसाइल के दो नए वर्जन

एडवांस बंकर-बस्टर बम की तरह करेगी काम

# जमीन के 100 मीटर अंदर घुसकर तबाह कर देगा दुश्मन के ठिकाने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने एडवांस बंकर-बस्टर बम विकसित करने के अपने प्रयासों में तेजी लाई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अग्नि-5 इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का मॉडिफाइड वर्जन डेवलप कर रहा है। अग्नि-5 के मॉडिफाइड वर्जन एक पारंपरिक हथियार होगा जो 7500 किलोग्राम के विशाल बंकर-बस्टर वारहेड ले जाने में सक्षम होगा। कंक्रीट की मजबूत परतों के नीचे बने दुश्मन के सैन्य और रणनीतिक ठिकानों पर हमला करने के लिए डिजाइन की गई यह मिसाइल विस्फोट से पहले 80 से 100 मीटर तक ड्रिल करके जमीन में नीचे घुसेगी।

बंकर-बस्टर बमों को मिसाइल से छोड़ा जाएगा

पाकिस्तान और चीन को टारगेट कर सकेंगे



### पूरी तरह स्वदेशी तकनीक, कम खर्च आएगा

*भारत द्वारा विकसित किए जा रहे स्वदेशी बम का लक्ष्य और अधिक पेनिट्रेशन का है। भारत अपने बंकर-बस्टर बमों को मिसाइल से टारगेट तक डिलीवर करने के लिए डिजाइन कर रहा है। यानी भारतीय बंकर-बस्टर बमों को लॉन्च करने में खर्च कम आएगा और इसके लिए महंगे बमवर्षक विमानों की जरूरत नहीं होगी। यह भारत को ग्लोबल वेपन मार्केट में बड़ी मजबूती प्रदान करेगा। अग्नि-5 के दो नए वर्जन डेवलप किए जा रहे हैं। एक में जमीन के ऊपर के टारगेट के लिए एयरबर्स्ट वारहेड की सुविधा होगी, जबकि दूसरा डीप-पेनिट्रेटिंग मिसाइल होगी जिसे कठोर भूमिगत ढांचे में घुसने के लिए डिजाइन किया गया है।*

### 7.5 टन वजनी बम ले जा सकेगी

अग्नि-5 के दोनों संस्करणों में करीब 7.5 टन वजनी वारहेड कैरी करने की क्षमता हो सकती है। नए वर्जन की मारक क्षमता 2500 किलोमीटर होगी, ये दोनों हथियार विशेष रूप से पाकिस्तान और चीन जैसे विरोधी देशों के कमांड एवं कंट्रोल सेंटर्स, मिसाइल साइट्स और अन्य महत्वपूर्ण सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इन मिसाइलों की गति मैक 8 से मैक 20 (ध्वनि की गति से 8 से 20 गुना अधिक) के बीच होने की उम्मीद है, जो इन्हें हाइपरसोनिक हथियारों की श्रेणी में रखता है।

## इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल 'के-6' का जल्द होगा ट्रायल, मारक क्षमता 8000 किमी

भारत अपनी के-6 हाइपरसोनिक मिसाइल का समुद्री परीक्षण करने के लिए तैयार है। इस मिसाइल को डीआरडीओ द्वारा विकसित किया जा रहा है, जिसे भारत की आगामी एस-5 क्लास की न्यूक्लियर सबमरीन (परमाणु पनडुब्बी) में तैनात किया जा सकता है। इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल के-6 की स्पीड और रेंज ब्रह्मोस मिसाइल से बेहतर होगी। यह मिसाइल भारत को पाकिस्तान और चीन जैसे दुश्मन देशों के खिलाफ ज्यादा प्रभावी ढंग से प्रतिरोध करने में मदद करेगी। हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की एडवांस नेवल सिस्टम्स लेबोरेटरी में विकसित की जा रही के-6 भारत की सबसे उन्नत और घातक मिसाइलों में से एक है। न्यूक्लियर सबमरीन से लॉन्च की जाने वाली यह हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल भारत को दुनिया के सबसे सक्षम देशों की सूची में ला खड़ा करेगी। एस-5 क्लास की न्यूक्लियर सबमरीन जिनसे के-6 को लॉन्च किया जाएगा, मौजूदा अरिहंत क्लास की सबमरीन से बड़ी और अधिक शक्तिशाली होंगी। इन्हें भारी वारहेड और मिसाइलें कैरी करने के लिए डेवलप किया जा रहा है।

### 9200 किमी प्रति घंटे की स्पीड से लक्ष्य की ओर दौड़ेगी



के-6 मिसाइल हाइपरसोनिक स्पीड तक पहुंचने में सक्षम होगी। हाइपरसोनिक का मतलब मैक 7.5 (ध्वनि की गति से साढ़े सात गुना ज्यादा) या 9,200 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से होता है। इस मिसाइल का ऑपरेशनल रेंज 8,000 किलोमीटर है। हाइपरसोनिक स्पीड के कारण यह मिसाइल अधिकांश एंटी-मिसाइल डिफेंस सिस्टम्स को चकमा दे सकती है, जिससे दुश्मनों को प्रतिक्रिया करने का समय ही नहीं मिलता। इसमें मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक है। इससे एक ही मिसाइल कई टारगेट पर सटीकता से हमला कर सकेगी, जिससे अटैक और डिफेंस दोनों ही तरह के अभियानों में इसकी प्रभावशीलता बढ़ेगी। के-6 मिसाइल की लंबाई 12 मीटर से अधिक और व्यास 2 मीटर से अधिक होगा।

भारत-अमेरिका के बीच बनी सहमति

# 9 जुलाई से पहले हो सकता है 'व्यापार समझौते' का ऐलान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की सभी शर्तों पर सहमति बन गई है। बताया जा रहा है कि इस समझौते का औपचारिक एलान ट्रंप की समयसीमा से एक दिन पहले आठ जुलाई को हो सकता है। इस समझौते के लिए भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक दल वॉशिंगटन में है। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ को निलंबित किए जाने की समयसीमा नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। इसे लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता बढ़ी हुई है। शुक्रवार को ट्रंप ने कहा था कि नौ जुलाई के बाद वैश्विक टैरिफ से राहत नहीं मिलेगी। इसके बाद वह अधिकांश देशों पर टैरिफ पर 90 दिवसीय रोक को बढ़ाने की योजना नहीं बना रहे हैं।

### ट्रंप ने लगाया था 26 फीसदी टैरिफ

अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त कर (टैरिफ) लगाने का ऐलान किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल टैक्स अभी भी लागू है। भारत चाहता है कि प्रस्तावित 26 फीसदी शुल्क वापस लिया जाए और स्टील व ऑटो पार्ट्स पर पहले से लगे अमेरिकी शुल्कों में छूट मिले। मगर अमेरिका पहले भारत से सोयाबीन, मक्का, कार और शराब पर आयात शुल्क घटाने और गैर-शुल्क बाधाओं को आसान करने की प्रतिबद्धता चाहता है।

### निष्पक्ष और न्यायसंगत होगा समझौता

समझौते के लिए बातचीत का मकसद दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 190 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 500 बिलियन डॉलर करना है। 10 जून को वार्ता समाप्त होने पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि भारत और अमेरिका एक निष्पक्ष और न्यायसंगत व्यापार समझौते पर बातचीत करने की प्रक्रिया में हैं, जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप फरवरी 2025 में मिले, हमारे दोनों नेताओं ने एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते में प्रवेश करने का फैसला किया है।

लोक सभा अध्यक्ष ने धर्मशाला में सीपीए भारत क्षेत्र जोन-II के वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया

# बिरला ने नवाचारों को अपनाकर विधानमंडलों को अधिक कुशल बनाने का आह्वान किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसदीय कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के लिए संसाधनों के प्रबंधन, लोकतंत्र की रक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी नवाचारों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने तपोवन, धर्मशाला में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) इंडिया रीजन, ज़ोन–II के वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राज्य विधानसभाओं से लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाने, विधायी कार्यों की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने तथा अपने निर्वाचन क्षेत्रों की



चुनौतियों और आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से संबोधित करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं, नवाचारों और तकनीक को साझा करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भारत की संसद संसदीय कार्यों की दक्षता बढ़ाने के लिए एआई जैसे तकनीकी नवाचारों का व्यापक रूप से उपयोग कर रही है। संसद इन नवीनतम तकनीकी प्रगति को राज्य विधानसभाओं के साथ साझा करने के लिए तैयार है, जिससे पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और सुशासन को बढ़ावा मिलेगा। देशभर के जनप्रतिनिधियों से आह्वान करते हुए बिरला ने कहा कि ग्राम पंचायतों से लेकर नगर पालिकाओं और राज्य विधानसभाओं तक, चुने हुए प्रतिनिधियों को अपने संस्थानों को संवाद, नवाचार और उत्कृष्टता के केंद्र में बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत, जो विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और जिसकी विविधता अत्यंत व्यापक है, उसके ऊपर लोकतांत्रिक संस्थाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नवाचारी बनाने

आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप

# सीबीआई ने एसबीआई के पूर्व शाखा प्रबंधक पर दर्ज किया नया मामला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने असम में भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा के पूर्व प्रबंधक के खिलाफ अवैध संपत्ति रखने का मामला दर्ज किया है। उनपर कथित रूप से 80 लाख रुपए से अधिक की अवैध संपत्ति रखने का आरोप है। एसबीआई रामकृष्णनगर शाखा, करीमगंज के पूर्व शाखा प्रबंधक पिंकू कुमार पहले से ही दूसरे मामले में जांच का सामना कर रहे हैं। उनपर जाली दस्तावेजों का उपयोग करके ऋण स्वीकृत करने से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले में कथित मिलीभगत करने का आरोप है। सीबीआई की शिलांग स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने प्रारंभिक जांचकर्ता से शिकायत प्राप्त होने के बाद 27 जून को पिंकू कुमार के



खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का नया मामला दर्ज किया। आरोप है कि पिंकू कुमार ने 1 अप्रैल 2019 से 27 मार्च 2025 तक की अवधि के दौरान जानबूझकर अवैध रूप से धन अर्जित करते हुए आपराधिक कदाचार किया। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान उनके पास आय से अधिक 99.20 लाख रुपए (81.84 प्रतिशत महंगाई भत्ता) के वित्तीय संपत्ति पाई गई।

## केरल में कोट्टियूर उत्सव का आयोजन



**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में 'वैशाख महोत्सव' या कोट्टियूर उत्सव के दौरान लोग कोट्टियूर महादेव मंदिर के पास इकट्ठा होते हैं, जिसे स्थानीय तौर पर इक्करे कोट्टियूर के नाम से जाना जाता है। कोट्टियूर उत्सव के दौरान अपनी इच्छा पूर्ति के लिए श्रद्धालु पेड़ के नीचे पत्थर जमाते हैं।

अमरनाथ यात्रा को लेकर भक्तों में उत्साह

# जम्मू में पंजीकरण के लिए टोकन वितरण शुरू, प्रतिदिन कोटा 2 हजार

एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ यात्रा से पहले तीर्थयात्रियों के ऑफलाइन पंजीकरण के लिए टोकन वितरण केंद्र को सोमवार को यहां चालू कर दिया गया जिसे लेकर देश-विदेश के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। यात्रा पर जाने के इच्छुक तीर्थयात्री मौके पर ही पंजीकरण के वास्ते टोकन लेने के लिए केंद्र पर उमड़ पड़े। जम्मू (दक्षिण) के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मनु हंसा ने बताया कि सोमवार से टोकन वितरण शुरू हो गया है। इस उद्देश्य के लिए सरस्वती धाम में एक टोकन केंद्र स्थापित किया गया है, जहां से पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर यात्रा करने



वाले तीर्थयात्रियों को टोकन वितरित किए जा रहे हैं। टोकन प्राप्त करने के बाद तीर्थयात्री मंगलवार को यात्रा के लिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं और दो जुलाई को जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा पर जा सकते हैं। पंजीकरण मंगलवार से कल तीन केंद्रों - वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू होगा। केंद्र सुबह सात बजे खुलता है। टोकन और पंजीकरण का प्रतिदिन का कोटा दो-दो हजार है।

बीएसएफ को राजौरी में एलओसी पर मिली बड़ी सफलता, घुसपैठियों की कोशिश नाकाम

# पाक आतंकवादी गाइड को किया गिरफ्तार, 20 हजार रुपए बरामद

एजेंसी ▶▶ राजौरी

जम्मू-कश्मीर के पूंछ और राजौरी जिलों की सीमा पर नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान गिरफ्तार एक पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद आरिफ जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के चार आतंकवादियों के एक समूह का नेतृत्व करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जब रविवार दोपहर को सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार शख्स की पहचान मोहम्मद आरिफ अहमद के तौर पर हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 20,000 पाकिस्तानी रुपए के साथ कुछ सामान भी बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पकड़ा गया पाकिस्तानी नागरिक एक आतंकवादी गाइड है। पूछताछ में आरिफ अहमद ने बताया कि वह क्षेत्र की भौगोलिक इलाके से परिचित है और आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने के लिए पाकिस्तानी सेना के निर्देश पर काम कर रहा था। बीएसएफ ने शख्स को राजौरी में एलओसी के पास मंजकोट सेक्टर से अरेस्ट किया गया है।



### मोहम्मद आरिफ अहमद के रूप में हुई पहचान

*बीएसएफ के अनुसार 22 साल के शख्स की पहचान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के दातोटे गांव के निवासी मोहम्मद यूसुफ के बेटे मोहम्मद अरीब अहमद के रूप में हुई है और उसे सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के तहत गंभीर इलाके में स्थित हजूरा चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक के पास से एक मोबाइल फोन, दो लाइटर और कुछ रसीदें भी बरामद की हैं। बताया जा रहा है कि आरिफ जैश ए मोहम्मद के चार आतंकवादियों के एक ग्रुप को भारतीय सीमा में लेकर जा रहा था। वहीं सीमा पर तैनात भारतीय जवानों ने रविवार (30 जून ) को उसे पकड़ लिया।*

### आतंकी हुए फरार

अधिकारियों के मुताबिक उसके पास ही मौजूद आतंकवादी चट्टान से नीचे कूद गए और घायल होने के बाद वापस पाकिस्तान सीमा की तरफ लौट गए। पास में पाकिस्तान की चौकियां होने की वजह से सेना के जवान आतंकवादियों पर गोली नहीं चला सके। वहीं इलाके की ड्रोन फुटेज लेने पर इलाके में खून के निशान दिखाई दिए है, इससे पता चलता है कि आतंकवादियों के गिरने की वजह से वह घायल हुए थे। सेना के जवान सीमा पर कड़ी नजर रखे हुए हैं ताकि किसी भी घुसपैठ को रोका जा सकते।

### मणिपुर में चार लोगों की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 72 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे के आसपास हुआ जब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। मोंगजांग चुराचांदपुर शहर से लगभग पांच किमी दूर है। यूनाइटेड कूकी नेशनल लिबरेशन आर्मी (यूकेएनएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। मृतकों की पहचान थेनखोथांग हाओकिप उर्फ थापी (48), सेखोगिन (34), लेंगोउहाओ (35) और फाल्हिंग (72) के रूप में हुई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109